RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 118
नई दिल्ली, शुक्रवार, 3 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



लियोन की फिरकी में फंसे भारतीय बल्लेबाज
स्पोर्ट्स-12

# त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा गठबंधन की जीत, मेघालय में एनपीपी का देगी साथ

**दीपक के उप्रेती।** नई दिल्ली

- पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव परिणाम आए, त्रिपुरा में लगातार दूसरी जीत भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण, पांच साल पहले राज्य में पार्टी की स्थिति नगण्य थी
- रियो पांचवी बार बनेंगे नगालैंड के मुख्यमंत्री, मेघालय में अकेले लड़ना भाजपा को नहीं आया रास

**भाजपा** को उसकी 'लुक ईस्ट पॉलिसी' का फिर फायदा मिला, भगवा पार्टी और उसके गठबंधन के सहयोगियों ने त्रिपुरा और नगालैंड में जहां अपनी सत्ता बरकरार रखी, वहीं वह मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन देने के लिए तैयार है। पूर्वोत्तर के तीनों में राज्यों में सत्तारुढ़ गठबंधन में भाजपा की हिस्सेदारी है।

इस बार वह त्रिपुरा में इंडीजेनियस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) तथा नगालैंड में नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के साथ सत्ता में वापसी की है। नगालैंड में सबसे लंबे समय से मुख्यमंत्री पद पर आसीन नेफ्यू रियो रिकॉर्ड पांचवीं बार राज्य के सीएम बनने जा रहे हैं। मेघालय में मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के नेतृत्व वाली एनपीपी अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और उम्मीद है कि उसे भाजपा तथा अन्य पार्टियों का समर्थन मिलेगा। हालांकि मेघालय में अकेले चुनाव लड़ने के भाजपा के फैसले का ज्यादा लाभ नहीं मिला। पार्टी ने पूर्व सहयोगी संगमा के एनपीपी से पर्दे के पीछे बातचीत का रास्ता खोल दिया है। 60 सदस्यीय विधानसभा में 26 सीटों के साथ एनपीपी आधा रास्ता नहीं तय कर सकी है। भाजपा ने सभी



त्रिपुरा में पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री माणिक साहा को मिठाई खिलाते समर्थक

सीटों पर किस्मत आजमाई लेकिन उसे कुछ ही सीटें मिल सकी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ट्वीट किया कि संगमा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बात की है और नई सरकार के गठन के लिए उनका समर्थन मांगा है। सरमा पूर्वोत्तर राज्यों में पार्टी के लिए समन्वयक की भूमिका निभा रहे हैं। यह साफ करते हुए कि भाजपा संगमा के साथ जाएगी सरमा ने कहा किआदरणीय श्री जेपी नड्डा जी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मेघालय में भाजपा की प्रदेश इकाई को मेघालय में नई सरकार के गठन में नेशनल पीपुल्स पार्टी को समर्थन करने की सलाह दी है। त्रिपुरा में भगवा पार्टी की लगातार दूसरी जीत इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि पांच साल पहले लेफ्ट शासित राज्य में उसकी उपस्थिति बेहद गौड़ थी।

पार्टी ने न केवल सत्ता विरोधी लहर बल्कि लेफ्ट-कांग्रेस गठबंधन को भी मात दी। माणिक साहा दूसरी बार त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस के बुजुर्ग नेता आशीष कुमार साहा को 1,257 वोटों से हराया, हालांकि पार्टी में ही उनके धुर विरोधियों ने उनके लिए 'मुश्किल समय' की भविष्यवाणी की थी। त्रिपुरा में नवागत टिपरा मोता ने शानदार तरीके से आगाज किया और 12 से ज्यादा सीटें जीती। इस पार्टी का नेतृत्व शाही परिवार के प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मन कर रहे हैं। देबबर्मन ने कहा कि उनकी पार्टी की मौजूदगी बढ़ रही है और वह यह सुनिश्चित करेंगे कि आदिवासियों से जुड़े मुद्दों को भाजपा दरकिनार न करने पाए। परिणाम की घोषणा के बाद उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में हम आदिवासियों के मुद्दों का संवैधानिक हल निकालने की मांग को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे।

एक समय पूर्वोत्तर में काफी मजबूत उपस्थिति रखने वाली कांग्रेस का तीनों राज्यों में प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। सबसे बड़ा झटका उसे मेघालय में लगा जहां बहुकोणीय मुकाबले में उसे एक सीट मिली, जबकि 2018 में यह अकेले सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। नगालैंड में एनडीपीपी और भाजपा ने इस बार पिछली बार से अपनी तालिका बेहतर की है। राज्य का दर्जा मिलने के 60 साल बाद उसे पहली महिला विधायक मिली है। भाजपा की सहयोगी एनडीपीपी की हेकानी जाखालू दीमापुर तृतीय सीट जीती है। 48 वर्षीय वकील और कार्यकर्ता उन चार महिलाओं में शामिल हैं जिन्होंने नगालैंड विधानसभा ( शेष पेज 8 )

## भाजपा की जीत को मोदी ने विकास व स्थिरता के लिए वोट बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर बृहस्पतिवार को पूर्वोत्तर के इस राज्य की जनता के प्रति आभार जताया और कहा कि उनका वोट विकास और स्थिरता के लिए है। उन्होंने नगालैंड में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)-भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलने के लिए भी राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि डबल इंजन की सरकार राज्य की प्रगति के लिए काम करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने मेघालय में भाजपा का समर्थन करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए पार्टी कड़ी मेहनत करती रहेगी। निर्वाचन आयोग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक भाजपा और उसकी सहयोगी आईपीएफटी ( शेष पेज 8 )

# चुनाव आयुक्तों को चुनेगा पीएम नेता विपक्ष व सीजेआई का पैनल

- पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा- यह नियम तब तक कायम रहेगा जब तक संसद इस मुद्दे पर कानून न बना दे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सलाह पर होगी। हालांकि अंतिम निर्णय राष्ट्रपति ही लेंगे। यदि लोकसभा में विपक्ष का नेता नहीं है, तो सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी का नेता इस समिति में शामिल होगा।

न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने गुरुवार को अपने सर्वसम्मत फैसले में कहा कि यह नियम तब तक कायम रहेगा जब तक इस मुद्दे पर संसद द्वारा कानून नहीं बना दिया जाता। सर्वोच्च अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना

सुप्रीम कोर्ट का फैसला



फैसला सुनाया है। यह निर्णय निर्वाचन आयोग को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। पांच जजों की पीठ ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता को बनाए रखा जाना चाहिए, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। लोकतंत्र आंतरिक रूप से लोगों की इच्छा से जुड़ा हुआ है।

न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार भी शामिल हैं। पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले में कहा कि चुनावी प्रक्रिया का लगातार हो रहा दुरुपयोग लोकतंत्र की कब्र खोदने का पुख्ता तरीका है। अनुच्छेद 324(2) के अनुसार, निर्वाचन आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त होते हैं। उनकी नियुक्तियां संसद द्वारा इस संबंध में बनाए गए किसी भी कानून के प्रावधानों के अधीन राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। संविधान पीठ के लिए न्यायमूर्ति जोसेफ ने फैसले के मुख्य भाग को पढ़ते हुए कहा कि हम घोषणा करते हैं कि जहां तक सीईसी और ईसी के पद पर नियुक्ति का संबंध है, यह नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी।

न्यायमूर्ति जोसेफ द्वारा लिखे गए निर्णय से न्यायमूर्ति रस्तोगी ने सहमति जताई, लेकिन उन्होंने अपने तर्क के साथ एक अलग फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोकतंत्र में निस्संदेह निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए और इसकी शुचिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की है। संविधान पीठ ने कहा कि समिति द्वारा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की सिफारिश का नियम तब तक कायम रहेगा जब तक संसद इस मुद्दे पर कोई कानून नहीं बना लेती। साथ ही इस नियम के अनुसार यदि लोकसभा में कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं है, तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संबंधी समिति में शामिल किया जाएगा। पीठ ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता हासिल करने के तरीके सही ( शेष पेज 8 )

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने को सर्वसम्मति बनेः प्रधानमंत्री



नई दिल्ली में इटली की समकक्ष जियोर्जिया मेलोनी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अपने वीडियो संदेश में मोदी ने बुद्ध व महात्मा गांधी का जिक्र कर जी-20 के विदेश मंत्रियों को दिया संदेश

**यूक्रेन** संघर्ष को लेकर पूर्व-पश्चिम के संबंधों में मतभेदों के साए में हो रही जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न देश आम सहमति बनाएं और भू-राजनीतिक तनाव से समग्र सहयोग को प्रभावित नहीं होने दें।

जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने बुद्ध तथा महात्मा गांधी का उल्लेख किया और प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रेरणा लें, जो विभाजित करने वालों की बजाय एकजुट करने वाले मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है। दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक और विकासशील देशों के विदेश मंत्रियों ने यूक्रेन संघर्ष पर अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिम और रूस-चीन गठबंधन के बीच बढ़ती दरार की पृष्ठभूमि में हुई प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया। इस बीच, जी-20 बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि इस मुद्दे पर संयुक्त बयान जारी करने के लिए आम सहमति नहीं बन पाई है। यूक्रेन संघर्ष को लेकर सभी चिंतित दिखे, लेकिन अपने-अपने से संबंधित मुद्दों पर जी20 देशों के बीच मतभेदों का हम समाधान नहीं कर सके। जयशंकर ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन ( शेष पेज 8 )

# हाथरस कांड के चारों आरोपी रेप केस से बरी

**भाषा।** हाथरस

- कोर्ट ने एक को गैर इरादतन हत्या का दोषी माना, उम्रकैद

**उत्तर** प्रदेश के हाथरस जिले की अनुसूचित जाति/जनजाति अदालत ने तीन साल पुराने हाथरस बलात्कार-हत्या मामले के मुख्य आरोपी को दोषी करार देते हुए बृहस्पतिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई जबकि तीन अन्य को बरी कर दिया। हालांकि सभी चारों आरोपी रेप केस से बरी कर दिए गए।

इस मामले के चार आरोपियों में संदीप (20), रवि (35), लव कुश (23) और रामू (26) शामिल थे। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) एवं एससी एसटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत संदीप को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा उसके खिलाफ 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। संदीप के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंडीर ने कहा कि संदीप के खिलाफ बलात्कार का आरोप साबित नहीं हो सका। मामले में सीबीआई ने हत्या, सामूहिक बलात्कार और अनुसूचित जाताजनजाति अधिनियम की धाराओं के तहत चारों आरोपियों के खिलाफ यहां अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अदालत में आरोप पत्र दायर किया था।

पीड़िता के परिवार का प्रतिनिधित्व कर रहीं वकील सीमा कुशवाहा ने कहा कि वे इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगी। पुंडीर ने कहा, मेरा मुवक्किल निर्दोष है। हम सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। संदीप के वकील ने कहा कि अदालत में अभियोजन पक्ष पर्याप्त साक्ष्य या गवाहों के साथ बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और हत्या के आरोप साबित नहीं कर सका। हाथरस की 19 वर्षीय युवती के साथ उसके गांव के चार लोगों ने 14 सितंबर, 2020 को कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया था। घटना के एक पखवाड़े बाद दिल्ली के एक अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

बाद में आधी रात को उसके गांव में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। मृत युवती के परिवार के सदस्यों ने दावा किया था कि दाह संस्कार उनकी सहमति के बिना किया गया था और उन्हें अंतिम बार शव घर लाने की अनुमति नहीं दी गई थी। हाथरस कांड काफी समय तक सुर्खियों में था। दिल्ली-उप्र सीमा पर पुलिस के साथ गतिरोध के बाद, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी नेता प्रियंका वाद्रा ने तीन साल पहले हुई दुखद घटना के महीनों बाद दलित महिला के परिवार से मुलाकात की थी। कोरोना ( शेष पेज 8 )

# समिति करेगी शेयरों में गिरावट की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति बनाने के दिए निर्देश, दो माह में आएगी जांच रिपोर्ट

**सुप्रीम** कोर्ट ने शेयर बाजार के विभिन्न नियामकीय पहलुओं के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट की जांच के लिए बृहस्पतिवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एएम सप्रे की अगुवाई में समिति के गठन का आदेश दिया। समिति को अपनी रिपोर्ट दो माह के अंदर सीलबंद लिफाफे में देनी होगी।

हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद से अडाणी समूह की कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 140 अरब डॉलर से अधिक घट चुका है। अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी और शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में हाल में आई भारी गिरावट के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय ने यह बड़ा कदम उठाया है। इसके साथ ही न्यायालय ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में अपनी जारी जांच को दो माह में पूरा करे और स्थिति रिपोर्ट सौंपे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,909 | ↓ | 501 | |
| निफ्टी | 17,321 | ↓ | 129 | |
| सोना | 55,700 | ↓ | 295 | /10g |
| चांदी | 64,380 | ↓ | 640 | /kg |

## क्विक न्यूज

### शराब कारोबारी धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब व्यवसाई एवं ब्रिडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमनदीप ढल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि ढल को पूछताछ के बाद बुधवार रात धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत मे ले लिया गया था। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ढल को बृहस्पतिवार को पांच दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया था और उसकी हिरासत का आग्रह किया गया था जिसके बाद विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने आरोपी को एजेंसी की हिरासत में भेज दिया।

# जयशंकर ने चीनी समकक्ष से की भेंट, सीमा के हालात पर चर्चा

- मौजूदा चुनौतियों से निपटने पर जोर, सीमाई इलाकों में अमन-चैन बनाने पर विशेष ध्यान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन के विदेश मंत्री किन गांग के साथ उनकी पहली मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा चुनौतियों से निपटने पर, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन-चैन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

जी-20 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर यह चर्चा हुई। पूर्वी लद्दाख में 34 महीने से अधिक समय से जारी सीमा विवाद के बीच बैठक हुई। किन दिसंबर में चीन के विदेश मंत्री बने थे जिसके बाद उनकी जयशंकर के साथ यह पहली मुलाकात थी। किन भारत की



मेजबानी में हो रही जी-20 की बैठक में शामिल होने बृहस्पतिवार सुबह दिल्ली पहुंचे। जयशंकर ने ट्वीट किया, आज दोपहर में जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर चीन के विदेश मंत्री किन गांग से मुलाकात की। हमारी बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति के लिए मौजूदा चुनौतियों पर ध्यान देने पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि हमने जी-20 के एजेंडा के बारे में भी बातचीत की। भारत कहता रहा है कि चीन के साथ उसके संबंध तब तक सामान्य नहीं हो सकते, जब ( शेष पेज 8 )

# रूसी विदेश मंत्री से मिले ब्लिंकन

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच बृहस्पतिवार को दिल्ली में संक्षिप्त मुलाकात हुई। यूक्रेन संघर्ष के बीच पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों के बीच यह पहली उच्च स्तरीय मुलाकात थी। समझा जाता है कि दोनों नेताओं के बीच लगभग 10 मिनट तक बातचीत हुई और ब्लिंकन ने लावरोव को बताया कि अमेरिका यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा। रूस की एक अधिकारी ने कहा कि ब्लिंकन और लावरोव के बीच जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर संक्षिप्त बातचीत हुई। रूस की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने जी-20 बैठक के दूसरे सत्र के दौरान विदेश मंत्री लावरोव से संपर्क करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं की मुलाकात हुई लेकिन कोई बैठक या वार्ता नहीं हुई।

# ट्विटर पर अब नहीं लिख सकेंगे हिंसक बातें

- सोशल मीडिया मंच ने जारी की नई नीति, हिंसक भाषा का इस्तेमाल करने पर डिलीट हो जाएगा अकाउंट

**सैनफ्रांसिस्को।** एजेंसी

माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर ने अपने प्लेटफॉर्म पर हिंसक बातें ट्वीट करने वालों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। सोशल मीडिया मंच ने बुधवार को नई हिंसक भाषण नीति जारी की है।

इस नीति के अनुसार ट्विटर पर यदि किसी ने हिंसा फैलाने वाली बातें लिखीं तो उसका ट्वीट तो फौरन हटा ही दिया जाएगा, संबंधित व्यक्ति का ट्विटर अकाउंट भी डिलीट किया जा सकता है। हालांकि यह नीति लगभग



वैसी ही है, जैसी एलोन मस्क द्वारा ट्विटर की कमान संभालने से पहले लागू थी। ट्विटर की नई नीति के अनुसार हिंसा भड़काने के लिए कूट भाषा का भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा, इस पर रोक लगा दी गई है।

इसके अलावा नागरिकों के घर या शरण स्थल गिराने, दैनिक उपयोग, नागरिक सुविधाओं या कारोबारी गतिविधियों के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने वाला भाषा भी प्रतिबंध के दायरे में आ गई है। सैन फ्रांसिस्को स्थित ट्विटर की यह नई नीति यूरोपीय संघ के डिजिटल सर्विस एक्ट का पालन करने के लिए लागू की गई है। इसके तहत आतंकवाद, बाल यौन शोषण, अभद्र भाषा और वाणिज्यिक घोटालों की रोकथाम करना है।

ट्विटर की नई नीति कहती है कि जब किसी ट्वीट यानी संदेश में हिंसक भाषा का प्रयोग किया जाएगा तो ऐसे में स्वस्थ बातचीत नहीं हो सकती। इसलिए हिंसा की धमकियों भरे ट्वीट, दूसरों का नुकसान करने के इरादे से लिखे लेख, हिंसा का महिमामंडन करने या हिंसा भड़काने वाली सामग्री को लेकर इस नीति में जीरो टोलरेंस की बात कही गई है। ट्विटर के अनुसार नई पॉलिसी में अब हिंसक बर्ताव रोकने पर पूरा जोर दिया जाएगा। माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म द्वारा जारी नई पॉलिसी में स्पष्ट किया गया है कि खाताधारक इस प्लेटफॉर्म पर हिंसक सामग्री को ट्वीट न करें। ऐसा करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## क्या होगी कार्रवाई?

**ट्विटर** की नई पॉलिसी का उल्लघन करने वाले अकाउंट को हमेशा के लिए डिलीट किया जाएगा। हालांकि नई पॉलिसी में यह भी कहा गया है कि 'कम गंभीर उल्लंघन' करने वाले यूजर्स द्वारा अपने खाते को फिर से एक्सेस करने से पहले आपत्तिजनक सामग्री को हटाना होगा। बता दें कि अभी तक ऐसे बयान जो किसी को शारीरिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते थे, ऐसे ट्वीट जो नुकसान पहुंचाने की इच्छा व्यक्त करते हैं या अस्पष्ट या अप्रत्यक्ष धमकी देते थे की समीक्षा करने के बाद उन अकाउंट पर एक्शन लिया जाता था। कुछ और बदलाव भी किए गए हैं। जैसे, पहले आपत्तिजनक सामग्री के बारे में लिखकर आता था-अब्यूसिव बिहेवियर यानी 'अभद्र व्यवहार' और अब नए बदलाव के तहत लिखा दिखेगा- वॉयलेंट स्पीच पॉलिसी।

# 'प्रधानमंत्री का सपना, हर शहर हो डिजिटल'

## युवाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध करा रही सरकारः केन्द्रीय राज्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी कॉलेज में आयोजित वन डे यूनिवर्सिटी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और उद्यमिता केन्द्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार का विजन रखते हुए कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि देश का हर जिला चाहे वह छोटा या बड़ा डिजीटल होना चाहिए और युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे स्थानों पर न जाना पड़े।

राज्यमंत्री ने कहा कि कोविड के दौरान इन संभावनाओं को और बढ़ावा तब मिला, जब वर्क फ्राम होम का चलन शुरू हुआ। अब कोई भी कहीं से भी बैठकर अपना काम आसानी से कर सकता है। वन डे यूनिवर्सिटी अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि इसका मकसद युवाओं से संवाद करना है जिससे युवाओं को देश की प्रगति और उनके लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी जा सके। युवाओं से उनकी समस्याएं जानी जा सकें और उनका हल निकाल कर रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने देश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर पूर्व की सरकारों सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले साठ साल में हालात कितने खराब थे, यह सबको पता है।

अब भाजपा सरकार उन्हें सुधारने का प्रयास कर रही है, जो एकदम से ठीक नहीं हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि 45 करोड़ बेरोजगारों में से 32 करोड़ लोग ऐसे थे जिन्हें कोई तकनीकी ज्ञान नहीं था। अब सरकार पहले युवाओं के तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। इससे काफी बड़े पैमाने पर युवा रोजगार पा रहे हैं और निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

भारत आज सबसे अधिक संभावनाओं वाला देश है, वह दिन दूर नहीं जब देश की इकोनॉमी दुनिया में टॉप-3 में होगी। यह बात हम नहीं बल्कि दुनिया के अन्य देश कह रहे हैं। इसलिए यह सरकार अधिक से अधिक इनवेस्ट पर जोर दे रही है जिससे बेरोजगारी दर कम हो सके। बढ़ती महंगाई पर राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि ग्लोबल इकॉनोमी के चलते इस तरह के हालात बने हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, कोविड काल का भी इस पर असर पड़ रहा है, लेकिन सरकार भी इसको लेकर गंभीर है। कर्नाटक में होने वाले आगामी चुनावों को लेकर राज्यमंत्री ने सीधे तौर पर वहां के वोटर्स को कॉमन सेंस का इस्तेमाल करने के लिए कहते हुए कहा कि कांग्रेस को वोट देकर कोई फायदा नहीं होने वाला है।

उन्होंने दावा किया आगामी चुनावों में कर्नाटक में भी भाजपा मजबूती से सरकार बनाएगी, इसे कोई नहीं रोक सकता। राहुल गांधी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जो भी बयान देते हैं वह उन पर प्रतिक्रिया नहीं करते और ना ही उनकी भाषा उन्हें समझ आती है। राज्यमंत्री ने कहा कि उनकी बातें सुनकर सिवाए सिर दर्द के और कुछ नहीं होता, इसलिए मैं इससे दूर ही रहता हूं। प्रेसवार्ता में राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व महापौर आशा शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, विकास अग्रवाल, राहुल गोयल, गुलशन भाम्बरी आदि लोग मौजूद रहे।

# एयरपोर्टः दूसरे चरण में जमीन अधिग्रहण होने से 13,320 परिवार विस्थापित होंगे

- यूपी सरकार और तीनों प्राधिकरण मिलकर किसानों को देंगे 4 हजार करोड़ रुपये का मुआवजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम काफी तेजी के साथ चल रहा है। नोएडा एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया काफी तेजी के साथ चल रही है। दूसरे चरण में 13320 परिवारों को विस्थापित किया जाएगा। बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने कुरैब और दयानतपुर गांव के किसानों के साथ बैठक की है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होगा।

इसमें केवल 1181 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है। बाकी जमीन सरकारी है। किसानों से लगातार बातचीत की जा रही है। काफी किसानों ने अपनी जमीन देने के लिए हामी भर दी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण में किसानों को 4000 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। यह पैसा उत्तर प्रदेश सरकार और तीनों प्राधिकरण मिलकर देंगे। आपको बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में तीनों प्राधिकरण की भी हिस्सेदारी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए यमुना विकास प्राधिकरण अपने हिस्से का 400 करोड़ रुपए जिला प्रशासन को दे दिया है। जिनका मुआवजा बांटा जाएगा। जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण में रनहेरा गांव में 462, कुरैब गांव में 306, करौली बांगर गांव में 157, दयानतपुर गांव में 148, बीरमपुर गांव में 57 और मुढहर गांव में 48 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है। दूसरे चरण में अभी तक 1670 किसान जमीन देने के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं।

# ड्राई क्लीन की दुकान में लगी आग, दो लोग झुलसे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 53 स्थिति गिझौड़ गांव में स्थित एक ड्राई क्लीन की दुकान में बृहस्पतिवार सुबह शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। घटना में दुकानदार और उसके नौकर झुलस गए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के गिझौड़ गांव में रूद्र प्रसाद दास की ड्राई क्लीन की दुकान है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह रूद्र प्रसाद की दुकान में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग बुझाते समय रूद्र प्रसाद और उनके यहां काम करने वाले रामस्वरूप मामूली रूप से झुलस गए। अधिकारी ने बताया कि दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# बिल्डरों ने नोएडा प्राधिकरण के खाते में जमा किए 350 करोड़

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नवंबर में नोएडा प्राधिकरण ने 56 बिल्डरों को बकाया देने के लिए नोटिस जारी किया था। इन बिल्डरों पर करीब 9 हजार करोड़ रुपए बकाया है, लेकिन दो महीने में कुल 350 करोड़ रुपए का बकाया बिल्डरों ने जमा किया हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने पैसा नहीं देने वाले बिल्डरों के खिलाफ सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। बिल्डरों की तरफ से दाखिल की गई याचिका मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी। न्यायालय के आदेश के बाद बुधवार को नोएडा प्राधिकरण में इस मामले में अधिकारियों की बैठक हुई। अब कार्रवाई शुरू करने से पहले हर परियोजना का प्राधिकरण रिव्यू करेगा।

# रैपिड रेलः 70 फीसदी परिचालन सौर ऊर्जा से होगा

## सभी एलिवेटेड स्टेशन और डिपो पर सौर पैनल लगाए जाएंगे, पहले हिस्सा मार्च के अंत तक होगा शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



भारत की पहली क्षेत्रीय त्वरित परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) के 17 किलोमीटर लंबे दुहाई-साहिबाबाद हिस्से पर मार्च के अंतिम सप्ताह तक परिचालन शुरू होने की संभावना है।

आरआरटीएस को पर्यावरण के सबसे अनुकूल और यात्रियों के लिए सबसे सुविधाजनक परिवहन प्रणाली बताया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अधिकारियों ने बताया कि कार्बन फुटप्रिंट को घटाने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की कुल ऊर्जा जरूरत के 70 फीसदी हिस्से को सौर ऊर्जा से पूरा करने की योजना बनाई है। अधिकारियों के मुताबिक, पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस के सभी एलिवेटेड स्टेशन और डिपो पर सौर पैनल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत और वायु प्रदूषण में कमी से आरआरटीएस कॉरिडोर पर परिचालन के दौरान कार्बन क्रेडिट अर्जित होगा। अधिकारियों के अनुसार, रेल आधारित परिवहन प्रणाली होने के नाते और स्टील-टू-स्टील रोलिंग कॉन्टैक्ट के कारण कॉरिडोर पर चलने वाली गाड़ियों में सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों के मुकाबले जीवाश्म ईंधन की खपत महज 20 फीसदी होगी। आरआरटीएस उच्च गति और उच्च आवृत्ति वाली एक रेल-आधारित क्षेत्रीय परिवहन प्रणाली है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महानगरों को बड़े शहरों और कस्बों से जोड़ेगी।

### कार्बन उत्सर्जन में सालाना 2.5 लाख टन की कमी

इसके पहले कॉरिडोर की शुरुआत से वाहनों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में सालाना 2.5 लाख टन की कमी आने का अनुमान है। आरआरटीएस के तीन प्राथमिकता वाले कॉरिडोर (दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ, दिल्ली-पानीपत और दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी-अलवर) हैं, जिन्हें अलग-अलग चरणों में शुरू किया जाएगा। करीब 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर रोजाना औसतन आठ लाख लोग सफर करेंगे और आरआरटीएस के एक बार शुरू होने के बाद सड़कों पर से एक लाख से अधिक निजी वाहनों का बोझ हटने का अनुमान है।


कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड जल संस्थान,
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 3150/निविदा/2022-23 दिनांकः 01.03.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक महोदया की ओर से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत उत्तराखण्ड पेयजल निगम एवं उत्तराखण्ड जल संस्थान व अन्य सरकारी विभागों में नलकूप बोरिंग/डीप हैण्ड पम्प बोरिंग/हैण्ड पम्प कार्य हेतु ''डी'' श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें दिनांक 17.03.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर में टेण्डर बॉक्स के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 17.03.2023 को अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर दिनांक 03.03.2023 से दिनांक 16.03.2023 की सांय 5:00 बजे तक कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान ऊधमसिंह नगर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाये जाने पर रु0 100.00 डाक व्यय अतिरिक्त देना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **पंचायत घर, सरोवर नगर** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 2 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **प्राईमरी स्कूल, खेमपुर** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 3 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स, कुल्हा** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 4 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **पंचायत घर, खेमपुर** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 5 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **पंचायत घर, खानपुर पश्चिम** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 6 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स, अलखदेवी** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 7 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **पंचायत घर, अलखदेवी** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 8 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **पंचायत घर, कुल्हा** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 9 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स, सरोवर नगर** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 10 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स, महतोश** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 11 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **पंचायत घर, महतोश** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 12 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **पंचायतघर मोतियापुरा** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 13 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **पंचायत घर, नन्दपुर** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |
| 14 | विकास खण्ड गदरपुर के अन्तर्गत **सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स, नारायणपुर** में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु नलकूप बोरिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 500+90.00 =590.00 | 5500.00 | 60 दिन | जल जीवन मिशन |

शर्तें–
1. वांछित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को ही निविदा प्रपत्र विक्रय किये जायेंगे।
2. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य है।
3. निविदा बिक्री/खुलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश घोषित होने पर अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
4. शेष शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी।

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

''जल संचय-जीवन संचय''



भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा-390 007
कार्पोरेट कार्यालय आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई-400051
आंचलिक कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली-110 003

[नियम-8(1)]
कब्जा सूचना

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 21 मई, 2022 जारी की थी, जिसमें मैसर्स निपमैन फास्टनर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ("कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता") से उक्त सूचना में वर्णितानुसार 29 अप्रैल, 2022 तक बकाया सम्पूर्ण राशि रू. 22,22,66,648.83 (रू. बाईस करोड़ बाईस लाख छियासठ हजार छह सौ अड़तालीस तथा पैसे तिरासी मात्र) वसूली की तिथि तक उस पर आगे ब्याज, चूक/दण्ड ब्याज तथा अन्य प्रभारों सहित, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता उक्त बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि कोर्ट रिसीवर श्री रोहन गर्ग, अधिवक्ता ने माननीय चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट, साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, दिल्ली द्वारा एमआईएससी सीआरएल नंबर 144/2023 में पारित आदेशों दिनांकित 31 जनवरी, 2023 के अनुसरण में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित सरफासी ऐक्ट की धारा 14 के तहत निहित शक्तियों के निबन्धनों में यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है और उक्त सम्पत्ति 27 फरवरी, 2023 को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हस्तांतरित कर दी है।

कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक की 15 फरवरी, 2023 तक बकाया राशि रू. 23,46,10,285.55 वसूली की तिथि तक उस पर आगे ब्याज, चूक/दण्ड ब्याज तथा अन्य प्रभारों समेत चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।

कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्ति को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन

कॉमर्शियल ऑफिस स्पेस नंबर डीजे1004, 10वां तल, जिसका प्लिंथ एरिया 63.761 वर्ग मीटर तथा सुपर एरिया 98.128 वर्ग मीटर (1056 वर्ग फीट) है, बेसमेंट में पार्किंग स्पेस नंबर बीपी1044 सहित, जो प्लॉट नंबर 11, नॉन-हायरआर्चीकल कॉमर्शियल सेंटर, जासोला, नई दिल्ली में स्थित डीएलएफ टावर्स, जासोला (टावर बी) नामक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का हिस्सा है।
चौहद्दी :
उत्तर : 1003 पूरब : खुला
दक्षिण : 1005 पश्चिम : कॉरीडोर

तिथि : 03 मार्च, 2023
स्थान : नई दिल्ली

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा-390 007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई-400051
आंचलिक कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली-110 003

[नियम-8(1)]
कब्जा सूचना

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 21 मई, 2022 जारी की थी, जिसमें मैसर्स निपमैन फास्टनर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ("कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता") से उक्त सूचना में वर्णितानुसार 29 अप्रैल, 2022 तक बकाया सम्पूर्ण राशि रू. 22,22,66,648.83 (रू. बाईस करोड़ बाईस लाख छियासठ हजार छह सौ अड़तालीस तथा पैसे तिरासी मात्र) वसूली की तिथि तक उस पर आगे ब्याज, चूक/दण्ड ब्याज तथा अन्य प्रभारों सहित, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता उक्त बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि कोर्ट रिसीवर श्री आलोक पांडे, अधिवक्ता ने माननीय चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट, साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, दिल्ली द्वारा एमआईएससी सीआरएल नंबर 144/2023 में पारित आदेशों दिनांकित 31 जनवरी, 2023 के अनुसरण में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित सरफासी ऐक्ट की धारा 14 के तहत निहित शक्तियों के निबन्धनों में यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है और उक्त सम्पत्ति 27 फरवरी, 2023 को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हस्तांतरित कर दी है।

कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक की 15 फरवरी, 2023 तक बकाया राशि रू. 23,46,10,285.55 वसूली की तिथि तक उस पर आगे ब्याज, चूक/दण्ड ब्याज तथा अन्य प्रभारों समेत चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।

कर्जदार और प्रतिभूति प्रदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्ति को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन

कॉमर्शियल ऑफिस स्पेस नंबर डीजे1005, 10वां तल, जिसका प्लिंथ एरिया 63.761 वर्ग मीटर तथा सुपर एरिया 98.128 वर्ग मीटर (1056 वर्ग फीट) है, बेसमेंट में पार्किंग स्पेस नंबर बीपी1045 सहित, जो प्लॉट नंबर 11, नॉन-हायरआर्चीकल कॉमर्शियल सेंटर, जासोला, नई दिल्ली में स्थित डीएलएफ टावर्स, जासोला (टावर बी) नामक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का हिस्सा है।
चौहद्दी :
उत्तर : 1004 पूरब : खुला
दक्षिण : 1006 पश्चिम : कॉरीडोर

तिथि : 03 मार्च, 2023
स्थान : नई दिल्ली

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# संक्षिप्त समाचार



एसीईओ मेधा रूपम ने जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बैठक कर ग्रेटर नोएडा में रखे डस्टबिन से नियमित कूड़ा उठाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जलापूर्ति नेटवर्क का भी जायजा लिया।

### सफाई व जलापूर्ति पर एसीईओ ने की बैठक

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने जनस्वास्थ्य विभाग के टीम के साथ बैठक की। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने यह बैठक की। इस दौरान एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा में रखे डस्टबिन से नियमित कूड़ा उठाने के निर्देश दिए। जहां पर डस्टबिन नहीं हैं वहां डस्टबिन रखे जाएंगे। बैठक से पूर्व एसीईओ मेधा रूपम ने जलापूर्ति नेटवर्क का मौके पर जाकर जायजा भी लिया। गौरतलब है शहर की सफाई व्यवस्था को मेधा रूपम के द्वारा लगातार शहर का दौरा किया जा रहा है। इस दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है। दो दिन पहले जी एसीईओ ने लापरवाही बरतने पर जुर्माने की कार्रवाई की थी। सात सफाई कर्मियों को नियमित रूप से सफाई करें और ड्रेस में आकर सफाई करने के भी निर्देश दिए गए थे।

### 25 हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** दिल्ली व यूपी पुलिस के लिए सिरदर्द एवं आमजनों के लिये दहशत का प्राय बन चुके लुटेरों के अंतर्राज्जीय गैंग के लीडर व 25 हजार के इनामी बदमाश सलीम निवासी कुम्हेड़ा मुरादनगर को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया गया। इस संदर्भ में एडीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया कि उनकी टीम के प्रभारी निरीक्षक अब्दुल रहमान सिद्दीकी अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ अंतर्राज्जीय स्तर पर लूटपाट करने वाले सलीम गैंग के पीछे लगे हैं। यादव ने बताया कि सलीम जहां विजयनगर थाने से गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध चल रहा था, वहीं उसके ऊपर गौतमबुद्धनगर में आधा दर्जन से अधिक, गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों में भी अनेक मुकदमे दर्ज हैं। यादव ने बताया कि सलीम व उसके गैंग के अन्य लुटेरों के लिए लूट करना बायें हाथ का खेल है।

### पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग पर प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** आजाद समाज पार्टी ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि राजस्थान में भरतपुर के घाटमिका के दो युवकों की हत्या कर दी गई थी। आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार और वहां की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होनें पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मां की है। इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन भी दिया गया है। इससे पहले पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। इस अवसर पर निजाम चौधरी भी मौजूद रहे।

### डायबिटीज को लेकर किया जागरूक

**नोएडा।** होली पर आंगन ओल्ड एज होम के बुजुर्गों के साथ 'बीट द डायबिटीज' शिविर का आयोजन किया। बीटो के सीईओ और संस्थापक, गौतम चोपड़ा ने कहा, कि बीटो एक ऐसा माध्यम है जो कि सेवा और देखभाल की भावना से ओत-प्रोत है। हमारे उत्पादों को देश की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बेहतर बनाने और डायबिटीज़ केयर (मधुमेह देखभाल) के हमारे कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों पहुँचाने और वहां के लोगों को शिक्षित करने जैसे लक्ष्यों के आधार पर डिजाइन किया गया है। बीटो के मुख्य नैदानिक अधिकारी डॉ. नवनीत अग्रवाल ने कहा कि डायबिटीज़ को नियंत्रित करने की आवश्यकता को समझाते हुए, उन्हें वृद्धावस्था से संबंधित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने की भी सलाह दी ।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# नए वित्त मंत्री गहलोत के समक्ष पहली चुनौती बजट

## कैलाश ने नए विभागों का संभाला प्रभार, अगले सप्ताह पेश कर सकते हैं बजट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार में नए वित्त मंत्री बनाए गए कैलाश गहलोत के समक्ष सबसे पहली चुनौती बजट पेश करने की है। अगले सप्ताह दिल्ली का बजट आने की संभावना है। इसमें उन योजनाओं को आगे बढ़ाना या उनमें कटौती करना नए वित्त मंत्री के लिए आसान नहीं होगा जिन्हें लेकर पूर्व वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया चर्चा में रहे हैं और विपक्ष उन पर सवाल उठाता रहा है। नए वित्त मंत्री कैलाश गहलोत के लिए राज्य के वित्तीय प्रबंधन में सुधार लाने और सार्वजनिक व्यय में पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देना भी मुश्किल काम होगा।

दिल्ली सरकार में रहकर पूर्व मंत्री ने हैप्पीनेस करिकुलम, एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट करिकुलम और अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन एंड केयर पॉलिसी जैसी पहलें शुरू की हैं।

इसके अलावा उन्होंने शिक्षा बजट आवंटन में भी लगातार वृद्धि की है, और वर्ष 2021-22 के बजट में, सरकार के कुल बजट का 24 प्रतिशत शिक्षा के लिए आवंटित किया है, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक है। दिल्ली सरकार वर्ष 2023-24 के बजट को अंतिम रूप दे रही है और योजना मार्च के दूसरे सप्ताह में पेश होने की उम्मीद है।

कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को कहा, सभी सचिवों और आयुक्तों को लंबित कार्यों में तेजी लाने और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में वह सिटीजन सेंट्रिक और प्रगतिशील बजट पेश करने के लिए जोरशोर से काम कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली वालों को भरोसा दिलाया कि आगामी बजट दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगा।

पिछले 8 वर्षों में केजरीवाल सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए अच्छे कार्यों को वह आगे बढ़ाएंगे। लोगों के अनुकूल बजट पेश करना उनकी प्राथमिकता है और वह इस दिशा में काम कर रहे हैं।



अधिकारियों के साथ चर्चा करते वित्त मंत्री बनाए गए कैलाश गहलोत।

### नए मंत्री बनाने के लिए राष्ट्रपति को भेजी सिफारिश

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कैबिनेट में मंत्रियों के तौर पर नियुक्ति के लिए आप की विधायक आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज के नामों की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सिफारिश की है। उन्होंने बताया कि आतिशी और भारद्वाज की नियुक्ति तभी प्रभावी होगी जब राष्ट्रपति मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन के इस्तीफे स्वीकार कर लेंगी। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्रियों के तौर पर आतिशी और भारद्वाज के नाम की सिफारिश की है। राजनिवास के एक अधिकारी ने कहा, एक मार्च को मुख्यमंत्री द्वारा आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज को मंत्रियों के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश मिलने पर उपराज्यपाल ने उसी दिन राष्ट्रपति को इसकी सिफारिश की। चूंकि दिल्ली में कभी भी केवल छह मंत्री हो सकते हैं।

### अफसरों संग बजट पर महत्वपूर्ण बैठक

मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को नए आवंटित विभागों का कार्यभार संभालने के बाद सचिवों और आयुक्तों के साथ बैठक की। पूरे दिन चली बैठकों की श्रृंखला में ऊर्जा सचिव, वित्त एवं योजना विभाग के प्रमुख सचिव और आबकारी विभाग के आयुक्त ने वर्तमान में चल रही विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं की स्थिति के बारे में मंत्री को अवगत कराया। गहलोत ने अधिकारियों के साथ बजट की तैयारियों पर भी चर्चा की और लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। गहलोत ने हाल ही में वित्त, योजना, लोक निर्माण विभाग, बिजली, गृह, शहरी विकास, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण, जल और अन्य सभी विभागों का प्रभार संभाला है जो विशेष रूप से किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। नए आवंटित विभागों का कार्यभार संभालने के बाद अधिकारियों के साथ यह उनकी पहली बैठक थी।

# जेलों में लगेंगे 4जी व 5जी नेटवर्क ठप करने वाले जैमर

- अब तिहाड़ की बैरकों में नहीं बजेगी मोबाइल की घंटी, नौ सदस्यीय समिति बनाने को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जेलों में बंद कैदियों के मोबाइल इस्तेमाल करने और चेकिंग के दौरान उनसे मोबाइल बरामद होने की खबरें आए दिन सामने आती रहती हैं। कुछ समय पहले तो एक ऐसा भी मामला सामने आया था, जब एक कैदी के पेट में से मोबाइल निकला था।

इस समस्या को दूर करने और बाहरी दुनिया से कैदियों का संपर्क काटने के लिए दिल्ली सरकार अब राजधानी की सभी जेलों के जैमर सिस्टम को विश्व स्तरीय बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए दुनिया में मौजूद सबसे बेहतरीन जैमर तकनीक और सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी की जेलों में अवैध और अनधिकृत टेलीफोन संचार से निपटने के तरीके सुझाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन को मंजूरी दे दी है। महानिदेशक संजय बेनीवाल की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति को एक महीने के भीतर अपनी सिफारिशें सौंपने का निर्देश दिया गया है।

उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि इस समिति में आईआईटी, मद्रास, आईआईएससी-बेंगलुरु, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों के अलावा खुफिया ब्यूरो और विशेष सुरक्षा समूह के अधिकारी भी शामिल हैं।

समिति जेल परिसर में इन कमिंग, आउटगोइंग कॉल, एसएमएस और डेटा सेवाओं को अवरुद्ध करने के लिए (मौजूदा बुनियादी ढांचे के अतिरिक्त) बाजार में उपलब्ध उपयुक्त जैमर की प्रभावशीलता का पता लगाएगी।

सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2008 से 2012 के बीच तिहाड़ और रोहिणी जेलों में 31 मोबाइल फोन जैमर लगाए गए थे, जो 2जी और 3जी सेवाओं को अवरुद्ध करने में कारगर थे। हालांकि, 4जी और 5जी सेवाओं की शुरुआत के बाद ये कारगर नहीं रहे। परिणामस्वरूप, नवंबर 2016 के बाद इन 31 जैमर के वार्षिक रखरखाव अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं किया गया।

# पति की खुदकुशी के बाद पत्नी ने भी दी जान

- डीजीसीए में परिचालन अधिकारी के पद पर कार्यरत थे अजयपाल, हाल ही में हुई थी दोनों की शादी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली में एक व्यक्ति के आत्महत्या करने के बाद उसकी पत्नी ने भी कथित रूप से खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक दंपति की पहचान अजयपाल सिंह ओरगे (32) और मोनिका (32) के रूप में हुई है। वे ट्रांजिट कैंप हुडको प्लेस में रहते थे। दोनों की शादी कुछ महीने पहले ही हुई थी।

अजयपाल नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में परिचालन अधिकारी के रूप में काम करता था। पुलिस को ट्रांजिट कैंप हुडको प्लेस के ब्लॉक-3ए के एक फ्लैट में संभावित आत्महत्या के बारे में देर रात दो बजकर 49 मिनट पर सूचना मिली। यह सूचना पालम के महावीर एन्क्लेव में रहने वाले अजयपाल के दोस्त आशीष तिवारी ने दी थी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने मोनिका को बेहोश पाया और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। चौधरी के अनुसार, मोनिका को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी के मुताबिक, उसके पड़ोसियों ने बताया कि पहले मोनिका के पति अजयपाल ने कथित रूप से खुदकुशी की थी जो जोर बाग मेट्रो स्टेशन के समीप नागर विमानन निदेशालय की एक इकाई में परिचालन अधिकारी था। मोनिका ने अपने पति को घर में कथित रूप से बेहाश देखा और उसे अस्पताल ले गई थी जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाद में वह घर लौटी एवं उसने भी जहर खा लिया और उसकी भी मौत हो गई। दोनों की 26 नवंबर, 2022 को शादी हुई थी।

पुलिस ने बताया कि मकान से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और किसी तरह की गड़बड़ी का संदेह भी नहीं है। पड़ोसियों ने पुलिस के बताया कि पति-पत्नी में अकसर बहस हुआ करती थी। अजयपाल के बड़े भाई योगेन्द्रपाल ने बताया कि उनकी अपने भाई से बुधवार को बात हुई थी। योगेन्द्रपाल ने बताया, छोटी-मोटी बातों को लेकर अकसर उनका झगड़ा हो जाता था। मेरा भाई इन झगड़ों के बारे में मुझे बताता था। मेरी बुधवार दोपहर करीब एक बजे उससे बात हुई थी, उस वक्त वह दफ्तर में था। उसने कहा था कि सबकुछ सही चल रहा है।



दंपती की शादी का फाइल फोटो

# जेएनयू परिसर में हिंसा-धरने पर 50 हजार जुर्माने का नियम वापस

- कुलपति ने कहा, मुख्य प्रॉक्टर ने दस्तावेज जारी करने से पहले सलाह नहीं ली

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने परिसर में शारीरिक हिंसा, गाली-गलौज और धरना देने पर छात्रों पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाने वाले नियमों को वापस ले लिया है।

विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने दावा किया कि उन्हें इस तरह का दस्तावेज तैयार होने और जारी किए जाने की जानकारी नहीं थी। नए नियम वाले 10 पन्नों के दस्तावेज पर छात्रों और शिक्षकों की कड़ी प्रतिक्रिया आने के बाद चीफ प्रॉक्टर रजनीश कुमार मिश्रा ने बृहस्पतिवार रात में अधिसूचना जारी कर कहा कि जेएनयू छात्रों के अनुशासन और नियम से संबंधित दस्तावेज को प्रशासनिक कारणों से वापस लिया जाता है। जेएनयू के छात्रों के अनुशासन और उचित आचरण के नियम शीर्षक वाले दस्तावेज में प्रदर्शन और जालसाजी जैसे विभिन्न कृत्यों के लिए दंड का प्रावधान है। इसमें प्रॉक्टर स्तर की जांच की प्रक्रिया और बयान दर्ज करने का भी प्रावधान है। इसमें 5,000 रुपए से लेकर 50,000 रुपए तक जुर्माने या विश्वविद्यालय से निष्कासित करने और प्रवेश निरस्त करने का भी प्रावधान है। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा, मुझे इस तरह के सर्कुलर की जानकारी नहीं थी। मैं किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की वजह से हुबली में हूं।

# मेयर ने सभी जोन की स्थिति का लिया जायजा

- सीएम केजरीवाल ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा मॉडल दिया, अब नगर प्रशासन का भी मॉडल विकसित करेंगे : शैली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय मिशन मोड में काम कर रही हैं। महापौर ने बुधवार को निगम के सभी क्षेत्रीय उपायुक्तों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और जोन की स्थिति का जायजा लिया है।

अब वह जल्द एमसीडी के विभिन्न क्षेत्रों की जमीनी स्थिति जानने के लिए दौरा भी करेंगी। मेयर डॉ शैली ओबेरॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का वैश्विक मॉडल दिया है। अब वह नगर निगम प्रशासन का भी मॉडल विकसित करेंगे। शैली ओबेरॉय ने सभी 12 नगर निगम जोन की स्थिती की समीक्षा को लेकर आज क्षेत्रीय उपआयुक्तों के साथ बैठक की। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि क्षेत्रीय उप आयुक्तों अपने क्षेत्रों में प्रशासनिक काम संभालते हैं। उसी के अनुसार नीतियों को लागू करते हैं।



### जेल में बंद आप नेताओं की पोल खोलेंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद विपक्ष आम आदमी पार्टी पर हमलावर हो गया है।

चौ अनिल कुमार का कहना है कि कांग्रेस कार्यकर्ता हर नुक्कड़ व चौराहे पर केजरीवाल के जेल में बंद भ्रष्ट मंत्रियों के पोस्टर लगाएगी तथा घर-घर जाकर उनके कारनामों से जनता को अवगत कराएगी कि कैसे उन्होंने दिल्ली को घोटाले की राजधानी बना दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वैश्विक दर्शन दिवस पर ज्ञानमीमांसा पर परिचर्चा



नई दिल्ली। भारतीयदर्शन अनुसंधान परिषद् के वित्तीय सहायता से दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा वैश्विक दर्शन दिवस पर अद्वैत दर्शनङ्कप्रस्थानों में ज्ञानमीमांसा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. ओमनाथ बिमली ने विषय रखा। कार्यशाला का उद्घाटन लाल बहादुर शास्त्री रष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक ने किया। कार्यशाला में प्रो. अमिताभ चक्रवर्ती, प्रो. मिथिलेश चतुर्वेदी, प्रो. रामनाथ झा, प्रो. रजनीश कुमार मिश्रा ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यशाला में प्रो. वेदप्रकाश डिंडोरिया, प्रो. टेक चन्द मीणा, प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी डॉ. सुभाष चन्द्रा, प्रो. मीरा द्विवेदी, प्रो. दयाशंकर तिवारी, प्रो. सत्यपाल सिंह आदि रहे। कार्यशाला के संयोजक प्रो. वेदप्रकाश ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया।

### गोरक्षा प्रकोष्ठ पर केंद्र, दिल्ली सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र और दिल्ली सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें अधिकारियों को राजधानी में गोहत्या रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश की मांग की गई है। याचिका में अदालत से अधिकारियों को राजधानी के हर जिले में एक अलग गोरक्षा प्रकोष्ठ बनाने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश सतीश शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किए।

### सुकेश की याचिका पर रुख स्पष्ट करे ईडी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय से कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की उस याचिका पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है, जिसमें 2017 निर्वाचन आयोग रिश्वत मामले में धनशोधन रोधी कानून के तहत उसके खिलाफ आरोप तय किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार ने याचिकाकर्ता के वकील और एजेंसी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मामले पर और गौर किए जाने की जरूरत है। न्यायमूर्ति कुमार ने दोनों पक्षों को लिखित प्रतिवेदन दाखिल करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा, आप दोनों लिखित प्रतिवेदन दाखिल करें।

# राजस्थान में कुख्यात राठी गैंग का सरगना गिरफ्तार

- हत्या, अपहरण और डकैती जैसे 13 जघन्य आपराधिक मामले दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अपराध शाखा ने कुख्याल गैंगस्टर अशोक राठी गिरोह के बदमाश कपिल उर्फ प्रदीप को राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार किया है। राठी के मारे जाने के बाद वह गिरोह की कमान संभाल रहा है।

कपिल, गैंगस्टर काला जठेड़ी-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का प्रतिद्वंद्वी। इसके खिलाफ गुरुग्राम के विभिन्न थानों में रंगदारी वसूलने, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, डकैती व आर्म्स एक्ट सहित गैंगवार के 13 जघन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। गुरुग्राम में अपहरण व हत्या के मामले में वह चार साल से वांछित था। वहां की कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है। विशेष आयुक्त रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक कपिल, बसई एन्क्लेव, गुरुग्राम का रहने वाला है।

उसे अपराध शाखा की टीम ने दौसा के मेहंदीपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है। फिर से गिरोह को खड़ा करने की था फिराक में सरगना अशोक राठी व गिरोह के अन्य सहयोगियों की हत्या का बदला लेने के लिए कपिल अपने गिरोह को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहा है।

### मोहम्मद जुबैर के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट मामले में पुलिस तलब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को शहर की पुलिस से पूछा कि ट्विटर के एक उपयोगकर्ता द्वारा ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ किए गए कथित आपत्तिजनक ट्वीट के लिए उसने क्या कार्रवाई की।

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने जुबैर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हालांकि, पुलिस को जुबैर के खिलाफ कुछ भी नहीं मिला है इसलिए इस मामले का तार्किक अंत होना चाहिए।

जुबैर पर उस ट्विटर उपयोगकर्ता के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसने ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिस पर उन्होंने जवाबी प्रतिक्रिया जताई थी।

# आबकारी नीति : ईडी ने कारोबारी को धनशोधन में किया गिरफ्तार

- अमनदीप ढल को पूछताछ के बाद पीएसएलए के तहत हिरासत में लिया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब व्यवसाई एवं ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमनदीप ढल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि ढल को पूछताछ के बाद बुधवार रात धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया था। राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ढल को बृहस्पतिवार को पांच दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया।

आरोपी को अदालत में पेश किया गया था और उसकी हिरासत का आग्रह किया गया था जिसके बाद विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने आरोपी को एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने अदालत को बताया कि बड़ी साजिश और पैसे के लेन-देन का पता लगाने के लिए ढल का अन्य आरोपियों से आमना-सामना कराया जाना है।

ईडी ने अदालत से कहा, अमनदीप ढल ने अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर साजिश रची थी और वह आबकारी नीति बनाने में सक्रिय रूप से शामिल था। ढल आम आदमी पार्टी (आप) को रिश्वत पहुंचाने का जरिया बना था।

### पत्नी को तीन तलाक देने पर मामला दर्ज

नई दिल्ली। पुलिस ने अपनी पत्नी को तीन तलाक कहने पर एक व्यक्ति के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि सात जुलाई, 2022 को आरोपी ने पत्नी के साथ कथित रूप से गाली-गलौज के बाद उसे तीन तलाक कह घर से निकाल दिया था। यह मामला तब सामने आया है जब यह महिला अपने पति के विरूद्ध घरेलू हिंसा की शिकायत लेकर भजनपुरा थाने में अधिकारियों के पास पहुंची।

पुलिस के अनुसार छह बच्चों की मां इस महिला ने पुलिस से कहा कि उसके पति ने उसे छोड़ दिया और एक ट्रांसजेंडर से शादी कर ली लेकिन समुदाय के सामाजिक दबाव में आकर यह शादी आपसी सहमति से समाप्त करा दी गई।

# पुष्प प्रदर्शनी: फूलों की खुशबू से महका दिल्ली विश्वविद्यालय

## मौसमी और विदेशी फूल, बोनसाई पेड़, पत्तेदार पौधे, कैक्टस, और फर्न, बोनसाई पेड़, पत्तेदार पौधे, कैक्टस बने आकर्षण का केंद्र

- एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय व वीसी योगेश सिंह ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





दिल्ली विश्वविद्यालय का नार्थ कैंपस गौतम बुद्ध सेंटेनरी गार्डन खुशबू से भरा हुआ है। ऐसा लग रहा है कि किसी ने तरह-तरह के इत्र पूरे बगीचे में छिड़क दिए हों. गार्डेन में जिस ओर भी खड़े हो जाएं, कोई न कोई सुगंध आपको मंत्रमुग्ध कर देती। दरअसल दिल्ली विश्वविद्यालय में 65वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय के गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन नाम पुष्पोत्सव 2023 दिल्ली विश्वविद्यालय के खिलखिलाते सौ वर्ष रखा गया था। इस शो में रंग-बिरंगे फूलों के साथ आकर्षित सजावट और सेल्फी पॉइंट्स लोगों का मन मोह रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने 65वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन गौतम बुद्ध सेंटेनरी गार्डन, नार्थ कैंपस में किया। इस मौके पर प्रो. योगेश सिंह के हिमाचल के चायल के एक गांव मगो का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 1998 में उस गांव में एक शख्स द्वारा फूलों की खेती शुरू की गई और आज वहां से करीब 40 करोड़ रुपए का फूलों का कारोबार होता है। विश्व में फूलों की मांग नब्बे हजार करोड़ रुपए की है जिसमें भारत का हिस्सा कुल एक प्रतिशत का है। इस अवसर पर सतीश उपाध्याय ने कहा कि विश्वविद्यालय देश के प्रमुख विश्वविद्यालय में से एक है जिसकी प्रतिष्ठित विरासत और उच्चतम शैक्षणिक मानकों, विविध शैक्षिक कार्यक्रमों, शानदार पूर्व छात्रों और आधुनिक बुनियादी ढांचे के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा है।

### शताब्दी वर्ष मना रहा है डीयू

डीयू ने अपने सौ वर्ष पूरे करने पर शताब्दी वर्ष मना रहा है और देशवासी देश की आजादी के 75 साल को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं जो की देश के लिए एक गौरव का विषय है। भारत ने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है। जी-20 का आयोजन भारत के लिए भारतीय संस्कृति को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने और जी-20 देशों के साथ हमारे राजनयिक संबंधों को मजबूत करने का एक अनूठा अवसर है इसलिए उन्होंने दिल्ली वालों से अपील करते हैं कि वे ज्यादा से ज्यादा आगे आएं और जी-20 से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखा कर राष्ट्र पर्व का हिस्सा बने।

# कविता संग्रह निलंबित मौन के स्वर पर चर्चा

पुस्तक मेला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पुस्तक मेले में एक तरफ किताबों के शौकीन अपनी मनपसंद किताबें खरीदने में व्यस्त हैं तो दूसरी ओर कई मंचों पर पुस्तकों की महत्ता और कविता, कहानी समेत अन्य विधाओं की रचनाओं के गुण-दोष पर कवि एवं लेखक खुलकर चर्चा कर रहे हैं।

साहित्य के महाकुंभ विश्व पुस्तक मेले में इसी प्रकार आयोजित 'संवाद' कार्यक्रम में चर्चित कथाकार, पत्रकार व व्यंग्यकार मनीष शुक्ल के पहले कविता संग्रह 'निलंबित मौन के स्वर' का विमोचन हुआ। इस समारोह में आयोजित लेखक से संवाद कार्यक्रम में पुस्तक पर चर्चा हुई। वरिष्ठ साहित्यकारों एवं राजनेताओं ने कविता को लेकर अपने संस्मरण और अनुभव साझा किये। मुख्य अतिथि भाजपा संसदीय दल के सचिव व भाजपा प्रकाशन विभाग के राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. शिव शक्ति बख्शी ने कहा कि कविता अंतर्मन में छिपे भाव हैं, जो शब्दों के रूप में प्रकट होते हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहीं साध्वी प्रज्ञा भारती ने कहा कि माँ सरस्वती की साधना से ही समाज में जागरूकता का प्रकाश फैलता है। कवि मनीष शुक्ल ने कहा कि कल्पना और जीवन की सच्चाई को यथार्थ के साथ शब्दों में पिरोना कठिन कार्य था। लेखक, निर्देशक व नाटककार चंद्रभूषण सिंह, सामाजिक संस्था आगमन की राष्ट्रीय उपध्याक्ष रेखा बोरा, वरिष्ठ साहित्य साधक डॉ. राखी बख्शी, वरिष्ठ कवि विभूति मिश्र ने कविता संग्रह को सच्चे अर्थों में जन मानस की मुखर आवाज बताया। इस मौके पर शिल्पायन प्रकाशन के उमेश शर्मा, दिव्यांशु कुमार एवं प्रतिभा वाजपेई आदि भी मौजूद थे।

# विदेशी मेहमानों को भाया हरियाणा का आतिथ्य सत्कार व संस्कृति

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में पहुंचे विदेशी प्रतिनिधियों के सम्मान में रात्रि भोज पर संवाद कार्यक्रम



जी-20 के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में पहुंचे विदेशी मेहमानों को हरियाणा का आतिथ्य सत्कार प्रभावित कर गया। हरियाणवी खान-पान के साथ यहां की कला और संस्कृति के भी वे कायम हो गए। अपने अंदाज में उन्होंने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समक्ष एक-एक चीज की सराहना की। रात्रिभोज पर संवाद कार्यक्रम यादगार बन गया। इस दौरान केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रात्रिभोज पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में पहुंचे विदेशी मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को जी-20 समूह की अध्यक्षता का सुअवसर मिला है। यह हरियाणा के लिए भी गौरव की बात है कि गुरुग्राम में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों को भारत की अतिथि देवो भव: की परंपरा और समृद्ध कला संस्कृति से रू-ब-रू कराने के लिए मेजबान प्रदेश की ओर से यह आयोजन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यहां पर होने वाले मंथन के साथ-साथ आपको प्रदेश की प्रमुख महत्व वाले स्थानों, कला-संस्कृति, खान-पान आदि विविध पहलुओं से रूबरू कराया जा रहा है। रात्रिभोज पर संवाद में मेहमानों के लिए अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के तहत मोटे अनाज से तैयार व्यंजन व प्रदेश के विभिन्न शहरों की खास मिठाइयां परोसी गई।

**पारंपरिक वाद्य यंत्रों व तिलक लगाकर किया अभिनंदन :** विदेशी मेहमानों का रात्रिभोज पर पहुंचने पर हरियाणा की परंपरा के अनुरूप तिलक लगाकर व पारंपरिक लोक गीत गाकर अभिनंदन करते हुए स्वागत किया गया। विदेशी मेहमानों को गोल्फ कार्ट से ए-डॉट सेंटर तक पूर्ण सत्कार के साथ लाया गया। अतिथि देवो भव: की परंपरा के तहत दा लीला होटल से ए डॉट सेंटर तक विशेष सजावट की गई थी। साथ ही सांस्कृतिक दलों ने मार्ग में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देते हुए प्रतिनिधियों को मेजबान प्रदेश की कला-संस्कृति से रूबरू कराया गया।

**विदेशियों ने सम्मान, सत्कार को अतुलनीय बताया :** हरियाणा सरकार की मेजबानी से बैठक में पहुंचे विदेशी प्रतिनिधि बेहद प्रभावित नजर आए। कनाडा, इटली, ऑस्ट्रिया, मॉरीशस, स्विटजरलैंड व इंडोनेशिया आदि देशों के प्रतिनिधियों ने हरियाणा की मेजबानी और गुरुग्राम शहर को लेकर खुलकर प्रशंसा की। बैठक में शामिल कई प्रतिनिधि पहली बार भारत आए थे और उन्हें यहां मिले सम्मान व सत्कार को अतुलनीय बताया। उन्होंने मेजबान शहर गुरुग्राम के लोगों को सद्व्यवहारी, दयालु और सदैव मदद के लिए तत्पर बताया। उन्होंने रात्रि भोज पर संवाद कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के व्यंजनों, कला-संस्कृति पर आधारित पेंटिंग की प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उत्सव का बना माहौल :** सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा के दल ने रात्रिभोज के दौरान प्रदेश में विभिन्न त्योहार, फसल पकने व अन्य अवसरों से जुड़े पारंपरिक लोक नृत्यों लूर, घूमर, धमाल, फाग, गूंगा धमोड़ा आदि की सामूहिक प्रस्तुति देते हुए आयोजन स्थल पर हरियाणवी लोक शैली को प्रभावी रूप से प्रदर्शन किया।

# मंत्री डा. कमल गुप्ता से मिल नवीन गोयल ने कई मुद्दों पर की चर्चा

## मंत्री के समक्ष उठाई गली, मोहल्ले व दुकानदारों की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में स्थानीय निकाय मंत्री से मुलाकात करते नवीन गोयल।

यहां पीडब्ल्यूडी स्वर्ण जयंती विश्राम गृह में हरियाणा के स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मुलाकात करके कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने गली, मोहल्ले की समस्याओं के साथ दुकानदारों की मांग भी मंत्री के समक्ष रखी। मंत्री डा. कमल गुप्ता ने जल्द ही समाधान की बात कही।

नवीन गोयल ने मंत्री के समक्ष कहा कि जनहित में प्रदेश सरकार के अनेक प्रोजेक्ट पर लगातार काम जारी है। आमजन को काफी सुविधाएं मिल रही हैं। शहर में बिजली, पानी, सड़कों, सीवरेज को दुरुस्त किया जा रहा है। सेक्टर्स में सामुदायिक केंद्र, चौपाल आदि का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री डा. कमल गुप्ता को नवीन गोयल ने अनुरोध किया कि नई बस्ती में वाल्मीकि चौपाल के निर्माण के लिए 2 करोड़ 48 लाख रुपये का एस्टीमेट बना हुआ है। इसके अभी तक टेंडर जारी नहीं हो पाए हैं। अगर जल्द टेंडर जारी हो जाते हैं तो वाल्मीकि चौपाल का निर्माण भी जल्द पूरा होगा और लोगों को राहत मिलेगी। यहां लोगों को अपने बच्चों की शादियां व परिवार के अन्य कार्यक्रमों के लिए परेशान होना पड़ता है। नवीन गोयल ने गुरुग्राम में सीवरेज की समस्या भी मंत्री के समक्ष उठाई। उन्होंने कहा कि शीतला कालोनी, विष्णु गार्डन समेत पूरे गुरुग्राम में सुपर सोकर मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि सीवरेज की सफाई का काम निरंतर जारी रह सके, क्योंकि अक्सर किसी न किसी गली, मोहल्ले से लोग सीवरेज ब्लॉक होने की समस्या लेकर आते हैं। दुकानदारों की मांग का भी नवीन गोयल ने समर्थन करते हुए मंत्री से राहत देने की बात कही।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में तह बाजारी की जो दुकानें हैं, उनमें से काफी दुकानों की मलकियत लोगों के नाम नहीं हुई हैं। इसलिए इस कार्य को जल्द से जल्द कराकर दुकानदारों को राहत दी जाए। ऐसा उनका निवेदन है। इस अवसर पर गुरुग्राम इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के प्रधान जगननाथ मंगला, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के उपाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता बॉबी, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, पूर्वांचल समाज के प्रधान सतेंद्र सिंह, कर्मचारी नेता गौरव टांक भी मौजूद रहे।

# निवेश के नाम पर ठगी करने के फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## मौके से तीन महिलाओं समेत 14 आरोपियों को किया गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में फर्जी कॉल सेंटर पर निवेश करने के नाम पर ठगी के आरोपी।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

यहां उद्योग विहार फेज-5 में फर्जी एवं अवैध रूप से चलाए जा रहे एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ पुलिस ने किया है। मौके से पुलिस ने तीन महिलाओं सहित 14 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की।

इस कॉल सेंटर से निवेश के नाम पर लोगों से ठगी की जाती थी। पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम की टीम ने एसीपी साईबर प्रियांशु दीवान की देखरेख में व प्रबंधक थाना निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही की। पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम, गुरुग्राम की पुलिस टीम को शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 51 हजार रुपये ठग लेने की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसे शेयर बाजार में इन्वेस्ट करने उपरांत प्रतिदिन 2000 रुपये का लाभ का प्रलोभन दिया गया। उनके कहने अनुसार शेयर मार्केट में रुपए निवेश कर दिए। उसकी शिकायत पर पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई की तो खुलासा हुआ कि वहां पर फर्जीवाड़े से लोगों को निवेश के नाम पर ठगा जा रहा है। मौके से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हरपाल सिंह सलूजा, दीपक कुमार तिवारी, संजय रतूड़ी, उपदेश कुमार, रोहित चागिल, मोहित अहलावत, प्रवीण ठाकुर, निखिल जोशी, अमरदीप अटवाल, सुनील दत्त ध्यानी, अरविंद कुमार, मनीषा, योगिता तथा प्रीति के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से 4 लैपटॉप व 6 मोबाईल फोन बरामद किए गए है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम विवि में पूंजी बाजार पर हुई कार्यशाला



**गुरुग्राम।** छात्रों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में कॉमर्स विभाग ने एनआईएसएम, सेबी और आईएसएफएम के सहयोग से पूंजी बाजार पर दो दिवसीय कोना कोना शिक्षा प्लेसमेंट बूस्टर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कॉमर्स के विद्यार्थियों ने शेयर बाजार, पूंजी बाजार, प्राथमिक और द्वितीयक बाजार के साथ डीमैट खाता खोलने के तरीके सीखे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में शिरकत की। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ सुशील अलेवा (सीएफपी, एमबीए, सेबी के अनुसंधान विश्लेषक) और अमित कुमार पांडे (सीए, सीएस, एमबीए) ने विद्यार्थियों को पहले बाजार और निवेश के संबंध में जानकारी दी। इसके काम करने के तरीके बताए। साथ ही निवेशकों के संदर्भ में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय कंपनी चयन के तरीके बताए। साथ ही धोखाधड़ी और ठगी से होने वाले नुकसान से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेन-देन में अति सावधानी बहुत जरूरी है। हमें अपने खातों से संबंधित जानकारियों सदा गोपनीय रखनी चाहिए। दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया। इस अवसर पर प्रो. सुभाष कुंडू, कॉमर्स विभाग की चेयरमैन डॉ. सीमा महलावत समेत विवि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### विशेष कैंपों में करवाएं प्रॉपर्टी टैक्स डाटा में सुधार

**गुरुग्राम।** प्रॉपर्टी मालिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लगाए जा रहे प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार कैंपों की कड़ी में इस शनिवार व रविवार को भी कैंप लगेंगे। नगर निगम के जोनल टैक्सेशन ऑफिसर गुलशन सलूजा ने बताया कि शनिवार, 4 मार्च को सेक्टर-55 स्थित मकान नंबर-241 में तथा सेक्टर-31 स्थित सामुदायिक केन्द्र में कैंपों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा रविवार 5 मार्च को सेक्टर-57 स्थित हारमोनी होम्स के आरडब्लयूए कार्यालय में कैंप लगेगा। इन कैंपों में प्रॉपर्टी टैक्स डाटा में सुधार के साथ-साथ मौके पर ही प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की भी सुविधा रहेगी।

### पुलिस ने मजदूर की करंट से हुई मौत में जीजा-साले पर मुकदमा दर्ज

**सोहना।** सोहना शहर थाना पुलिस ने 28 वर्षीय मजदूर की बिजली का करंट लगने से हुई मौत मामले में मकान मालिक और उसके साले के खिलाफ मामला दर्ज किया। मृतक के भाई नामजद दोनों आरोपियों पर लापरवाही बरतने और अपना काम कराने की लालच में छत पर चढ़ाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को जखोपुर निवासी 28 वर्षीय मजदूर राजीव के भाई कृष्ण ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बंटी गिरधारी और उसका साला कमल को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। शिकायतकर्ता कृष्ण ने पुलिस को बताया कि हाई टेंशन लाइन में करंट न होने का आश्वासन मकान मालिक बंटी गिरदारी के साले कमल ने उसके भाई राजीव को दिया था। बिजली की लाइन में करंट न होने का झूठ मकान मालिक बंटी गिरधारी ने भी बोला था। कृष्ण ने कहा कि यदि बंटी गिरधारी और कमल ने अपना काम कराने के लालच में राजीव से झूठ बोला। झूठ के सहारे ही उसके भाई को मौत के मुंह में धकेल दिया। 28 वर्षीय जखोपुर निवासी राजीव स्ट्रींग का काम करता है।

# एसजीटी यूनिवर्सिटी में चलाया ओरल कैंसर जागरूकता अभियान



**गुरुग्राम।** एसजीटी यूनिवर्सिटी में गुरुवार को ओरल मेडिसन और रेडियोलॉजी विभाग के द्वारा ओरल कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य कैंसर के प्रति लोगों को चेतावनी देना था। अभियान में एसजीटी यूनिवर्सिटी के 72 गैर शिक्षण कर्मचारियों की जांच की गई।

डॉ. आस्था चौधरी ने कहा कि तंबाकू या गुटका खाने की वजह से मुंह और गले में सफेद और लाल रंग के धब्बे हो जाते हैं, जो बड़े होकर कैंसर में बदल जाते हैं। जिसे मुंह के कैंसर की पहली स्टेज माना जाता है जिसका लेजर ट्रीट्मन्ट से इलाज संभव है। जिसके चलते अभियान में 5 मरीजों का लेज़र ट्रीट्मन्ट भी किया गया। इस अभियान में सभी लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया कि नशा, कैंसर का सबसे बड़ा कारक है। नशे से आज के दिन युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा ग्रसित हैं। मौखिक और ग्रसनी कैंसर (मुंह और ऊपरी गले का कैंसर) सामूहिक रूप से साल के हर दिन हर घंटे लगभग एक व्यक्ति को मारता है। जिन लोगों में हाल ही में इन कैंसरों का निदान किया गया है, उनमें से केवल लगभग 60 प्रतिशत ही 5 वर्ष से अधिक जीवित रहेंगे। इसके अलावा, बहुत से जो बच जाते हैं वे दीर्घकालीन समस्याओं जैसे गंभीर चेहरे की विकृति या खाने और बोलने में कठिनाई का सामना करते हैं। मौखिक और ग्रसनी के कैंसर से जुड़ी मृत्यु दर विशेष रूप से उच्च बनी हुई है, क्योंकि कैंसर नियमित रूप से इसके विकास में देर से खोजा जाता है। डॉ. (प्रोफेसर), पुनीता वोहरा, डॉ. (एसोसिएट प्रोफेसर) विशेष यादव और डॉ. (सहायक प्रोफेसर) श्रीविद्या भी इस अभियान में मौजूद रहे।

# लूट व मारपीट में संलिप्त पार्षद पुत्र समेत सभी आरोपी फरार

**सोहना।** सोहना शहर थाना पुलिस चार दिन बीत जाने के बाद युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में संलिप्त पार्षद पुत्र समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपियों ने युवक को रात के समय में रहेजा के एकांत स्थान पर बुलाकर नशा करने के लिए नकदी मांगी थी। मालूम रहे कि 26 फरवरी की सायं 7 बजे नगर परिषद के वार्ड-11 निवासी वारिफ को वार्ड के ही निवासी इस्ताक का फोन आया था।

इस्ताक ने उसे रहेजा सोसायटी में जरुरी काम से बुलाया था। जहां पर इस्ताक समेत चार अन्य युवक वहा पर पहले से ही मौजूद थे। वारिफने पुलिस को बताया था कि डिम्पी सहित इस्ताक, इति, साहिल, इखलाश और प्रवीन थे। जिनमें वार्ड पार्षद का बेटा भी शामिल था। जिन्होने उससे पहले नशा करने के लिए पैसे मांगे। उसके द्वारा पैसा देने से मना करने पर आरोपियों ने उसे पीटा। पिटने के दौरान उसके पास रखें 35 हजार 400 रुपये की नकदी व मोबाइल फोन को लूट लिया था।

# कूड़ा उठाने वाली एजेंसी को जल्द मिलेगा लापरवाही का नोटिस

**सोहना।** नगर परिषद प्रशासन जल्द ही डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी को कार्य में लापरवाही बरतने का नोटिस देगा। एजेंसी के नौ वाहन समेत दो जेसीबी कूडा केन्द्र पर खड़े मिली। गीला व सूखा कूड़ा के छंटनी में लापरवाही पाई गई। नगर परिषद 21 में से 10 पार्षदों ने बुधवार को वार्ड-13 में बना कूड़ा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। पार्षदों के औचक निरीक्षण में परिषद सीमा क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी की भारी खामियां मिलीं। एजेंसी के नौ वाहन केडा केन्द्र पर बंद हालत में मिले। जिनमें से 3 वाहन पिछले करीब एक साल से डोर टू डोर कूड़ा उठाने में उपयोग ही नहीं हो रहे है। इसके अलावा पार्षदों को कूड़े के ढेरों को उठाने वाली दो जेसीबी भी कूड़ा केन्द्र पर बंद हालत में मिली। इस अवसर पर पार्षदों के साथ नगर परिषद से जेई और एसडीओ भी मौजूद थे।



बुधवार को कूड़ा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते नगर परिषद सोहना के पार्षदगण।

> **निरीक्षण** के दौरान चेयरपर्सन प्रतिनिधि व पार्षदों को योजना में शामिल नौ छोटे हाथी वाहन खड़े मिले थे। दो जेसीबी भी खड़ी थीं। कूडे के ढेरों को उठाने में उपयोग होने वाले दो ट्रैक्टर-ट्राली भी खड़े थे। जिस समय पार्षद की टीम कूड़ा केन्द्र पर निरीक्षण के लिए गई थी। वह समय दोपहर लंच का समय था। इसलिए वाहन चालकों ने अपने-अपने वाहनों को कूड़ा केन्द्र पर खड़ा किया हुआ था। कूड़ा परिषद सीमा क्षेत्र में समय पर उठाया जा रहा है।
>
> **ओमप्रकाश ( जेई-नप सोहना )**
>
> **नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा उठाने में एजेंसी की पूरी तरफ से लापरवाही बरत रही है। जल्द ही एजेंसी को लापरवाही बरतने का कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा।
>
> **अंजू देवी ( चेयपर्सन नप सोहना )**

# तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा का रहा तानाशाही रवैया : सचिन पायलट

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## राजस्थान के उपमुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में केन्द्र की सत्ता में लौटेगी

**राजस्थान** के उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा पर तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में तानाशाही का रवैया अपनाते हुए कांग्रेस पार्टी के नेताओं को जबरन दलबदल कराने आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी अपनी स्थिति को पहले से बेहतर कर लेगी। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट गुरुवार को सोहना में हरियाणा कांग्रेस पार्टी कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज के निवास शोक प्रकट करने पहुंचे थे।

इस असवर पर गुरुग्राम से भाजपा विधायक सुधीर सिंगला, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतबीर पहलवान सहित अन्य लोग मौजूद थे। जाते समय सचिन पायलट ने बताया कि मेघालय, त्रिपुरा और नागालैंड में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा पार्टी ने जीत हासिल करने के लिए दबंगता का सहारा लिया। कांग्रेस पार्टी के नेताओं से दलबदल कराया गया। जिससे कांग्रेस पार्टी कमजोर हुई, लेकिन भाजपा का यह तानाशाही का रवैया अधिक दिन तक चलने वाला नहीं है।

आने वाले अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी अपनी कमजोरी से उभरेगी। पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा। जिस-जिस राज्य में पार्टी के अस्तित्व कमजोर है। उसे पूरी ताकत के साथ मजबूत किया जाएगा। जिसके बल पर कांग्रेस पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में केन्द्र की सत्ता में लौटेगी। जिसका जनाधार देश की जनता एकतरफा होकर देगी।

# विद्या सहयोग : जिला शिक्षा कार्यालय, गुरूग्राम और लोटस पेटल चैरिटेबल फाउंडेशन 44 सरकारी स्कूलों के 1697 बच्चों को देंगे डिजिटल शिक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम



**लोटस** पेटल फाउंडेशन की सहायता से ज़िला शिक्षा कार्यालय, गुरूग्राम और पीएनबी हाउसिंग एंड फायनांस ने अपने ई-शिक्षा कार्यक्रम विद्या सहयोग के एक भाग के रूप में 44 सरकारी स्कूलों में ई-इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्सटॉलेशन्स यानी 'स्मार्ट क्लासरूम्स' का उद्घाटन किया है। जिसमें से 7 सोहना में और 37 गुरूग्राम में स्थित हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराके ई-लर्निंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं से वंचित 1697 बच्चों के लिए शिक्षा की कमी को पूरा करेंगे और छात्रों के बीच बुनियादी शिक्षा को बढ़ाने का काम करेंगे। ग्राम बाजघेरा, गुरूग्राम की सरकारी स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन श्रीमती शशि अहलावत, ज़िला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ), गुरूग्राम, मनोज कुमार लाकरा, जिला शिक्षा समन्वयक के साथ सुश्री सलोनी भारद्वाज, सह-संस्थापक और सीटीओ, लोटस पेटल चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप में गुरूग्राम के 43 सरकारी स्कूलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 44 सरकारी स्कूलों के साथ बातचीत करते हुए श्रीमती शशि अहलावत, जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) ने जानकारी साझा करते हुए कहा, शिक्षा के आधुनिक साधनों का उपयोग करना आज इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सरकारी स्कूलों के हमारे बच्चों को असीमित अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें शिक्षा की बेहतर गुणवत्ता देने के लिए लोटस पेटल फाउंडेशन के साथ सहयोग करते हुए हमें खुशी हो रही है। शिक्षा में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सहक्रिया के साथ मुझे विश्वास है कि हम साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी रूप से शिक्षा के क्षेत्र में कमियों को पूरा कर सकते हैं। इस मौके पर बात करते हुए सलोनी भारद्वाज, सह-संस्थापक और सीटीओ, लोटस पेटल चैरिटेबल फाउंडेशन ने जानकारी साझा करते हुए कहा, विशेष तौर पर महामारी ने देश में बड़ी संख्या में लोगों के लिए लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों को सामने लाने का काम किया है। और यहीं विद्या सहयोग कार्यक्रम एक कार्यक्षम और प्रभावी साधन के रूप में साबित हुआ है। इस कार्यक्रम के ज़रिए 44 स्कूलों में 1697 छात्रों के लाभार्थी आधार संख्या को कवर किया जाता है। इसके साथ ही, अतिरिक्त रूप से गुरूग्राम जिले में इंटरैक्टिव डिजिटल क्लासेज़ उपलब्ध कराने के लिए लोटस पेटल फाउंडेशन (एलपीएफ) में हमने विद्या सहयोग कार्यक्रम के लिए गुरूग्राम शिक्षा विभाग के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए हैं। सरकारी स्कूलों में ई-इन्फ्रास्ट्रक्चरल सपोर्ट के लिए लोटस पेटल चैरिटेबल फाउंडेशन पीएनबी हाउसिंग एंड फायनांस के लिए कार्यान्वयन भागीदार है। विद्या सहयोग कार्यक्रम दूरस्थ शिक्षा केंद्रों, सरकारी स्कूलों, एनजीओ स्कूलों और फीडर स्कूलों के लिए ई-शिक्षा, वास्तविक वर्गों और इन्फ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट जैसे अनेक क्षेत्रों में सहायता प्रदान करता है।

# त्रिपुरा, नागालैंड में फिर से बन रही है भाजपा की सरकार

## मेघालय में भाजपा गठबंधन से बनाएगी सरकार



जनसंपर्क अभियान के दौरान यशपाल बतरा का स्वागत करते लोग।

**गुरुग्राम।** भारत के तीन उत्तर-पूर्वी राज्यों में चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आने पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा ने वहां के मतदाताओं का आभार जताया है। बतरा ने कहा कि त्रिपुरा, नागालैंड में भारतीय जनता पार्टी फिर से सरकार बना रही है। वहीं मेघालय में गठबंधन से सरकार बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि इन राज्यों में भाजपा की वापसी से यह तय है कि देश में नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों को लोग पसंद कर रहे हैं। 2024 में देश व प्रदेश में भी जनता भाजपा को तीसरी बार सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। इंद्रा कालोनी में जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसके लिए व्यक्ति से बढ़कर पार्टी और पार्टी से बढ़कर देश है। यही हमारी संस्कृति है और हम इसी संस्कृति के साथ काम करते हैं। बतरा ने कहा कि गरीब, वंचितों, किसानों और व्यापारियों के लिए जितना काम भाजपा के शासनकाल में हुआ है, उतना किसी सरकार के दौरान नहीं हुआ। यशपाल बतरा ने कहा इंद्रा कालोनी के लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि नगर निगम चुनाव में भाजपा का प्रत्याशी कोई भी हो उसे जीताकर गुरुग्राम के विकास की गति अपना योगदान दें। इस मौके पर चौधरी हरज्ञान सिंह, बाबू लाल, बाबू रतन लाल, अशोक, भोले शंकर, भरत सिंह, सत्यवीर सिंह, जय नारायण फौजी, पदम कुमार, अशोक कुमार, एडवोकेट मनोज कुमार, ईश्वर सिंह, कश्मीरी देवी व सतीश कुमार आदि यशपाल बतरा का जोरदार स्वागत किया। बतरा ने बताया कि लगभग ढाई महीनों से शहर में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान गुरुग्राम की जनता भाजपा की नीतियों संतुष्ट हैं।

# अमृत सरोवरों से ग्राम पंचायतों को भूजल स्तर और आर्थिक आय का होगा लाभ

एन. रोहिल्ला। सोहना

**ग्राम** पंचायतों में बनाएं जा रहे अमृत सरोवरों में मछली व बत्तख पालन करके आर्थिक आय में बढ़ोत्तरी की जाएगी। अमृत सरोवर में साल भर पानी जमा रहने से गांवों का गिरता भूजल स्तर बढ़ेगा। ग्रामीणों को एक बार फिर सरोवरों में पूजा अर्चना और अपने मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिलेगा।

केन्द्र व राज्य सरकार की पहल पर ग्रामीण क्षेत्र में सूखे हुए तालाबों को एक बार फिर से जीवित करने की कवायद शुरू कर दी है। गांवों के तालाब जल्द ही पानी से लबालब भरे हुए नजर आएंगे। तालाबों साल भर पानी भरा होने से ग्रामीण क्षेत्र का गिरता भूजल स्तर को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार के आदेश पर अमृत सरोवर योजना के तहत सोहना खंड के वर्तमान दो गांव दौला व हरियाहेड़ा के सूखे तालाबों को पानी से लबालब भरने की कवायद शुरू हो गई है। इन तालाबों में गांवों के घरों से निकलने वाला उपयोग किया हुआ गंदा पानी और बरसात के मौसम में खुले में बहने वाले पानी से भरा जाएगा।



> **अमृत** सरोवर में पानी जमा रहने से उनके गांव के राजकीय मिडिल स्कूल में लगे हैंड पंप में पानी पहले से अधिक आने लगा है। यह राजकीय स्कूल सरोवर के किनारे पर ही स्थित है। जहां लगे हैंडपंप में पहले डेढ़ इंच पाइप में पानी आता था। भूजल स्तर बढ़ने से पाइप की मोटाई तीन इंच कर दी है।
>
> **प्रियंका ( सरपंच ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा )**
>
> **अमृत** सरोवर बनने से ग्राम पंचायतों की आर्थिक आय में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ घरों से निकलने वाला गंदा पानी को शुद्ध करके उपयोगी बनाया जाएगा। जिससे जलस्तर तो बढेगा और ग्रामीणों को अपने मवेशियों को पीने का पानी उपलब्ध होगा।
>
> **परमेन्द्रा सिंह ( बीडीपीओ सोहना )**

**फिल्टर होकर सरोवर में जाएगा पानी :** घरों से निकलने वाला गंदा पानी को सरोवर किनारे बनाए गए प्रकृति की भांति झरनों में से फिल्टर होकर पानी को शुद्ध किया जा रहा रहा है। यह पानी प्लास्टिक पोलीथिन और कूड़ा-कचरा से साफ होगा। प्रकृति रूप से बनाए गए झरने में औषधीय पौधे लगाए गए हैं। जिनकी जड़ में से होकर जाने वाला पानी शुद्ध और बदबू मुक्त बनेगा।

**मछली पालन से पंचायत को होगा आर्थिक लाभ :** अमृत सरोवरों में ग्राम पंचायतें मच्छली पालन कर सकेंगे। जिससे ग्राम पंचायत को आर्थिक लाभ होगा। इसके साथ जमा पानी में 24 घंटा हलचल बनाएं रखने के लिए बत्तख छोड़ी जा रही है। बत्तख पानी में तैरकर हलचल करती है। बत्तख पानी में बदबूदार व गंदा करने वाले कीड़ों का अपना आहार बनाकर पनपने नहीं देती है।

# अब भूलते जा रहे हैं लोग टेसू के फूलों का महत्व

कविता। फरीदाबाद

**पहले** टेसू के फूलों के रंगों से होली खेलने का अलग ही महत्व था, इन फूलों से बने रंगों को लोग पूर्वजों की सौगात व शुद्ध मानते थे, लेकिन अब इसका महत्व ही समाप्त हो गया है। आज भी टेसू (पलास) कुछ पेड़ अरावली की पहाड़ियों में बचे हैं, लेकिन सरकार की लापरवाही से आने वाले समय में वह भी गायब हो सकते हैं। टेसू के फूलों से अब रंग बनाकर होली खेलना गुजरे जमाने की बात हो गई है। युवा पीढ़ी इसका न तो महत्व जानती है और न ही विशेषता।



टेसू के फूलों का पेड़।

धार्मिक ग्रंथों में भी टेसू के फूल का विवरण है। बताते हैं कि अयोध्या में टेसू के फूल से होली खेलने की परम्परा भगवान श्रीराम ने शुरू की थी। अब इसकी जगह आधुनिक रंगों ने ले ली है। शहर के बुजुर्गों ने बताया कि पहले होली का रंग ही कुछ ओर होता था। आज तो लोग टेसू के फूलों का महत्व ही भूलते जा रहे हैं।

### हर्बल में भी मिलावट



**पर्वतीया** कालोनी निवासी निर्मला गुप्ता ने कहा कि आज हर्बल गुलाल के नाम पर भी मिलावटी रंग बेचे जा रहे है। टेसू के फूलों से बने रंगों की बात ही कुछ ओर होती थी। टेसू के फूल को आयुर्वेद में विशेष दर्जा हासिल है। फूलों की टहनी घर के अंदर टांगने से मच्छर नहीं आते। बच्चों के पेट रोग, पशुओं का उतारा और बाहरी हवा का असर कम करने में भी टेसू के फूल का विशेष महत्व होता था। लेकिन आज टेसू के फूल का उपयोग कम हो गया है। उन्होंने बताया कि फूल को पानी में पका कर रंग तैयार करते थे, लेकिन जंगल खत्म होने से अब न टेसू का पेड़ बचा है और न ही फूल। ऐसे में अब आधुनिक रंगों से होली खेलनी पड़ती है।

### अवैध खनन से पेड़ समाप्त

**जवाहर** कालोनी निवासी नन्दा साटौनी ने कहा कि पहले जिले में सैकड़ों एकड़ बंजर पड़ी भूमि में ढाक के पेड़ पाए जाते थे, जो अब



हरियाणा सरकार की तरफ से बदलाव किए गए एक्ट के कारण पेड़ फरीदाबाद के अरावली वन क्षेत्र में आज चंद ही देखने को मिल रहे हैं। जंगल में अवैध खनन और निर्माण से पेड़ नष्ट हो रहे हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूरी तरह से रोक लगाई जानी चाहिए। पर्यावरण प्रेमियों द्वारा रोजाना इस मुद्दे पर बात की जाती है। लेकिन आज टेसू के एक दो ही पेड़ देखने को मिलते है। टेसू के फूलो से होली खेलना शुभ माना जाता था।

# सरकार ने बिना भेदभाव हर विधानसभा में करवाया है समान विकास : सीएम

## खट्टर ने बल्लभगढ़ विधानसभा के लोगों को 39 करोड़ 70 लाख की लागत से तैयार तीन परियोजनाओं की दी सौगात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



39 करोड़ 70 लाख की लागत से तैयार तीन परियोजनाओं का शुभारंभ करते सीएम, संग में मंत्रीगण।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2014 में जब सत्ता संभाली थी तो एक संकल्प लिया था कि हर विधानसभा क्षेत्र में समान विकास करवाएंगे। 8 वर्ष के कार्यकाल में हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के प्रदेश की हर विधानसभा में नई-नई परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि यह काल ऐसे शासन के तौर पर जाना जाएगा जब व्यवस्था में सुधार हुए। विवादों का समाधान हुआ। मुख्यमंत्री गुरुवार को बल्लभगढ़ विधानसभा में 39 करोड़ 70 लाख की लागत से तैयार तीन परियोजनाओं के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 11 करोड़ रुपये की धनराशि से बने बल्लभगढ़ के उपमंडलीय कार्यालय परिसर, लगभग 27 करोड़ रुपये की धनराशि से बने स्वर्गीय सुषमा स्वराज कन्या महाविद्यालय और लगभग एक करोड़ 70 लाख रुपये की धनराशि से रानी की छतरी के जीर्णोद्धार एवं सौदर्यकरण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वयं उपमंडलीय कार्यालय परिसर का दौरा किया और कहा कि यह उपमंडलीय कार्यालय, जिला उपायुक्त के लघु सचिवालय के बराबर बन गया है। उन्होंने कहा कि राजा नाहर सिंह का बल्लभगढ़ से अनूठा रिश्ता है। इस शहर में स्थापित रानी की छतरी के जीर्णोद्धार एवं सौदर्यकरण का कार्य ऐतिहासिक दृष्टि से भी बहुत अच्छा है।

**हरियाणा की साख पूरे देश में बेहतर :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की साख देशभर में बेहतर है, तभी देश ही नहीं दुनिया के लोग लाइन लगाकर हमें पैसा देने के लिए खड़े हैं। प्रदेश की साख की वजह से ही आज 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर पैसा मिल रहा है जबकि दूसरे प्रदेशों की हालत ऐसी है कि उन्हें 10 प्रतिशत ब्याज दर पर भी पैसा नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उद्योग हरियाणा में आने के लिए तैयार हैं। निरंतर नई-नई कंपनियां स्थापित हो रही हैं। इंग्लैंड के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने भी उनसे मुलाकात की और कहा कि हरियाणा में प्रगति बहुत हो रही है, इंग्लैंड के बहुत से लोग यहां निवेश करना चाहते हैं।

**तीन लाख लोगों की स्वत : पेंशन बनी:** सीएम ने कहा कि उन्होंने गरीब व पिछड़े की संभाल की है। पहले योजनाओं का लाभ उठाने के लिए गरीब व जरुरतमंदों को धक्के खाने पड़ते थे लेकिन उन्होंने जमीन से जुड़कर काम किया। प्रदेश के 72 लाख परिवारों का डाटा जुटाया और परिवार पहचान पत्र बनाया। बहुत काम बाकि: सीएम ने कहा कि हमने बहुत काम किए हैं और भविष्य में अभी बहुत से काम करने भी बाकि हैं। उन्होंने कहा कि जनता उनके साथ डटकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि विकास का जो भी काम अधूरा है, उन्हें बताएं, आम जनता के लिए हर विकास कार्य को किया जाएगा।

**हुआ खूब विकास:** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 2014 से 2023 तक फरीदाबाद लोकसभा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जमकर विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2005 से 2014 तक कांग्रेस और यूपीए की सरकार थी, यदि इस दौरान फरीदाबाद लोकसभा के विकास कार्यों का हिसाब निकाला जाए तो कांग्रेस की सरकार कहीं नहीं टिकेगी। उन्होंने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को भी बधाई दी।

**हो रहा निरंतर विकास :** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में निरंतर विकास हो रहा है। राजा नाहर सिंह की ऐतिहासिक नगरी में मुख्यमंत्री ने मिनी सचिवालय की सौगात दी है, जो अपने आप में बड़ी बात है। इसके साथ-साथ बेटियों के लिए लगभग 27 करोड़ रुपये की धनराशि से स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज कन्या महाविद्यालय और रानी की छतरी के जीर्णोद्धार एवं सौदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया।

# मांगें पूरी नहीं हुई तो संघ करेगा राज्यव्यापी आंदोलन : शास्त्री

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ, हरियाणा के आव्हान पर नगर निगम आयुत्तो एवं नगर परिषद नगर एव नगर पालिका जिला आयुक्तों के कार्यालयों पर विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 1 मार्च से चल रहे लगातार प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने के कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को समापन हो गया है। संघ ने सभी नगर पालिका नगर परिषद आयुक्तों एवं नगर निगम आयुक्तों को 15 दिन के अंदर अंदर मांगों का समाधान करने की चेतावनी देते हुए कहा है कि 15 दिन के अंदर यदि मांगों का समाधान नहीं किया तो लोकल स्तर पर संघ आंदोलन शुरू करने की शुरुआत पानीपत, गुरुग्राम, रोहतक आदि बड़े शहरों से हो चुकी है।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री महासचिव मांगेराम तिगरा ने ऐलान करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद निगम एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारी तीन मार्च को भी सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर निगम आयुक्त एवं नगर आयुक्त के मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। श्रीशास्त्री ने कहा कि नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर लंबे समय से 1000 रुपया स्वच्छता भत्ता देने व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है, आंदोलन के मद्देनजर ही मुख्यमंत्री ने पालिका के सफाई कर्मचारियों को 1 हजार रुपये स्वच्छता भत्ता देने की घोषणा की है। लेकिन प्रदेश के अन्य सरकारी विभागों, निगम, बोर्ड, कॉरपोरेशंस, यूनिवर्सिटी एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित कर सफाई कर्मचारियों में भेदभाव किया है, सरकार इस भेदभाव को दूर करते हुए प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारियों एवम् सीवर मेनो को भी एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दे।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने सरकार पर वार्ता हीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि विगत 12 फरवरी को मुख्यमंत्री के आवास करनाल पर पालिका कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन करनाल द्वारा जल्द मुख्यमंत्री के साथ बैठक करवाने के लिखित दिए गए आश्वासन को झूठा बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है। श्रीशास्त्री ने चेतावनी दी है कि जल्द ही बैठक का समय नहीं दिया तो संघ प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रदेश के पालिका कर्मचारियों व अग्निशमन कर्मचारियों ने कई बार लगातार हड़ताल की है। विगत दिनों अक्टूबर 2022 में 11 दिन की हड़ताल के बाद 29 अक्टूबर को हुए फैसले में सरकार ने कुछ मांगों पर सहमति बनाई थी सहमति के बाद कुछ मांगों के पत्र सरकार ने जारी किए हैं।

# बर्थ डिफेक्ट एक प्रकार का विकार : डॉ. दीपक

**फरीदाबाद।** जन्मजात विकारों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 3 मार्च को विश्व जन्म दोष दिवस मनाया जाता है। इस बारे में जानकारी देते हुए मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से वरिष्ठ शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक शर्मा ने कहा कि जन्म दोष एक प्रकार का विकार है जिसे बर्थ डिफेक्ट या कंजेनाइटल डिसऑर्डर भी कहते हैं। यह बच्चों के मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है। यह समस्या जन्म के साथ ही हो जाती है।

शिशुओं में होने वाले सबसे आम जन्म दोष में होंठ, तालु एवं जबड़े की बनावट में दोष या छेद होना, फूड पाइप का सांस की नली से जुड़ जाना, आंतों में सिकुडन होना, नाभि के माध्यम से हर्निया का निकल आना, डायाफ्रामेटिक हर्निया (डायाफ्राम मांसपेशी के माध्यम से आंत का पेट



डॉ. दीपक शर्मा।

और छाती में चले जाना), कारण: जन्म दोष के लिए वंशानुगत, पर्यावरणीय (रेडिएशन, अत्यधिक गर्मी, विषाक्त पदार्थ आदि) कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। अगर गर्भावस्था के दौरान माँ को डायबिटीज, थाइराइड और अन्य मेटाबोलिक डिसऑर्डर है या मां के अंदर वायरल बीमारियां हैं तो गर्भ में पल रहे बच्चे में जन्म दोष का जोखिम बढ़ जाता है। पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर आहार न लेने, फोलिक एसिड की कमी, मां द्वारा अपनी मर्जी से अनावश्यक दवाओं के सेवन, शराब, धूम्रपान की लत के कारण भी जन्म दोष का खतरा बढ़ जाता है।

# बिजली कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन ने अपनी माँगों को लेकर हरियाणा प्रदेश के सभी सर्कलों पर प्रदेश सरकार व बिजली निगम मैनेजमेंट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर अपनी जायज मांगों के पूरा ना होने पर खिलाफत में जोरदार नारेबाजी की।

प्रदर्शनों की इसी कड़ी में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के फरीदाबाद सर्कल सेक्टर-23 एवम हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम टीएस सर्कल ए-4 सेक्टर-18 पर अपनी माँगों को लेकर एचएसईबी वर्कर यूनियन फरीदाबाद के बैनरतले डीएचबीवीएन के सर्कल सचिव कर्मवीर यादव एवम एचवीपीएन के सर्कल सचिव प्रीतम सिंह की अध्यक्षता सहित पूर्व सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा की अगुआई में कर्मचारियों ने दोनों सर्कलों पर कर्मचारियों ने गरजते हुए डीएचबीवीएन के अधीक्षण अभियंता



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

नरेश कुमार कक्कड़ और एचवीपीएन के अतुल कुमार अग्रवाल के माध्यम एसीएस पावर हरियाणा सरकार (अतिरिक्त मुख्य सचिव) के नाम विरोध दिवस मनाते हुए अपना ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में यूनियन की ओर से डिमांड्स करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बिजली निगम में लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और जब तक इन्हें पक्का नही किया जाता तब तक सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार इन्हें समान काम के एवज में समान वेतनमान दिया जाना,एनपीएस की प्रणाली को बंद कर पुरानी ओल्ड पेंशन प्रणाली की नीति को चालू करने, जोखिमों से भरे के इस महकमे में कर्मचारियों को जोखिम भत्ता देने, शिक्षा भत्ता देने, ऑनलाइन ट्रान्सफर पोलिसी को बंद करने, बिजली निगम में जारी ठेकेदारी प्रथा पर पूर्ण विराम लगाते हुए बंद करने, बिजली निगम में खाली पड़े हजारों रिक्त पदों को स्थाई भर्ती के माध्यम से भरने आदि जैसे 22 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

# डीएवी में एनुअल साइंस मैराथन का आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी कॉलेज में विज्ञान विभाग व गॉड एंड साइंस क्लब द्वारा ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल well-being विषय पर एनुअल साइंस मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर मनीषा गर्ग, प्रोफेसर, जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सविता भगत ने दीप प्रज्वलन व डीएवी गान द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉक्टर मनिशा गर्ग ने छात्रों को साइंटिफिक एटीट्यूड अपनाते हुए जीवन में सफलता करने के गुर सिखाए। उन्होंने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम व प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन के कुछ रोचक रोचक तथ्यों को छात्रों के साथ साझा किया। कार्यक्रम में क्विज व कोलाज मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया।

# औद्योगिक क्षेत्र का विकास एक ही एजेंसी करवाएगी

## आज की बैठक में 16 शिकायतें रखी गई, जिसमें से 14 शिकायतों का समाधान किया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण दोनों ही पब्लिक सेक्टर संगठन हैं। ऐसे में किसी भी औद्योगिक अथवा अन्य क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी एक ही संगठन की रहेगी।

मुख्यमंत्री आज फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। फरीदाबाद के सेक्टर 58 व 59 के प्लाटों व अन्य सुविधाओं को लेकर




एचएसआईआईडीसी व एचएसवीपी के बीच पैदा हुई एक समस्या का समाधान करते हुए मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए। इस सेक्टर को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) को ट्रांसफर किया गया था। इसके बावजूद यहां की कई सुविधाएं अभी भी एचएसवीपी के पास थी।

आज की बैठक में 16 शिकायतें रखी गई, जिसमें से 14 शिकायतों का समाधान किया गया। बैठक में मिथिला नवयुवक संघ की एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने रिकार्ड न देने वालों के खिलाफ नोटिस जारी करने व फिर भी रिकार्ड न देने पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कमेटी के कन्वीनर को तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस सोसायटी के लिए डीईटीसी साउथ पुनित शर्मा को तत्काल प्रभाव से संस्था के प्रशासक भी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एनआईटी निवासी मंजू शर्मा की शिकायत पर एशलोन इंस्टीट्यूट के संचालकों को निर्देश दिए कि वह महिला के पुत्र द्वारा जमा करवाई गई फीस सात दिन के अंदर वापिस करे। महिला ने शिकायत की थी कि दाखिले के दौरान यह शर्त थी कि अगर एक माह में किसी अन्य संस्थान में बच्चे का दाखिला हो जाता है तो वह उसकी पूरी फीस लौटा देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक बच्चे को संस्थान नियमानुसार पैसे नहीं देता तब तक बच्चे की मां को तुरंत 50 हजार रुपये की धनराशि दी जाए। इसके साथ ही राजेश निवासी संजय कालोनी ने शिकायत रखी कि उसने बैंक से नीलामी में एक 120 गज का प्लाट खरीदा था। लेकिन बाद में पता लगा कि जो 120 गज का प्लाट उन्हें दिया गया है उसमें से 60 गज पहले ही बेचा जा चुका है। इस पर मुख्यमंत्री ने सात दिन के अंदर संबंधित व्यक्ति को पूरा प्लाट देने के निर्देश दिए। इसी तरह के एक मामले में सेक्टर-23 निवासी प्रोमिला ने शिकायत रखी कि उसने बैंक से प्लाट निलामी में खरीदा था। इसके बावजूद हाउसिंग बोर्ड द्वारा उन्हें ट्रांसफर सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि महिला की तुरंत मदद की जाए। बैंक इस सर्टिफिकेट के लिए ई पोर्टल पर अप्लाई करेगा और उपायुक्त फरीदाबाद, लीड बैंक मैनेजर पर हाउसिंग बोर्ड इस मामले को देखेंगे।

# दीपक हत्याकांड मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई झगड़े व मारपीट के बाद इलाज के दौरान हुई दीपक की मृत्यु के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश की टीम ने मामले में शामिल दो और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा 17 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में टींकू और तरुण का नाम शामिल है। जो फरीदाबाद के तिलक नगर में बनी ऑटोपिन झुग्गी में रहता है। आरोपियो ने अपने साथियो के साथ मिलकर 26 जून की रात पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई झगडा हुआ था जिसमें आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 35 वर्षीय दीपक पर किसी रंजीश के चलते लाठी-डंडों से हमला किया था,



जिसमें पीड़ित को काफी चोटें आई थी, पीड़ित युवक सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट था। जिसकी 28 जून को मृत्यु हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि दीपक का किसी बात को लेकर अपने पड़ोसियों से काफी समय से झगड़ा चल रहा था जिसके चलते इनकी आपस में रंजिश हो गई थी। इसी रंजिश के चलते 26 जून की रात दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया जिसमें लाठी डंडों की चोट के कारण दीपक की हालत गंभीर हो गई।

# संक्षिप्त समाचार

### सौरान हत्या कांड के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** 25 फरवरी को भगत सिंह कालोनी बल्लभगढ़ में एक व्यक्ति सौरान की ठेकेदार व भाई श्रवण द्वारा पैसे के लेन देन के कारण पीटकर चोट पहुंचाई व चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश व एसीपी क्राइम सुरेन्द्र श्योराण के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार व पुलिस चौकी चावला कालोनी की टीम ने कार्रवाई करते करते हुए भगत सिंह कालोनी सौरान हत्या कांड के मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की गिरफ्तार आरोपियो में मृतक का भाई श्रवण और ठेकेदार भूपेन्द्र का नाम शामिल है। आरोपी श्रवण उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के गांव भटोली तथा हाल नई दिल्ली के कापासेहडा का तथा आरोपी भूपेंद्र राजस्थान के अलवर जिले के गांव ललोणडी का तथा वर्तमान में में बल्लभगढ़ सेक्टर-3 का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच व पुलिस चौकी चावला कालोनी टीम टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना शहर बल्लभगढ के हत्या के मामले में निरीक्षक राकेश कुमार, उप निरीक्षक चमन लाल निवासी चावला कालोनी उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, सिपाही रमेश, सिपाही अनील, सिपाही विनीत, चालक सिपाही अजीत, सिपाही सुरेन्द्र की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया की कमीशन के पैसे के लेन देन के कारण रंजिश रखते सौरान की हत्या की वारदात को अनजाम दिया था। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को अदालत में पेश क जेल भेजा गया।

### खुदाई के दौरान मिला बच्ची का शव

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस के लिंक रोड के निर्माण कार्य के चलते मिट्टी के ढ़ेर के नीचे एक दिन की बच्ची का शव खुदाई के दौरान मिला है। शव मिलने पर काम करने वालो ने सूचना 112 ईआरवी को दी। जिस पर सेक्टर-17 थाने की पुलिस और ईआरवी 112 के जवान मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव एक ऑटों के माध्यम से बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। यह है पूरा मामला: बाईपास रोड किनारे खुदाई का काम चल रहा है। शाम के वक्त रोड निर्माण के लिए जब खुदाई चल रही थी, तो वहां मिट्टी के ढ़ेर के नीचे शव मिला है। बच्ची के शव को देखकर अस्पताल में बताया गया कि एक दिन की बच्ची का शव है। अब वह कितने दिनों से मिट्टी में दबा हुआ था। किसने और कैसे शव दबाया गया, यह पता नहीं चल पाया है। बच्ची के शव को ऑटो से पुलिस ने मोर्चरी में रखवा दिया। ड्यूटी डॉक्टर चारू ने बताया कि बच्ची मृत आई थी, मोर्चरी में शव को रखवा दिया है। वहीं दूसरी तरफ चर्चा ये भी है कि बीमारी के कारण बच्चों की होने वाली मौत के मामलों में दाह संस्कार नहीं किया जाता है। वहीं कुछ ग्रामीण इलाकों में बच्चों के शवों को दफनाया ही जाता है। फिलहाल बच्ची की उम्र का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। पोस्टमार्टम से मौत का कारण व उम्र का पता चल सकेगा।

### विभिन्न मांगों को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी का प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर बृहस्पतिवार को पार्टी के फरीदाबाद जिला परिषद ने देशभर में बढ़ाए गए गैस, दूध, महंगाई, ईपीएस 1995 के तहत मजदूरों को मिलने वाली पेंशन के बारे में गंभीरता से सरकार द्वारा विचार ना करना। कर्मचारियों के 2004 से पहले वाली पुरानी पेंशन बहाल ना करना। सरकार व सरकारी पार्टी द्वारा देशभर में संप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की गतिविधियों में लिप्त होने। अडानी का सरकारी बचाव, देश के सभी सार्वजनिक संसाधनों को लूटने के लिए पूंजी पतियों को देना। देश की आर्थिक रीड की हड्डी कहे जाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों। जीवन बीमा, बीमा क्षेत्र को निजी पूंजीपतियों के हाथ देना, शिक्षा स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों के बजट में भारी कटौती, बेरोजगारी और मालिकों द्वारा की जा रही छंटनी पर ध्यान ना देना, किसानों के फसल की उचित मिलने के लिए कोई सरकारी योजना ना बनाना आदि के खिलाफ एसडीएम बड़खल फरीदाबाद के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। साथ ही महामहिम राष्ट्रपति को इस संबंध में ज्ञापन भी भेजा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व बेचू गिरी, आरएन सिंह, बैजू सिंह, रामकुमार दिनेश सिंह, डॉ राम शंकर तिवारी, मिथिलेश कुमार, शुभ नारायण प्रसाद, दीपक कुमार, विजय सिंह आदि ने किया।

### यूपीआई के माध्यम से फ्रॉड करने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच उंचागांव प्रभारी जगबीर की टीम ने यूपीआई के माध्यम से फ्रॉड करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में रणजीत और मंगत सिंह का नाम शामिल है। दोनों आरोपी बल्लबगढ के गांव रायपुर कलां के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियो को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से 27 फरवरी को थाना तिगांव के फ्रॉड के मामले गिरफ्तार किया है। आरोपी मंगत सिंह ने शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार से 1 फरवरी को 50 हजार रुपये नगद लिए। आरोपी मंगत ने 50 हजार रुपये 01 फरवरी की शाम को ही मोबाईल फोन के नम्बर पर 50 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से डाल दिये। मोबाईल पर संदेश भी प्राप्त हुआ। लेकिन शिकायकर्ता 13 फरवरी को अपने खाते से पैसे निकालने गया तो बैक से पता चला की 50 रुपए का फ्रॉड ट्रांजैक्शन आने के कारण 50 हजार रुपये की ट्रांजैक्शन बन्द कर दी गई है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है। आरोपी को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया पुलिस रिमांड के दौरान दोनों आरोपियो से 50 हजार रुपए नगद व वारदात में प्रयोग करने वाली पीओसी मशीन व 3 मोबाइल फोन बरामद किए गए है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### श्रृष्टि के दिव्य स्वास्थ्य के लिए अभिनव आयोजन

**फरीदाबाद।** अमृता हॉस्पिटल के प्रांगण में प्रेरक व आनंददायी कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। सिविल 20, 999 चैलेंज, सी20 की अध्यक्ष माता अमृतानंदमयी देवी द्वारा स्थापित एक वैश्विक पहल है। जो पूरे भारत में लोगों के जीवन को बदल रही है। यह पहल सी20 इंटीग्रेटेड होलिस्टिक हेल्थ वर्किंग ग्रुप का हिस्सा है। इस समूह में सात उपसमूह हैं, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य, बुजुर्गों की देखभाल, समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण, एक स्वास्थ्य और नॉन-कम्युनिकेबल रोगों में कमी शामिल है। इसी के अंतर्गत फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल में भी 9 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम सी20, 999 चैलेंज एक्टिविटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रार्थना के साथ हुआ। जिसके बाद स्वामी मोक्षामृता चैतन्य और स्वामी हर्षमृता चैतन्य के मार्गदर्शन में सभी ने 9 बार सूर्य नमस्कार, शवासन और 9 मिनट तक ध्यान लगाया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ अमृता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह, कर्नल गोपाल कृष्णन व अन्य महानुभावों ने दीप प्रज्वलित कर किया। 999 चैलेंज में लगभग 100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें डॉक्टर, इंजिनियर नर्स और स्टाफ समेत नर्सिंग के छात्र छात्राएं शामिल थे। प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद काफी तरोताज़ा, नई ऊर्जा और आनंद का आभास हुआ। यह पहल अमृता अस्पताल में 1 मार्च से लेकर 11 मार्च तक चलेगी।

### क्रेडिट कार्ड बना कर आठ लाख रुपये ठगे

**फरीदाबाद।** शहर में धोखाधड़ी का अब नया ट्रेंड शुरू हो गया है। कंप्यूटर संस्थान में सीखने जा रहे एक सिक्योरिटी गार्ड को विश्वास में लेकर उसके कागजात ले लिए और उसी के नाम से बैंकों के क्रेडिट कार्ड लेकर करीब 8 लाख रुपये तक की खरीदारी कर ली। ईएमआई न भरने पर जब बैंकों ने गार्ड के मोबाइल पर मैसेज भेजना शुरू किया। तब उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पीड़ित पत्नी के साथ थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर दफ्तर तक शिकायत दे चुका है। मूलरूप से झारखंड के रहने वाले ईश्वर कुमार शाह यहां इंद्र कांप्लेक्स नियर खेड़ीपुल के पास पत्नी मुन्नी देवी के साथ रहते हैं। एक निजी सिक्योरिटी एजेंसी में गार्ड की नौकरी करते हैं। फरवरी 2022 में वह ओल्ड फरीदाबाद स्थित एनजी टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में कंप्यूटर सीखने जाते थे। वहां राजीव सक्सेना नामक व्यक्ति से मुलाकात हुई। ईश्वर का आरोप है कि राजीव सक्सेना ने उससे आधार कार्ड समेत अन्य कागजात लेकर कई बैंकों से उनके नाम का क्रेडिट कार्ड बनवा दिया। आरोपी कहता था कि क्रेडिट कार्ड से जो भी पैसा वह लेगा उसकी अदायगी वह खुद देगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 3 मार्च, 2023



# कोविड का मूल

## चीन पर संदेह

**कोविड**-19 वैश्विक महामारी का कारण बनने वाले नोवल कोरोनावायरस के मूल पर अमेरिकी सरकार के विभागों की टिप्पणी से यह विषय फिर सुर्खियों में आ गया है। 'फाक्स न्यूज़' से बात करते हुए संघीय जांच ब्यूरो-एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा कि वैश्विक महामारी का 'अधिकाधिक संभव' कारण चीन के वूहान में प्रयोगशाला लीक था। उन्होंने कहा, 'काफी समय के बाद अब एफबीआई ने आंकलन किया है कि वैश्विक महामारी का अधिकाधिक संभव कारण एक प्रयोगशाला दुर्घटना है।' रे की टिप्पणी के कुछ ही दिन पहले अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने भी मीडिया के सामने ऐसा ही दृष्टिकोण रखा था। तत्कालीन परिस्थितियों में तीन साल पहले एफबीआई निदेशक पर 'नस्लवादी' होने का आरोप लग सकता था। अमेरिका की उदारवादी अवस्थापना जिससे भी घृणा करती हो, उस पर यह विशेषण थोपना आम बात है। अवस्थापना में अधिकांशत: 'पोस्टमार्डन' या 'नव-वामपंथी' बुद्धिजीवियों का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यह उसी तरह है जिस तरह हमारे देश के कुछ संपादकीयों में 1990 व उसके पहले के दशकों में बौद्धिक विरोधियों को 'सांप्रदायिक' कह कर खारिज कर दिया जाता था। जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति व अन्य कोरोनावायरस के लिए 'चीनी वायरस' या 'वूहान वायरस' जैसे शब्दों का प्रयोग करते थे तो उन पर नस्लवादी व विदेशी-द्रोही का आरोप लगाया जाता था। उदारवादियों को संदेह था कि यह 'चीन के खिलाफ विदेशी-द्रोही अभियान चलाने का व्यापक प्रयास है। ट्रंप पर खासतौर से आरोप



लगते थे कि उन्होंने पूर्वाग्रहों व पक्षपाती सोच को हथियारों में बदल दिया है।' ऐसे लोग अमेरिका या दुनिया में सभी गलत चीजों को नस्ली सोच बता देते हैं। लेकिन ट्रंप सही और सटीक थे। उन्होंने कहा था, 'यह बिल्कुल नस्लवादी नहीं है। यह चीन से आया है, इसी कारण मैं सही बात कहना चाहता हूं।'

निश्चित रूप से इस घातक बीमारी को दुनिया के सभी हिस्सों में फैलाने में चीन अपनी भूमिका स्वीकार नहीं करता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अमेरिका को चेतावनी दी कि उसे चीन पर दोषारोपण करने के पहले 'अपने बिजनेस पर ध्यान देना चाहिए।' वास्तव में बीजिंग अपने विचारहीन कार्यों की आलोचना करने वाले हर व्यक्ति की निन्दा करता है। उसने पेरू के साहित्यकार व नोबेल पुरस्कार विजेता मोरिया वर्गास लियोसा के कोरानावायरस मूल के बारे में विचारों को 'गैर-जिम्मेदार व पूर्वाग्रही राय' बता दिया था। चीन के प्रति वाम-उदारवादियों का झुकाव खतरनाक सीमा तक पहुंच गया है। उन्होंने अनिवार्य रूप से बीजिंग द्वारा फैलाए झूठों का प्रचार किया जो वायरस के प्राकृतिक मूल के विचार पर केन्द्रित थे। ऐसा इस तथ्य के बावजूद था कि उस समय भी वायरस के प्रसार में चीन की संदिग्ध भूमिका काफी स्पष्ट थी। प्रमुख विज्ञान पत्रिका 'नेचर' ने 17 मार्च, 2020 के अंक में लिखा था, 'महामारी विज्ञानियों का मानना है कि चीन की व्यापक प्रतिक्रिया अपनी स्पष्ट गलती छिपाने के लिए थी, लेकिन यह बहुत बात में आई थी। दिसंबर व जनवरी में महामारी फूटने के शुरुआती सप्ताहों में वूहान के अधिकारी रहस्यमय संक्रमण के मामलों की जानकारी छिपा रहे थे। इसी कारण इस पर नियंत्रण के प्रयासों में देरी हुई।' तीन साल पहले की तरह चीन आज भी सारी आलोचनाओं को खारिज करता है और उसी प्रकार प्रतिक्रिया करता है। अपनी शैली के अनुसार चीन ने अमेरिका पर 'राजनीतिक पैंतरेबाजी' के आरोप लगाए हैं। रे ने अपने साक्षात्कार में ठीक ही कहा है कि चीन 'इस मुद्दे से ध्यान हटाने व लोगों को भ्रमित करने के व्यापक प्रयास कर रहा है।' वह वैश्विक महामारी के स्रोतों की पहचान नहीं करना चाहता है। इसी तरह कुछ वाम-उदारवादी मीडिया घराने भी अपनी पुरानी लीक पर चलते हुए प्रयोगशाला लीक सिद्धान्त पर सवाल उठा रहे हैं।

# भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के प्रयास

अरविंद केजरीवाल को स्वयं को निर्दोष सिद्ध करना चाहिए। भ्रष्टाचार के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए सड़कों पर उतरने का कोई लाभ नहीं होगा।



**सुमित भसीन**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)



दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले मनीष सिसोदिया को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई की हिरासत में पांच दिन के लिए भेजा गया है। ऐसा कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि वे जांच एजेंसियों से पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे थे। 'नई आबकारी नीति' संबंधी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने भी उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। विभिन्न पक्षों द्वारा नीति पर गंभीर सवाल उठाए जाने के बाद एजेंसी इस मामले पर सक्रिय हुई है। मनीष सिसोदिया ऐसे पहले राजनेता नहीं हैं जो सीबीआई व ईडी जांच का सामना कर रहे हों। इसके पहले भी जांच एजेंसियां अनेक नेताओं के खिलाफ जांच कर उनसे पूछताछ कर चुकी हैं। ऐसे कुछ नेता तो सालों जेलों में बिता चुके हैं। उनको अपराधों का दोषी पाया गया और इसके बाद उनके चुनावी राजनीति में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले में शामिल होने के कारण सालों जेल में बंद रहे हैं। उन्होंने भी सीबीआई जांच का सामना किया है। सालों तक मामलों की जांच करने के बाद उनको दोषसिद्ध पाया गया और उन्होंने जेल सजा का बड़ा हिस्सा रांची जेल में बिताया है। लेकिन उनके मामले में सीबीआई ने कभी शिकायत नहीं की कि वे जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जनता दल-राजद के नेताओं ने लालू यादव पर लगे आरोपों के मामलों में कभी सड़कों पर वैसा नाटक नहीं किया जैसा कि आजकल आम आदमी पार्टी-आप के नेता कर रहे हैं।

जबसे सीबीआई व ईडी ने सिसोदिया की घेरेबंदी व उनसे पूछताछ शुरू की है, वे और उनकी पार्टी 'राजनीति' के पीछे शरण लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया जैसे कि राजनीतिक कवच उनको भ्रष्टाचार के आरोपों से बचा सकता है। मनीष सिसोदिया व उनके साथियों ने जांच में जांचकर्ता एजेंसियों के साथ सहयोग करने के बजाय जनता को भ्रमित करने वाली रणनीतियां अपना रहे हैं। उन्होंने अपने खिलाफ हो रही पूछताछ को 'राजनीतिक बदले की कार्रवाई' बताया है। लेकिन उन्होंने कभी इस बात का जवाब नहीं दिया कि आखिरकार सवाल उठने पर 'नई आबकारी नीति' को वापस क्यों ले लिया गया। यदि उनके द्वारा लागू की गई नई आबकारी या शराब नीति इतनी अच्छी थी तो दिल्ली सरकार ने इसे आगे क्यों नहीं बढ़ाया। शायद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जानते थे कि यदि दिल्ली सरकार नई नीति जारी रखती है तो देर-सवेर उनकी गर्दन भी फंदे में फंस सकती है। इसलिए जांच एजेंसियों को अपने तक पहुंचने से रोकने के लिए उन्होंने यह नीति ही वापस ले ली।

केजरीवाल भले ही चाहे जितने चालाक हों, पर वे कानून के शासन को धोखा नहीं दे सकते हैं। बताया जाता है कि जांच एजेंसियों ने ऐसी अनेक फाइलों का पता लगा लिया है जिनकों कंप्यूटरों, लैपटापों व स्मार्टफोनों से डिलीट कर दिया गया था। ये रिकार्ड केजरीवाल व उनके मंत्रियों की संलिप्तता स्पष्ट करते हैं जिन्होंने बहुत बड़े पैमाने पर घोटाला व भ्रष्टाचार किया है। सवाल यह भी उठता है कि आखिरकार ये फाइलें डिलीट क्यों की गईं। इसका अर्थ है कि मामले में प्रमाण मिटाने के भी प्रयास किए गए। यदि केजरीवाल व उनके साथियों को प्रमाण नष्ट करने में संलिप्त पाया जाता है तो यह भी गंभीर आरोप है। इसके साथ ही ऐसी भी खबरें हैं कि जांच एजेंसियों ने 'नई आबकारी नीति' स्वीकार करने के पहले हुई बैठकों के एलेक्ट्रानिक प्रमाण तलाशने में सफलता पाई है। इससे व्यापक षडयंत्र का पता चलता है। स्पष्ट है कि घोटाले में अनेक लोग शामिल थे और जांच एजेंसियों को तेजी से काम करते हुए मनीष सिसोदिया के सह-षडयंत्रकारियों को भी गिरफ्तार करना चाहिए। यह एक तथ्य है कि केजरीवाल के पास कोई विभाग नहीं है और वे किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं। लेकिन यह तथ्य उनके लिए 'कवच' नहीं बनना चाहिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के नाते केजरीवाल अपने नेतृत्व वाली मंत्रि परिषद द्वारा लिए हर निर्णय के प्रति जिम्मेदार और जवाबदेह हैं। जांच एजेंसियों द्वारा प्राप्त बैठकों के विवरणों से उनकी संलिप्तता स्पष्ट हो जाएगी। यह भी जरूरी है कि पैसे के लेनदेन की पूरी श्रृंखला का पता लगाया जाए ताकि घोटाले में शामिल सभी आरोपियों को कानून के शासन के समक्ष लाया जा सके।

कानून के शासन तथा न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करने के बजाय 'आप' एक प्रकार से 'भ्रष्टाचार का उत्सव' मना रही है। वे राष्ट्रीय राजधानी में कई स्थानों पर सड़कें भी जाम कर रहे हैं। इसे निश्चित रूप से दुष्टतापूर्ण कृत्य कहा जा सकता है। सीबीआई की जांच के लिए जाने से पहले सिसोदिया आप के राज्यसभा सांसद के साथ राजघाट गए और उसी दिन उनको कानून की समुचित प्रक्रिया के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया। यह आम आदमी पार्टी की सस्ती राजनीति के सिवा और कुछ नहीं है। महात्मा गांधी जीवन में हमेशा ईमानदारी के प्रति प्रतिबद्ध रहे। वे सार्वजनिक जीवन में नैतिकता के प्रतीक थे। लेकिन आप अपने नेताओं के पाप छिपाने के लिए गांधीजी के पीछे छिपना चाहती है। वे बहुत लंबे समय से ऐसे नाटक कर रहे हैं। उन्होंने अपने दुष्टतापूर्ण षडयंत्रों को आगे बढ़ाने के लिए गांधीवादी अन्ना हजारे का भी इस्तेमाल कर लिया। इसे देखते हुए आश्चर्य नहीं कि सीबीआई से पूछताछ के पहले मनीष सिसोदिया फोटोग्राफरों को साथ लेकर राजघाट गए। लेकिन जनता को आप नेताओं से नैतिकता के मामले में उनके दीवालिया होने पर भी सवाल पूछने चाहिए। सत्येन्द्र जैन पिछले सात महीने से अधिक समय से तिहाड़ जेल में बंद हैं। दुनिया में शायद ही ऐसा कोई उदाहरण मिले जब जेल मंत्री स्वयं जेल में बंद हो।

कहा जाता है कि राजनेताओं की चमड़ी बहुत मोटी होती है, लेकिन आप का नेतृत्व असाधारण रूप से बहुत बेशर्म है। बताया जाता है कि जेल अधिकारी तिहाड़ जेल की एक कोठरी में बंद सत्येन्द्र जैन से आज भी आदेश लेते थे क्योंकि वे उस समय भी जेल मंत्री थे। लेकिन आखिरकार आप नेतृत्व समझ गया कि सड़कों पर किए जा रहे प्रदर्शनों में जनता उनके साथ नहीं है। इसके बाद ही केजरीवाल ने मजबूरी में सिसोदिया व जैन के इस्तीफे उनके मंत्रालयों से लिए। लेकिन अब आप द्वारा स्वयं को 'नैतिक' दिखाने का समय बीत गया है। इस प्रकार जिम्मेदारी अब केजरीवाल की है कि वे स्वयं को 'निरपराध' सिद्ध करें। अब इस कवच से उनका बचाव नहीं हो सकता है कि दिल्ली सरकार में उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है और उनके पास किसी मंत्रालय का प्रभार नहीं है। यह कवच लंबे समय तक उनका साथ नहीं दे सकता है। यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि अन्ना हजारे के साथ मंच साझा करने, अन्य पार्टियों के सर्वोच्च नेताओं के खिलाफ जंतर-मंतर पर कथित भ्रष्टाचार के मामले में डोजियर साझा करने वाली तथा उनके खिलाफ मंच पर 'फर्जी अदालतें' चलाने वाली पार्टी के भीतर पारदर्शिता के वादे हवा क्यों हो गए? आप ने कहा था कि वह पार्टी के भीतर एक लोकपाल बनाएगी जो फंडिग के मामले देखेगा। लेकिन दिल्ली की सत्ता में आने के बाद आप ने इसे सुविधाजनक रूप से भुला दिया। आप ने यह वादा भी किया था कि सत्ता में आने पर वह भ्रष्टाचार की शिकायतों से निपटने के लिए लोकायुक्त का गठन करेगी, लेकिन इसे भी सुविधाजनक रूप से भुला दिया गया है। क्या आप ने पारदर्शिता का वादा इसलिए भुला दिया कि उसका सर्वोच्च नेतृत्व भ्रष्टाचार में लिप्त है? इसका जवाब दिया जाना चाहिए।

आप अब पंजाब की सत्ता में है। लेकिन केजरीवाल की पार्टी पंजाब की प्रमुख समस्याओं-खालिस्तानी तत्वों के उभार व नशे की विभीषिका पर खामोश है। दिल्ली व पंजाब में सत्तारूढ़ कोई पार्टी ऐसे मुद्दों पर खामोश कैसे रह सकती है? पंजाब में आप के प्रवेश के साथ ही खालिस्तानी तत्व उभरने लगे थे। दिल्ली में केजरीवाल व उनके साथ अपना 'शिक्षा माडल' दुनिया को दिखाना चाहते हैं, लेकिन सूचना अधिकार-आरटीआई के अंतर्गत प्राप्त सूचनायें इसकी पोल खोल देती हैं। दिल्ली में लगभग 80 प्रतिशत छात्र विज्ञान नहीं पढ़ रहे हैं। तकनीक के युग में छात्रों को विज्ञान से वंचित रखने वाला यह कैसा शिक्षा माडल है। इसका अर्थ है कि दिल्ली में आप बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। विज्ञापन के आधार पर मार्केटिंग की अपनी सीमायें हैं। आप को अपने खिलाफ लगातार उठने वाले सवालों के जवाब देने चाहिए। भाजपा नेतृत्व की भी जिम्मेदारी है कि वह शराब घोटाले के मास्टरमाइंड का खुलासा करे।

# समृद्धि के पथ पर अग्रसर जम्मू-कश्मीर

"जम्मू-कश्मीर में बदलाव अब दिख रहा है, पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है, उद्योग फलफूल रहे हैं।"

**तरुण चुग**
(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं)



जम्मू कश्मीर जल्द ही जी20 बैठक की मेजबानी करेगा। तीन दशकों के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय नए जम्मू-कश्मीर के उदय का गवाह बनेगा। अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों की मेजबानी के लिए केंद्र शासित प्रदेश में तैयारियां जोरों पर हैं। विदेशी राजनयिकों को कश्मीर घाटी में अमन-चैन देखकर आश्चर्य नहीं होगा, क्योंकि उनके देशों के हजारों पर्यटकों ने उन्हें पहले ही बता दिया होगा कि जम्मू-कश्मीर अब आतंकवाद का गढ़ नहीं रहा।

स्थायी शांति की कसौटी निजी निवेश है। उद्योगों ने जम्मू और कश्मीर को तब छोड़ दिया जब घाटी में पाकिस्तान-निर्यात आतंकवाद आ गया। लेकिन 2014 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के पद की शपथ लेने के बाद घाटी में एक नया सवेरा आया। पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर में विकास कार्यों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं, अमेरिका बुनियादी ढांचे के विकास में भारी वृद्धि देख रहा है जो औद्योगिक और पर्यटन के साथ-साथ अनलॉक करेगा। स्थानीय उत्पादों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ एकीकरण। जम्मू और कश्मीर में अब उद्योगों की स्थापना के लिए आवेदनों की बाढ़ आ गई है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए 60,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, प्रशासन यूटी में 50,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को अंजाम दे रहा है।

जिला प्रशासन ने पिछले कुछ वर्षों में किसानों, उद्यमियों और अन्य लोगों को यूटी की अर्थव्यवस्था के कायापलट में हितधारक बनने के लिए जोड़ा है। जम्मू और कश्मीर अब मध्य पूर्व में सब्जियों और फलों का निर्यात कर रहे हैं। साथ ही, जम्मू-कश्मीर प्रशासन वैज्ञानिक समुदाय के धन का दोहन कर रहा है ताकि केंद्रशासित प्रदेश में किसानों को निर्यात के अवसर का दोहन करने के लिए पैमाना दिया जा सके। कश्मीर घाटी में बर्फ के खेल की सफलता ने एक बार फिर दिखा दिया है कि यूटी ने पथराव का इतिहास रच दिया है। नागरिकों के नहीं, आतंकियों के मन में डर है। यह जम्मू और कश्मीर के लोगों को विकास का फल देने के लिए एक बड़ी छलांग है।



लेकिन नेहरू, अब्दुल्ला, मुफ्ती और भाकपा के मोहम्मद युसु तारिगामी के राजवंशों को सकारात्मक बदलाव नहीं दिख रहे हैं क्योंकि वे कश्मीर में एक नकली कहानी को हवा दे रहे हैं। घाटी। उन्होंने एक साझा एजेंडे के साथ अपने निहित स्वार्थों को साधने के लिए गठबंधन किया है। यह भारत के मंदिरों में बंदूक चलाने का प्रशिक्षण देना है ताकि उनका राजनीतिक धंधा फले-फूले। तिकड़ी की कहानी का मुकाबला विकास से होगा। कश्मीर घाटी के शासक परिवार के सदस्यों की हकदारी की भावना का मुकाबला यह सुनिश्चित करके किया जाएगा कि लोगों की सच्ची लोकतांत्रिक आकांक्षाएं पूरी हों। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की राजधानी बनाई और पत्थरबाजों का समर्थन किया। अब जबकि पत्थरबाजों का धंधा, तिकड़ी इस डर को बेचने में व्यस्त है कि घाटी में जनसांख्यिकीय परिवर्तन होंगे। ऐसा किसी गुप्त मंशा से किया जा रहा है। यह जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के उद्देश्यों को नकारने के लिए किया जा रहा है।

केंद्र शासित प्रदेश की जिन महिलाओं ने बाहर शादी करने पर अपना अधिकार खो दिया था, उन्हें आखिरकार उनका हक वापस मिल गया है। केवल बाहर शादी करने वाली महिलाओं को अब जम्मू-कश्मीर में अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वोट देने का अधिकार मिलेगा। कई सालों तक उनसे विधानसभा चुनाव में वोट देने का अधिकार छीन लिया गया। 370 और 35ए को खत्म करने के बाद, महिलाएं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समान हितधारक बन गई हैं।

जम्मू-कश्मीर में लाखों लोगों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाया है, जो पहले उन्हें उपलब्ध नहीं था। लाख घर बन चुके हैं। वही शौचालय के लिए जाता है। नरेंद्र मोदी सरकार केंद्रीय योजनाओं का लाभ देने में लोगों के धर्म को नहीं देख रही है। वे देश के सभी नागरिकों के लिए हैं चाहे उनकी जाति, पंथ और धर्म कुछ भी हो। इसका मुकाबला करना होगा। जनता सत्ताधारी राजनीतिक वर्ग को करारा जवाब देगी जो हक खोने का मलाल रखता है। बीडीसी और डीडीसी चुनाव में करीब 22 लाख लोग मतदान करने के लिए आगे आए। यह जम्मू-कश्मीर में नेतृत्व की नई फसल के आगमन का मार्ग प्रशस्त करता है, वे जम्मू-कश्मीर के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करेंगे।

## आप की बात

### ईरान में तालिबान

**जीवन** की जननी के साथ दुनिया के हर कोने में भेदभाव होता था होता है और शायद होता रहेगा। आज भी दुनिया की आधी आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा बराबरी का हक तो दूर बुनियादी अधिकारों से भी वंचित है। कुछ इस्लामी मुल्कों में तो महिलाओं की हालत सबसे बुरी है। ईरान से खबर आई है कि पिछले तीन महीनों के दौरान लड़कियों के स्कूलों में चुन-चुन कर जहरीली गैसों से हमले किये जा रहे हैं ताकि लड़कियां पढाई लिखाई से दूर रहें। कहा जाता है कि पूरे ईरान के दर्जनों स्कूलों में इस तरह जहरीले गैसों से हमले किये गए हैं। 1200 से अधिक बच्चियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा है। अफगानिस्तान में तालिबान एवं अफ्रीका में बोकोहरम गुट यही करता है। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी मामले की जांच की बात कहते तो हैं मगर उनकी कट्टरपंथी शिया इस्लामी पार्टी के महिलाओं के प्रति क्रूर रवैये से पूरी दुनिया वाकिफ है। 22 वर्षीया महसा अमिनी को इसी सरकार ने मारा। विडंबना है कि ईरान में विकसित हो रही इस तालिबानी महिला-विरोधी मानसिकता के खिलाफ भारत के आंदोलनकारी खामोश रहते हैं। ईरानी महिलाओं व बच्चियों के प्रति समर्थन भारत समेत सारी दुनिया में मजबूत किया जाना चाहिए।

**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### भयभीत माफिया

**एक समय** देश के सबसे बड़े प्रदेश यूपी में बाहुबलियों का बोलबाला था। उनकी दहशत हर तरफ फैली थी। अपनी मर्जी से ये बाहुबली किसी को भी अपना शिकार बना लेते थे और पुलिस प्रशासन भी मदद करने की स्थिति में नही था। परन्तु वर्तमान समय मे प्रदेश की स्थिति बिल्कुल उलट गई है। कभी सबको डराने वाले आज स्वयं ही डरने लगे हैं। इसका कारण है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। सपा के पूर्व सांसद व बाहुबली अतीक अहमद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके कहा है कि मुझको अपनी जान का खतरा है। मेरठ के किला परीक्षितगढ़ में भी एक बदमाश ने योगी के डर से थाने जाकर गिरफ्तारी देते हुए कहा कि मुझको अब डर लगने लगा है। पहले कई माफियाओं ने गले में तख्ती डालकर खुद को थाने में बंद कराया था। विकास दुबे ने पिछली सरकारों में भी बड़े बड़े नरसंहार किये थे पर योगी सरकार में उसे सजा मिली। उमेश पाल हत्याकांड में योगी जी की त्वरित कार्रवाई से बचे माफियाओं को भी डर लगने लगा होगा। आज प्रदेश में कोई दंगा कराने की सोचता भी नहीं है। आज प्रदेश की जनता स्वयं को सुरक्षित अनुभव कर रही है।

**ललित शंकर**, गाजियाबाद

### जैव-विविधता संरक्षण

**जैव-विविधता** में हमारे ग्रह पर जीवन की कुल मात्रा और विविधता शामिल है जो पृथ्वी के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हाल ही में आयोजित 2022 का संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन कनाडा के मांट्रियल में आयोजित किया गया था। इस बारे में बहुत सारी चुनौतियां हमारे सामने हैं जैसे पर्यावास हानि व विखंडन, जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियां, अति दोहन, प्रदूषण जागरूकता व उसका महत्व समझने में कमी तथा गरीबी व असमानता। भारत सरकार ने जैव-विविधता संरक्षण की चुनौतियों से निपटने के लिजए अनेक पहलें की हैं जिनमें अमृत धरोहर योजना, एपीएम प्रणाम योजना व मिष्ठी पहल शामिल है। इसके अतिरिक्त हरित ऋण कार्यक्रम और हरित भारत के लिए राष्ट्रीय मिशन से हम मौजूदा वन भूमि की रक्षा कर सकते हैं। इसके लिए एक विज्ञान आधारित निगरानी कार्यक्रम व परिस्थितिकी तंत्र की संवहनीयता की आधुनिक अवधारणाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करना होगा। समग्र प्रयासों से ही हम जैव-विविधता संरक्षण कर सकेंगे।

**सुदर्शन सोराड़ी**, नानकमत्ता

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**समाजवाद** केवल नेताओं और उनके लोगों को शक्तिशाली बनाने का सबसे बड़ा पाखंड है।
- **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**अगर** आजादी के बाद 75 नियोजित शहर विकसित किए गए होते, आज दुनिया में भारत की जगह कुछ और होती।
- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**बिजली** और घरेलू गैस सिलेण्डर का दाम बढ़ाकर भाजपा सरकार ने आम जनता पर हमला बोला है।
- **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष

# यूपी में पहले चलती थी माफियाओं की समानान्तर सरकार: योगी

विधान परिषद

● सपा ने सदन से किया पूरे दिन के लिए वाकआउट

पायनियर समाचा सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** ने विधान परिषद में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री के सदन में पहुंचने से पूर्व ही मुख्य विरोधी दल समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने वाराणसी में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ पूरे दिन के लिए सदन से वाकऑउट कर दिया। सपा सदस्यों की गैरमौजूदगी में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। किसान बदहाल थे, आत्महत्या कर रहे थे, गरीब भुखमरी का शिकार थे, महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं। संगठित अपराध में लिप्त माफि याओं की समानांतर सरकार चलती थी। प्रदेश में हर तरह का माफिया हावी हो गया था। जिस उत्तर प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ करता था, पिछले छह वर्षों से उसी प्रदेश के नौजवानों को देश-दुनिया में सम्मान की निगाहों से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि एक बदला हुआ उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आज जिस गति के साथ आगे बढ़ा है, वह आम जनमानस में एक नया विश्वास भर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें गौरव की अनुभूति होती है कि यूपी आज वैल्यू सरप्लस स्टेट है। पहले बजट का 8 फीसदी भाग ऋण का ब्याज चुकता करने में जाता था, आज ये 6 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि अमृत काल का प्रथम बजट देश के सबसे बड़े राज्य में तब सामने आया है जब यूपी ने कोरोना महामारी का प्रकोप झेला। आज यूपी से कोरोना समाप्त है। यूपी विकास के सही ट्रैक पर आगे बढ़ रहा है। योगी ने आगे कहा कि इस बजट का थीम यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने वाला है। देश को पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए यूपी भी अपनी आबादी के हिसाब से सहभाग करने के लिए प्रयासरत हैं। आत्मनिर्भर यूपी की नींव को मजबूत करने के लिए ये बजट प्रस्तुत किया गया है।

### पहले सूबे में 5वीं के 56 फीसदी बच्चे हिन्दी तक नहीं पढ़ पाते थे

**सीएम** ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सपा को आइना दिखाया। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कार्य हुए हैं। यूपी में 2017 के पहले क्या स्थिति बना दी थी। 2017 के पहले सूबे में पांचवीं के 56 फीसदी बच्चे हिन्दी तक नहीं पढ़ पाते थे। प्राथमिक विद्यालय बदहाल थे। 26 हजार से ज्यादा स्कूल एक कमरे में चल रहे थे। यूपीपीएससी की हर परीक्षा पर सवाल उठते थे। आज हमने ऑपरेशन कायाकल्प के जरिए विद्यालयों की दशा सुधारने का कार्य किया है। पहले 1 करोड़ 34 लाख बच्चे यूपी के सरकारी स्कूलों में पढ़ते थे। आज 1 करोड़ 91 लाख बच्चे पढ़ रहे हैं। बच्चों को दो यूनिफॉर्म फ्री, बुक्स फ्री, जूता मोजा फ्री देने के साथ ही मिड-डे मील की गुणवत्ता सुधारी गई है। हमारी सरकार ने इन बच्चों की जाति, मत, मजहब नहीं देखा। इन बच्चों के हक को पहले हड़पकर दुनिया में अपने संसाधन बढ़ाने में लगे थे, तब आप लोगों को जाति नजर नहीं आती थी क्या। बच्चियां नंगे पैर स्कूल जाती थीं।

## पिछले छह साल में सीएम-डिप्टी सीएम से कोई मुकदमा वापस नहीं लिया गया

**सीएम** योगी ने अखिलेश यादव के मुकदमे वापस लेने के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि पिछले छह साल में मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री से कोई मुकदमा वापस नहीं लिया गया जबकि अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने खुद पर दर्ज मुकदमा वापस लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सच है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2016 में अपने साइन से अपने खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस लिया था।

मुझे आश्चर्य है कि मुकदमा वापस हुआ कैसे क्योंकि यह मुकदमा निर्वाचन आयोग दायर कराया गया था। उन्होंने कहा कि सपा के लोग दूसरों को उपदेश देते हैं और खुद जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हैं। योगी ने कहा कि सपा सरकार में अपराधी तो सत्ता के सरपरस्त थे ही देश द्रोही आतंकवादियों के मुकदमे भी वापस लिए जाते थे। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बिजनौर, कानपुर और रामपुर में उन अपराधियों और आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने का दुस्साहस भी समाजवादी पार्टी की सरकार ने किया था। उस समय हाईकोर्ट ने टिप्पणी तक की थी कि आज आप आतंकियों के मुकदमे वापस ले रहे हैं कल उन्हें पद्म पुरस्कार देने का भी काम करेंगे।

## जिन लोगों ने राम को कोसा था, जनता ने उन्हें कहां पहुंचा दिया

**रामचरित** मानस और गोस्वामी तुलसीदास पर सवाल उठाने वालों को सीएम योगी ने बृहस्पतिवार को को विधान परिषद में तीखा हमला किया। बिना किसी का नाम लिए सपा नेताओं पर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में जिन लोगों ने राम को कोसा था, जनता ने उन्हें कहां पहुंचा दिया। जो कहते थे अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता, वहां भगवान राम का भव्य मंदिर बनने जा रहा है। 2024 में जब भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तब पूरा भारत, पूरा विश्व हमारी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व की अनुभूति करेगा। उन्होंने कहा कि उनके संस्कार अपनी विरासत को कोसने वाले हैं, भगवान राम और मध्यकाल के महान संत तुलसीदास पर इस प्रकार की टिप्पणी कर रहे हैं, जिनकी विरासत पर देश दुनिया आकर्षित होती है। तुलसीदास जी ने जब रामचरित मानस लिखना प्रारंभ किया था, तब पोथी ही चोरी हो जाती है। समस्या कितनी ही बड़ी क्यों न हो, ईश्वर की कृपा हो तो कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। मध्य काल में उन्होंने भारत का मार्गदर्शन करने वाले रामचरित मानस की रचना की। यह धार्मिक ग्रंथ गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने रामचरित मानस के रूप में एक महाकाव्य दे दिया। उन्हें अकबर के दरबार में बुलाया गया था, तो उन्होंने इन्कार कर दिया था और कहा था कि मेरा एक ही राजा है। श्रीराम के अलावा मैं किसी को राजा नहीं मानता हूं। यह कौन लोग हैं, जो विरासत को अपमानित कर रहे हैं। एक विद्वान ने कहा है कि समस्या का समाधान इस पर निर्भर करता है कि आपका सलाहकार कौन था। दुर्योधन का सलाहकार शकुनी था और पांडवों के श्रीकृष्ण। इसीलिए कौरवों का नाश हो गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## सीएम ने तदर्थ शिक्षकों व आउटसोर्सिंग कर्मियों की समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया

**लखनऊ।** विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रदेश के तदर्थ शिक्षकों को होली से पहले राहत प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि तदर्थ शिक्षकों को कई महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। इसके अलावा बसपा के भीमराव अंबेडकर ने लाखों श्रमिकों के शोषण का मामला मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के तदर्थ शिक्षकों और सरकारी संस्थानों में आउटसोर्सिंग से नियुक्त कर्मचारियों की समस्याएं जल्द दूर करने का आश्वसन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील है। एक उच्च स्तरीय कमेटी इस मामले पर विचार कर रही है। जल्द ही इस मामले में फैसला ले लिया जाएगा। सरकार चाहती है कि हर तबको को सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। बसपा के सदस्य भीमराव अंबेडकर के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार ने संविदा कर्मचारियों को सातवां वेतनमान दिया है। आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा।

## सीएम के सामने भी छलकी सदस्यों की पीड़ा

**लखनऊ।** एमएलए से कमतर आंके जाने की विधान परिषद सदस्यों की पीड़ा बृहस्पतिवार को भी मुख्यमंत्री के सामने छलकी। मुख्यमंत्री ने भाजपा के सदस्य सुरेन्द्र चौधरी की मांग पर विधान परिषद सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। दोनों ही सदनों के सदस्य विधायक हैं। दोनों का बराबर सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस संबंध में बैठक करेंगे। विधान परिषद के सदस्य चाहते हैं कि उनसे भी विधायकों की तरह त्वरित विकास योजना के तहत विकास कार्यों के प्रस्ताव लिए जाएं। भाजपा के रवि शंकर सिंह पप्पू ने सभी सदस्यों को 100-100 हैंडपंप दिए जाने की मांग की। इस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि हब इसकी जरूरत कहां है। सरकार अब तो हर घर नल योजना के तहत सभी को पानी के कनेक्शन उपलब्ध करा रही है।

## नौकरशाही के कारण योजनाओं का भरपूर लाभ जनता तक नहीं पहुंच पाता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निर्दलीय** समूह के डॉ. आकाश अग्रवाल ने वर्ष 2023-2023 के बजट पर सामान्य चर्चा में बोलते हुए भ्रष्टाचार खत्म करने की पहल पर सरकार की सराहना की और मुख्यमंत्री द्वारा जनता की भलाई के लिए चलाई गई योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कहा कि कि सरकार के अच्छे कार्यों के बावजूद सरकार में मानवीय पहलुओं की कमी है। नौकरशाही के कारण सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पाता। सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के सुधीर गुप्ता ने बजट के समर्थन में कहा कि यह बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट है। यह बजट उत्तर प्रदेश का कायाकल्प करेगा और उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनेगा। भाजपा की डॉ. सरोजनी अग्रवाल ने बजट के समर्थन में कहा कि सर्वाधिक जनसंख्या वाला यह प्रदेश भारत की जीडीपी में अहम योगदान देता है। इन्वेस्टर्स समिट में 26 से अधिक देशों में भाग लेकर भारी भरकम निवेश किया है। भाजपा के अनूप गुप्ता ने बजट के समर्थन में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्र के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश कई क्षेत्रों में अग्रणी है। हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत है। भाजपा के जितेन्द्र सिंह सेंगर ने बजट के समर्थन में अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस का है। भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता से हम गौरवान्वित है। महिलाओं की सम्मान एवं सुरक्षा के लिए हमारी सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भाजपा के दिनेश कुमार गोयल ने कहा यह बजट गरीबों, किसानों और महिलाओं का हितैषी बजट है। आज उप्र में दुग्ध और गन्ना के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर है। भाजपा के कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि यह बजट लोक कल्याणकारी बजट है। जिसमें समता, ममता दोनों भरपूर देने वाला बजट है। प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि यह बजट युवाओं को आत्मनिर्भरता की नींव डालने वाला, श्रम शक्ति को बढ़ाने वाला बजट है तथा इन्वेस्टर्स समिट को अग्रसारित करने वाला बजट है। अविनाश सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की फसलों को सुरक्षित करने वाला, सुमंगला योजना, मातृत्व योजना, सामूहिक विवाह की उन्नति वाला बजट है। मैं इसका पूर-जोर समर्थन करता हूं। मंत्री संजय कुमार निषाद ने सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि यह बजट सड़क, सुरक्षा, चिकित्सा व्यवसाय को अग्रसारित करने वाला बजट है। भारत सरकार के 5 मिलियन डालर के लक्ष्य को पूरा करते हुए उत्तर प्रदेश-1 ट्रीलियन डालर को बनाने वाला बजट है। भाजपा के डॉ. मुकेश शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, उमेश द्विवेदी, विजय शिवहरे, ऋषि पाल सिंह, सत्यपाल सिंह, सुभाष चन्द्र यदुवंश, मानवेन्द्र प्रताप सिंह गुरुजी, अवधेश कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, प्रांशू दत्त द्विवेदी एवं अंगद सिंह ने भी वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त न सदन की बैठक 3 मार्च को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### प्रदेश में तीन साल में सामने आए नकली दवाओं के 371 प्रकरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते तीन साल के दौरान नकली दवाओं के 371 प्रकरण सामने आए। इनमें 222 प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों और फर्मों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय में परिवाद दाखिल किया गया। शेष प्रकरणों में कार्रवाई अभी प्रक्रियाधीन है। यह जानकारी बृहस्पतिवार को नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने विधान परिषद सदन में प्रश्नकाल के दौरान सपा के मान सिंह यादव की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में दी। मौर्या ने बताया कि नकली दवाओं के कारोबार पर रोक के लिए ड्रग विभाग नमूने एकत्र करता है। उनकी जांच रिपोर्ट आने के आधार पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय में परिवाद दाखिल करता है। नेता सदन ने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर को प्रत्येक माह 15 नमूने एकत्र करने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं सपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि नकली दवा का कारोबार इन्हीं ड्रग इंस्पेक्टरों की मिलीभगत से फैल रहा है। नमूने एकत्र करने के बाद ड्रग इंस्पेक्टर संबंधित व्यक्ति के साथ तय-तोड़ करते हैं। मामला पट जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की बजाए लीपापोती कर देते हैं। कुछ ही मामलों में कार्रवाई होती है।

## अपराधों में भारी कमी का दावा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सपा सरकार में पुलिस भागती थी और बदमाश दौड़ाते थे। उनकी सरकार में 700 से अधिक दंगे हुए थे। आज प्रदेश दंगामुक्त है। यूपी सबसे अच्छे निवेश के गंतव्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो सपा की तुलना में हमारी सरकार के दौरान प्रदेश में डकैती में 80.31 प्रतिशत, लूट में 61.51 प्रतिशत, हत्या में 33.45 प्रतिशत, बलवा में 51.65 प्रतिशत, फिरौती में 43.18 प्रतिशत और बलात्कार की घटनाओं में 21.75 प्रतिशत की कमी आई है। हमने पुलिस भर्ती में महिलाओं को बीस प्रतिशत स्थान दिया है। तीन महिला पीएसी बटालियन की स्थापना की गई है। एसएसएफ, एडीआरएफ और पीएसी की तीन नई बलालियन की स्थापना की गई है। पीएसी की उन 54 कंपनियों जिन्हें समाप्त कर दिया गया था उनका पुनर्गठन किया गया है। पुलिस महकमे में 1 लाख 60 हजार कर्मियों की भर्ती की गई है। साइबर क्राइम को कंट्रोल करने के लिए प्रदेश की प्रत्येक रेंज में साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गई है। एसएफएसएल लैब की स्थापना हुई है। लखनऊ में इंस्टीट्यूट आफ फोरेंसिक साइंसेज की स्थापना का काम चल रहा है।

## वाराणसी में अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ सपा ने किया वाकआउट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में प्रश्नकाल समाप्त होते ही सपा के आशुतोष सिन्हा ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि 1974 में विस्थापित सिंधी समाज के लोगों को चितरंजन पार्क के समीप दशाश्वमेध घाट के पास जमीनें और दुकानें दी गईं थीं, उन्हें आज बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया जा रहा है। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि इसकी लिखित सूचना पहले दें तभी इस पर चर्चा होगी। परन्तु सपा के सभी सदस्यों ने असंतुष्ट होकर अपनी बात न सुनने का आरोप लगाते हुए पूरे दिन के लिए सदन का त्याग कर दिया।

# एक सीओ सहित छह पुलिसकर्मियों को विशेषाधिकार समिति ने पाया दोषी

विधान सभा प्रश्नकाल

● विधानसभा में पुलिस कर्मियों को आज किया जाएगा तलब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** की अवमानना के एक मामले में एक क्षेत्राधिकारी सहित छह पुलिसकर्मियों को विशेषाधिकार समिति ने दोषी पाया है उन्हें दंडित किए जाने की भी संस्तुति की है। उन्हें क्या दंड दिया जाए। इस पर विधानसभा में शुक्रवार को चर्चा होगी साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को कल ही तलब किया गया है। इस बारे में गुरूवार को विधानसभा में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक को सभी छह पुलिसकर्मियों को कल सदन मे पेश किए जाने के निर्देश दिए है। प्रश्न प्रहर के बाद संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन के पूर्व सदस्य सलिल विश्नोई द्वारा सदन की अवमानना एवं विशेषाधिकार की सूचना 25 अक्टूबर 2004 को सदन में प्रस्तुत की थी। विशेषाधिकार समिति द्वारा 28 जुलाई 2005 में की गयी संस्तुतियों पर विधानसभा की विशेषाधिकार समिति द्वारा सदन की अवमानना के दोषी पुलिसकर्मियों को कारावास का दण्ड प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है। जिन पुलिसकर्मियों पर विशेषाधिकार समिति द्वारा कार्यवाही की संस्तुति की गयी है उनमें बाबूपुरवा के तत्कालीन क्षेत्राधिकारी अब्दुल समद, किदवईनगर के तत्कालीन थानाध्यक्ष रिषिकांत शुक्ला, तत्कालीन उपनिरीक्षक त्रिलोकी सिंह, तत्कालीन कांस्टेबिल छोटे सिंह यादव, विनोद मिश्र, मेहरबान सिंह यादव शामिल है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना इस प्रकरण में विधानसभाध्यक्ष से संबधित पुलिसकर्मियों को कल 3 मार्च बृहस्पतिवार को सदन में पेश किए जाने के संबंध में प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया। विधानसभाध्यक्ष ने इस मामलें में दोनों अधिकारियों को कल सदन में पेश किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने सभी पुलिसकर्मियों को सदन में तलबकर मार्शल के सुपुर्द किये जाने के निर्देश दिए।

### नशामुक्ति अभियान में सरकार पूरी तत्परता: नितिन अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रश्न प्रहर में रालोद के प्रसन्न कुमार ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति का मामला उठाते हुए कहा कि सरकार बताए कि युवाओं में बढ़ती नशाखोरी रोकने की दिशा में सरकार क्या प्रयास कर रही है। रालोद सदस्य ने कहा कि हरियाणा से लगे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मादक पदार्थों की आपूर्ति हो रही है। जवाब में आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि नशामुक्ति अभियान में सरकार पूरी तत्परता से लगी हुई है। प्रदेश में 3949 नशामुक्ति केन्द्र चलाए जा रहे है। इस संबंध में लोगों को ओपीडी के जरिए तथा भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। नशामुक्ति अभियान की दिशा में आयोजित होने वाली गोष्ठियां व चलचित्र के जरिए लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया जा रहा है। आबकारी मंत्री ने प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश के जनपदों से प्राप्त जानकारी के आधार पर वर्ष 2020 में 18 व्यक्तियों की अवैध शराब पीने से मृत्यु हुई है, वर्ष 2021 में 95 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। जनवरी व फरवरी 2022 में 9 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। इस प्रकार वर्ष 2020 से अगस्त 2022 तक कुल 122 व्यक्तियों की मृत्यु की घटना संज्ञान में आई है। मार्च 2022 से अद्यतन तक अवैध शराब पीने से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु की घटना संज्ञान में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोक-थाम के लिए आबकारी विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों के अपराध निरोधक क्षेत्रों में तैनात आबकारी स्टाफ द्वारा निरंतर प्रवर्तन की कार्यवाही की जाती है। इसके अतिरिक्त प्रभार स्तर पर कार्यरत आबकारी की प्रवर्तन इकाईयों द्वारा उप आबकारी आयुक्त, प्रभार के निर्देश पर पृथक-पृथक तथा जनपदों के सहयोगार्थ अवैध शराब के निर्माण व बिक्री के उन्मूलन के लिये कार्य किया जाता है। अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिये समय-समय पर विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाता है। प्रवर्तन अभियान को प्रभावी बनाये जाने के लिए प्रशासन, पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीमें गठित कर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाती है।

### नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत 49 जनपदों में हो रही गौ आधारित प्राकृतिक खेती

**लखनऊ।** विधानसभा में सपा विधायक पिंकी सिंह यादव ने प्रदेश में अमोनिया व मीथेन के उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य से प्राकृतिक खेती व कम्प्रेस्ड बायोगैस के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किये गये प्रयासों का विवरण सरकार से मांगा। इस पर सरकार ने जबाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों से वित्तीय वर्ष 2022-23 से आगामी 5 वर्षों तक बुन्देलखण्ड के 7 जनपदों के समस्त 47 विकासखण्डों में 23500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धनराशि 68.83 करोड़ रुपए की लागत से गौ आधारित प्राकृतिक खेती योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों से किया जा रहा है। इसी प्रकार केन्द्र पोषित नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत प्रदेश के 49 जनपदों में गौ आधारित प्राकृतिक खेती के क्रियान्वयन हेतु 85710 हेक्टेयर क्षेत्रफल की कार्ययोजना धनराशि 251 करोड़ रुपए लागत की स्वीकृत की गयी है, जिसका क्रियान्वयन वर्ष 2022-23 से प्रारम्भ किया गया।

स्वीकृत क्षेत्रफल में 62200 हेक्टेयर क्षेत्रफल गंगा नदी के तट से 5 किलोमीटर क्षेत्रफल की सीमा तक प्राकृतिक खेती के क्रियान्वयन हेतु सम्मिलित है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित जैव ऊर्जा नीति 2022 द्वारा कम्प्रेस्ड बायोगैस के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## पीएम व सीएम पर विपक्ष की टिप्पणी उचित नहीं: स्वतंत्र देव

**लखनऊ।** विधान सभा में गुरूवार को विभागवार बजट पर चर्चा शुरू हो गई। जिसके क्रम में सबसे पहले जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपने विभाग का बजट सदन में प्रस्तुत किया। बजट प्रस्तुत करने से पूर्व उन्होंने कहा कि सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर विपक्ष के सदस्यों द्वारा जो टिप्पणी की गयी वह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्यों द्वारा दोनो नेताओं की वेशभूषा पर टिप्पणी किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन पर भी अनावश्यक टिप्पणी से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बनने को अग्रसर है। सात साल में प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से उबरा है।

विभागीय बजट की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जल की गंभीरता को समझना चाहिए। अगला युद्व जल के लिए ही होगां। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से जलशक्ति के संर्वधन में लगी हुई है। जलशक्ति मंत्री द्वारा बजट प्रस्तुत करने के दौरान कही जा रही बातों पर, सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल यादव ने आपित्त दर्ज कराई। उन्होंने कहा यदि जलशक्ति मंत्री विभाग के बजाए इधर-उधर की बात करेंगे, तो वे सदन का परित्याग करेंगे। विधानसभाध्यक्ष ने जलशक्ति मंत्री को विषय पर ही केन्द्रित रहने का निर्देश दिया और शिवपाल यादव ने वाकआउट न करने का निर्णय लिया।

## सपा सरकार में अस्पतालों को बना दिया गया था तबेला: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर लगाए गए आरोपों पर जवाब देते हुए सपा पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल के दौरान अस्पतालों को तबेला बना दिया गया था। उनमें भैंसे पालते थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रदेश के एक-एक अस्पताल का निरीक्षण करूंगा और प्रदेशवासियों को उच्च कोटि की चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराऊंगा। पाठक बृहस्पतिवार को सपा सदस्य डॉ. मान सिंह यादव द्वारा 102 और 108 एंबुलेंस की बद्हाली के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से भेजी गई इन एंबुलेंस पर समाजवादी एम्बुलेंस लिखवाकर सपा सरकार ने जनता के पैसों का उपहास उड़ाने का का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि हमने एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम को सुधारा है। इसे आधे घंटे घटाकर 15 मिनट किया है। पूरे प्रदेश में अगर किसी भी व्यक्ति को उपचार को लेकर कोई समस्या है तो वह व्यक्तिगत तौर पर मुझे बता सकता है, मैं उसकी पूरी मदद करूंगा।

## भाजपा सरकार ने खेती-किसानों को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि किसान को अन्नदाता कहा जाता है लेकिन भाजपा सरकार में किसान सर्वाधिक उपेक्षित तथा अपमानित हो रहा है। किसान को उसकी फसल का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। सरकार की तरफ से कहा गया कि किसान की आय दोगुनी की जाएगी लेकिन किसान की आय दोगुनी करने की दिशा में कोई भी प्रयास नहीं हुआ। बिजली की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया है। किसानों को समय से खाद, पानी, बीज, कीटनाशक की सुविधा नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार ने किसान की खाद के दाम तो बढ़ा दिए हैं पर खाद की बोरी का वजन 5 किलो कम कर दिया है। निजी और सरकारी ट्यूबवेलों से सिंचाई करने में भी किसान को तमाम दिक्कते उठानी पड़ती है। अखिलेश ने कहा कि रायबरेली में सरकारी क्रय केन्द्रों पर 3000 किसानों का 25 करोड़ रूपया से अधिक का बकाया है। यह हालात तब है जब 72 घंटे में ही किसानों को धान खरीद का भुगतान करने का नियम है। होली नज़दीक है, किसानों को होली की खरीद के लिए पैसे चाहिए। सिंचाई और कृषियंत्रों की खरीद के लिए पैसा चाहिए। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही का नतीजा है कि अन्ना पशु किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। किसान रात-रात भर खेतों में जाग कर रखवाली करने को मजबूर है। जिन किसानों की फसल बुरी तरह बर्बाद हुई है, भाजपा सरकार ने उन्हें पर्याप्त मुआवजा देने का भी काम नहीं किया है। किसान अपनी हालत पर रोए नहीं तो क्या करे। अखिलेश ने कहा कि वास्तव में भाजपा सरकार ने खेती और किसानों को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा सरकार में आलू किसान बर्बाद हो गया है। किसान का आलू नहीं खरीदा गया है। गन्ना किसानों का 6 हजार करोड़ रूपए अभी भी बकाया है। गन्ना, गेहूं, धान किसान सभी परेशान और दु:खी है। भाजपा सरकार की नीतियों से किसान नहीं, पूंजीघराने ही लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हित में ही समस्त सरकारी नीतियां कार्यान्वित कर रही हैं। भाजपा सरकार की नीतियों से जब सभी दु:खी और परेशान हैं तो लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा सरकार का सत्ता से बाहर जाना तय है।

## थारुओं के विकास के लिए सरकार की कई योजनाएं संचालित: असीम अरुण

**लखनऊ।** विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा की सदस्य डा. रागिनी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार जनजाति से जुड़े लोगों के स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की गरज से केजीएमयू के एक चिकित्सा दल द्वारा लखीमपुर और बलरामपुर में जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हें दवाएं मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि थारूओं के विकास के लिए सरकार द्वारा योजना संचालित है। समाज कल्याण राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास की पक्षधर है और इसी दिशा में सरकार समाज के हर वर्ग के लिए समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है। सपा की ही एक अन्य सदस्य पूजा ने महिलाओं के आरक्षण में एससी एसटी की महिलाओं का आरक्षण दिए जाने का मामला उठाया। इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना का कहना था कि महिला आरक्षण की बात उठाने वाले दल को यह सोचना चाहिए कि उनके ही दल के नेताओं ने संसद में महिला आरक्षण बिल कर प्रतियां फाड़ी है। रालोद सदस्य समरपाल ने सदन में मंत्रियों द्वारा जिलों में समीक्षा बैठकों के दौरान सदस्यों का न बुलाए जाने का मामला उठाया इस पर विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने सरकार को निर्देश दिए कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि जिलों में होने वाली समीक्षा बैठकों में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित हो।

# डीएम ने कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**प्रदेश** सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से जीआईसी ग्राउंड में लगायी गयी तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन प्रतिनिधियों एवं अफसरों ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने आमजन से अपील की है कि 2 मार्च से 4 मार्च तक लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का संजीव चित्रण है। प्रदर्शनी से आम जनमानस को सरकार की योजनाओं की पूर्ण जानकारी मिल सकेगी। डीएम ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरुक करना मुख्य उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग प्रदर्शनी में आए और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत हों साथ ही उनको इसका लाभ मिल सके। सीडीओ ने बताया कि उप्र शासन की मंशानुरूप गरीब से गरीब आदमी तक सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहुंच सके, इसके लिए सजीव चित्रण इस प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया है। जो लोग पढ़ नहीं सकते हैं वे इस प्रदर्शनी में देखकर और सुनकर कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जान सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं यथा मुफ्त वैक्सीन, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, साढ़े चार लाख युवाओं को नौकरी, एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, मिशन रोज़गार, मिशन किसान, मिशन शक्ति, ओडीओपी सहित सबका साथ-सबकाविकास-सबका विश्वास, इरादे नेक-काम अनेक, एवं सोच ईमानदार-काम दमदार विषयक 02 से 04 मार्च 2023 तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन जिला मुख्यालय पर जीआईसी ग्राउंड में किया जा रहा है। प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला, पीडी केके पांडेय, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीपीओ संजय निगम, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, ईओ संजय कुमार, समाज कल्याण, पीओ डूडा, डीएसओ, बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्रीय गृहमंत्री से भेंट की

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य की कानून व्यवस्था पर उनके साथ चर्चा की। दोनों ने फैसला किया कि केंद्र और राज्य की सुरक्षा एजेंसियां सुरक्षा से जुड़े सभी मुद्दों से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, मान ने अजनाला घटना से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में शाह को बताया। अमृतसर के अजनाला में 23 फरवरी को स्वयंभू सिख उपदेशक एवं खालिस्तान से सहानुभूति रखने वाले अमृतपाल सिंह एवं उसके समर्थक अपने एक साथी की रिहाई के लिए एक थाने में पुलिसकर्मियों के साथ उलझ गए थे। इन प्रदर्शनकारियों के हाथों में तलवारें एवं बंदूक थीं। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को आश्वासन देना पड़ा था कि वह अमृतपाल सिंह के सहयोगी एवं अपहरण मामले में आरोपी लवप्रीत सिंह को रिहा करेगी।

# तमिलनाडु में प्रवासियों पर हमले की खबरों को लेकर बिहार में राजनीतिक बयानबाजी

**भाषा।** पटना

**तमिलनाडु में** प्रवासी श्रमिकों पर हमलों की खबरों पर जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को मामले को देखने का निर्देश दिया वहीं विपक्षी भाजपा ने उपमुख्यमंत्री के दक्षिणी राज्य के दौरे की आलोचना की। नीतीश ने ट्वीट कर कहा, मुझे समाचार पत्रों के माध्यम से तमिलनाडु में काम कर रहे बिहार के मजदूरों पर हो रहे हमले की जानकारी मिली है। मैंने बिहार के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों से बात कर वहां रह रहे प्रदेश के श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके तुरंत बाद हालांकि बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि तमिलनाडु में पुलिस द्वारा रिपोर्टों को भ्रामक और अफवाह करार देते हुए कहा है कि सभी हिंदी भाषी लोग उस राज्य में सुरक्षित हैं।

बिहार में महागठबंधन में शामिल सबसे बडी पार्टी राजद के नेता तेजस्वी यादव बुधवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन के जन्मदिन पर आयोजित एक समारोह में हिस्सा लेने चेन्नई गए थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने तेजस्वी पर बिहारी स्वाभिमान के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाते हुए कहा, यह अफ़सोस की बात है कि ऐसे समय में जब तमिलनाडु में बिहारियों पर हमले हो रहे हैं, हमारे उपमुख्यमंत्री उस राज्य का दौरा करते हैं। जाहिर तौर पर वह अपने ही राज्य के लोगों के खिलाफ हिंसा करने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का सम्मान करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ने भले ही ट्विटर पर अपनी पीड़ा व्यक्त की हो लेकिन उन्हें उपमुख्यमंत्री के इस आचरण पर सवाल करने की उनमें हिम्मत नहीं है।

जायसवाल ने कहा कि हम मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री सार्वजनिक करें कि तमिलनाडु में हिंसा के मौजूदा दौर में बिहार के कितने लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में बिहारी श्रमिकों की दुर्दशा से हम आहत है और यह एक ऐसा दिन है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी पार्टी ने त्रिपुरा और नागालैंड जैसे उत्तर-पूर्वी राज्यों में शानदार जीत दर्ज की है। लेकिन हम इसको लेकर जश्न मनाने में स्वयं असमर्थ पाते हैं।

बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि तमिलनाडु में हुई हिंसा के मामले का पर अविलम्ब संज्ञान लिया गया है और पुलिस महानिदेशक ने तमिलनाडु के पुलिस प्रमुख से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली है।

# विज्ञान संचार को लेकर विशेषज्ञों ने किया मंथन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ने एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. अफरीना रिजवी थीं। अन्य अतिथियों में प्रो. सुंग क्यूम चो, डॉ. वीपी सिंह, प्रो. गेब्रियल गोमेज और तारिक बदर शामिल थे। स्वागत भाषण जीडी गोयनका विवि के कुलपति डॉ. तबरेज अहमद ने दिया। उन्होंने छात्रों को जीवन के अपने अनुभवों के साथ वैज्ञानिक सोच रखने के लिए प्रेरित किया और विज्ञान के महत्व के बारे में बात करते हुए कहा कि विज्ञान और विज्ञान संचार मानव जीवन को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से चलाने में सहायक है। डॉ. अफरीना रिज़वी ने भारत से कुछ जमीनी स्तर के केस अध्ययनों पर चर्चा के साथ विज्ञान संचार के एक ठोस वैचारिक और सैद्धांतिक उपक्रम के महत्व के बारे में बात की। विज्ञान संचार पर की गयी यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी हाइब्रिड मंच पर आयोजित की गई थी और इसमें देश और दुनिया भर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. सुंग क्यूम चो ने विज्ञान संचार के क्षेत्र में अंत: विषय अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। डॉ. गेब्रियल गोमेज ने दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग की सलाह दी और इस बात पर जोर दिया कि विज्ञान संचार का उद्देश्य हमारे आसपास की समस्याओं को समझना और अनुसंधान के माध्यम से संभावित समाधान खोजना होना चाहिए। डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय संस्कृति की सच्ची भावना यह मांग करती है कि हम ज्ञान का उपयोग केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए न करके समाज के उत्थान के लिए करें। तारिक़ बदर ने विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोग की जाने वाली तकनीकों को साझा किया।

## अदालतें कानून नहीं बना सकतीं यह मिथक पहले ही टूट चुका है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यह सिद्धांत एक मिथक है कि अदालतें कानून नहीं बना सकतीं और यह बहुत पहले ही टूट चुका है। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ के नेतृत्व वाली पांच-सदस्ईय संविधान पीठ ने यह बात उस वक्त कही जब इसने फैसला सुनाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति उस समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और चीफ जस्टिस शामिल होंगे। निर्णय में संविधान की मूल संरचना के हिस्से के रूप में शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक समीक्षा के सिद्धांतों पर उल्लेख किया गया। इसने जोर देकर कहा कि जब कोई अदालत किसी कानून या संशोधन को असंवैधानिक घोषित करती है, तो उस पर शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन करने या संविधान द्वारा निर्धारित सीमाओं का पालन नहीं करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता।

# जिलाधिकारी ने छोटी काशी के प्रस्तावित कॉरिडोर पर्यटन विकास की कार्ययोजना पर किया मंथन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**गोला** की सांस्कृतिक विरासत को संजोने, संवारने,परंपराओं के संरक्षण, संवर्द्धन तथा पर्यटन को बढ़ावा देने एवं छोटी काशी गोला शिव मंदिर कॉरिडोर के संकल्प को जमीन पर साकार करने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में अफसरों के साथ बैठक लीए सर्वे रिपोर्ट तैयार करने पर चर्चाए मंथन करते हुए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि गोला के पर्यटन विकास एवं छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ाएए इसके लिए संकल्पित होकर काम करें। यह मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। उन्होंने संबंधित विभागोए उनके अफसरो से कॉरिडोर के प्रस्तावित प्रक्षेत्र का सर्वे व मूल्यांकन की प्रगति जानी। निर्देश दिए कि सर्वे एवं मूल्यांकन



समयबद्धता से पूर्ण कराते हुए इसकी रिपोर्ट शासन को प्रेषित होए ताकि जमीन पर कॉरिडोर के संकल्प को साकार किया जा सके। डीएम ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ छोटी काशी गोला कॉरिडोर के प्रस्तावित क्षेत्र के संबंध में तैयार किए गए प्रस्ताव पर गहन मंथन किया एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम रत्नाकर मिश्राए तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता ने प्रस्तावित कार्य ओर से जुड़ी हर छोटी.बड़ी जानकारी दी। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंहए एसडीएम रत्नाकर मिश्राए तहसीलदार विनोद गुप्ताए सहायक आयुक्त एवं निबंधक स्टांप संजय द्विवेदीए पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्र चौधरीए ईई पीडब्लूडी तरुणेद्र त्रिपाठीए अनिल यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### प्राथमिक विद्यालय बसारा का वार्षिकोत्सव आयोजित



**बेहजम खीरी।** विकासखंड बेहजम में शिक्षा विभाग के द्वारा नयी सोच और नई पहल के साथ ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों को योगी सरकार की मंशानुरूप अच्छी शिक्षा और अच्छे सुंदर परिवेश में उन्हें अच्छे संस्कार मिले। जिसके मद्देनजर प्राथमिक विद्यालय बसारा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को नयी शिक्षा नीति से तकनीकी रूप शिक्षित करने के उद्देश्य से विद्यालय में प्रोजेक्टर का शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिसर में कायाकल्प कर कमरों में टायल्स और शौचालय के साथ साथ फूल बूटों की बागवानी का कार्य ग्राम पंचायत प्रधान के सहयोग से कराते गये। वहीं कार्यक्रम में मां सरस्वती जी और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर मुख्य अतिथि जिला बेसिक अधिकारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय और खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाशंकर राज जिला पंचायत सदस्य के साथ माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना और राष्ट गीत गाकर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया गया। कार्यक्रम में आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश दीपक गुप्ता ने आगंतुक अतिथि गणों को बैच लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

### पुलिस मुठभेड़ में दो गौ-तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

**बरेली।** पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया उनका एक साथी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया पुलिस ने गौ तस्करों के पास से अवैध हथियार व अन्य सामान बरामद किया उन्हें पुलिस ने जेल भेजकर उनके फरार साथी की तलाश शुरू कर दी। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव परतापुर जीवन सहाय में रहने वाले भोजीपुरा के गांव घंगोरा घघोरी के मूल निवासी 25 वर्षीय जफर उर्फरमन कालिया पुत्र नजीर अहमद और भोजीपुरा के गांव घंगोरा गंगोरी निवासी तस्लीम पुत्र नौशे ठेकेदार को पुलिस ने बीती रात भोजीपुरा में दीदार पट्टी गांव में सिद्धिविनायक अस्पताल के पीछे से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया जबकि उनका एक साथी भोजीपुरा के गांव भूड़ा का रहने वाला भूरा पुत्र मुबारिक मौका देकर फरार हो गया पुलिस के अनुसार रात के समय जंगल में गौवंशीय पशुओं को काटने के लिए जा रहे तीन बाइक सवार गौ तस्करों को देखकर पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तब उन्होंने फायरिंग कर दी पुलिस ने जवाबी फायरिंग कर उनके पैर पर फायरिंग जिससे जफर और तस्लीम पैर में गोली लगने से घायल हो गए पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया मौके से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल दो तमंचे कारतूस और गोवंश के पशुओं को काटने के काम आने वाले औजार आदि बरामद किए पुलिस ने गिरफ्तार गोवंश तस्करों को जेल भेज कर उसके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी।

### बड़े लाट साहब के जुलूस के मद्देनजर किया रूट का भ्रमण

**शाहजहांपुर।** नगर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह ने आगामी बड़े लाट साहब के जुलूस के दृष्टिगत मार्ग का भ्रमण किया। उन्होंने थाना कोतवाली से चारखम्भा, चारखम्भा से केरूगंज, केरू गंज से अंटा चौराहे तक के मार्ग को देखा। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिए कि जुलूस के मार्ग को दुरुस्त किया जाये। रिस्टोरेशन कार्यों को तत्काल पूर्ण कराए जाने के निर्देश देते हुए नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि जुलूस के मार्ग में कोई गड्ढे इत्यादि न हों, यह सुनिश्चित किया जाये। सिटी मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह ने बताया कि किसी की धार्मिक भावनाओं को कोई ठेस न पहुंचे, इसके लिए धार्मिक स्थलों को ढका जा रहा है। यह जिम्मेदारी प्रशासन की तरफसे नगर निगम टीम को सौंपी गई है। लाट साहब के जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तैयारी लगभग मुकम्मल हो चुकी है।

### सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध ने दम तोड़ा

**बरेली।** दावत से घर वापस लौट रहे मोटरसाइकिल सवार वृद्ध को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बदायूं से बिसौली थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी 75 वर्षीय लालाराम कि बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 23 फरवरी को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि लालाराम घटना वाले दिन फतेहपुर गांव में अपने एक रिश्तेदार के घर दावत में शामिल होने गए थे जहां से वापस लौटते समय गांव मैं स्थित प्याऊ के पास तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई स्थानीय लोगों ने घरवालों को सूचना दी तब मौके पर पहुंचे घर वाले उसे इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल ले आए जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक दो बेटियों का पिता था।

## युवक की मौत पर हंगामा, हत्या की आशंका

**संवाददाता।** निघासन खीरी

**निघासन** के ग्राम पंचायत सिसवारी परवेश उर्फ पिंटू /कंधई लाल 28 फरवरी की शाम को घर से बाहर निकला। रात 12: 00 बजे के बाद रान नगर से पूरन सिंह का फोन आया कि परवेश उर्फ पिंटू मेरे घर पर ग्राम रान नगर में पड़ा हुआ है। दिनांक 1 मार्च दिन बुधवार को सुबह 6: 00 ई रिक्शा पर बैठकर घर आया। सुनीता देवी ने बताया कि मेरे पति का दिमागी संतुलन ठीक नहीं है। 2 मार्च को सुबह 7: 00 परवेश उर्फपिंटू की मृत्यु हो गई। जिससे गांव में शोर-शराबा मच गया। कुछ लोगों का कहना है कि उसके शरीर पर डंडों के निशान हैं। उसे मारा पीटा गया है जिससे उसकी मृत्यु हुई है। तिकुनिया थाना प्रभारी राजू राव एसआई फरीद खान ने मौके पर पहुंचकर बॉडी का पंचनामा किया। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि पोस्टमार्टम हो जाने के बाद सारी चीजों का खुलासा होगा। उसके बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जब पूरन सिंह रन नगर से बातचीत हुई तो उन्होंने बताया कि रात में चार पांच लोग भागते हुए मुझे मिले। मैंने इनको रात में रोका तो मुझसे मारपीट करने लगे फिर सारे लोग भाग गए। प्रवेश उर्फ पिंटू रह गया वहां जब उससे पूछा तो उसने बताया कि मैं सिसवारी का रहने वाला हूं तो पूरन सिंह ने उससे पूछा कि यह लोग कौन थे तो उसने बताया कि मुझ से पैसा छीनना चाहते थे। पूरन सिंह ने बताया कि मैंने पिंटू से घर का फोन नंबर मांगा तो उसने अपनी पत्नी का नंबर दिया। फिर मैंने फोन किया और कहा कि परवेश उर्फ पिंटू मेरे घर पर पड़ा है उसे उठा ले जाओ लेकिन उसे उठाने कोई आया नहीं।



## उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समूह ग के पदों के लिए साक्षात्कार न लेने का निर्णय लिया

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने सरकारी सेवाओं के लिए आयोजित परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए समूह ग के तकनीकी और गैर तकनीकी पदों के लिए साक्षात्कार न लेने तथा वर्तमान पेराई सत्र के लिए पिछले साल के गन्ना मूल्य को यथावत रखे जाने के निर्णय को मंजूरी दे दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ए फैसले किए गए। उन्होंने बताया कि समूह ग की परीक्षाओं में साक्षात्कार हटाए जाने से प्रतियोगी परीक्षाओं में एकरूपता, शुचिता एवं पारदर्शिता बनी रहेगी तथा समय से भर्तियां होंगी जिससे कार्मिक प्रबंधन सुदृढ़ होगा। साक्षात्कार प्रक्रिया को हटाने के लिए समूह ग के पदों पर साक्षात्कार प्रक्रिया विखण्डन नियमावली, 2023 लागू की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में की गई घोषणा के एक दिन बाद ही मंत्रिमंडल ने इस पर मुहर लगा दी। वहीं, एक अन्य निर्णय में, वर्तमान पेराई सत्र 2022-23 में सहकारी एवं निजी क्षेत्र की चीनी मिल द्वारा क्रय किए जाने वाले गन्ने के लिए राज्य परामर्शी समिति द्वारा पिछले पेराई सत्र का राज्य परामर्शित मूल्य यथावत रखे जाने की संस्तुति को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। उक्त संस्तुति के क्रम में पेराई सत्र 2022-23 के लिए अगेती प्रजाति के लिए 355 रुपए क्विंटल जबकि सामान्य प्रजाति के लिए 345 रुपए क्विंटल तय किया गया है। मंत्रिमंडल ने 28 से 30 मार्च तक, 25 से 27 मई तक और 26 से 28 जून तक उत्तराखंड में होने वाली जी-20 की बैठकों के प्रस्तावित आयोजनों के लिए विभिन्न कार्यों की स्वीकृति के वास्ते मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार समिति के गठन को भी मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने सड़क दुर्घटनाओं में यात्री की मृत्यु, घायल व गंभीर रूप से घायल होने पर दी जाने वाली दुर्घटना राहत राशि वितरित करने के लिए मजिस्ट्रेट जांच की अनिवार्यता को भी खत्म कर दिया।

## सभी को हमारे पारंपरिक ज्ञान भंडार की मूलभूत जानकारी होनी चाहिए: भागवत

**नागपुर( भाषा )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हर भारतीय के पास देश के पारंपरिक ज्ञान भंडार की कुछ मूलभूत जानकारी होनी ही चाहिए। वह नागपुर जिले के कन्होलिबरा में आर्यभट्ट एस्ट्रोनोमी पार्क के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, हमारे पास परंपरागत रूप से जो है, उसके बारे में हर व्यक्ति के पास कम से कम मूलभूत जानकारी होनी चाहिए, इसे शिक्षा प्रणाली तथा लोगों के बीच आपसी बातचीत से हासिल किया जा सकता है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि ऐतिहासिक दृष्टि से भारत में चीजों को देखने का वैज्ञानिक नजरिया रहा है लेकिन आक्रमणों के कारण हमारी व्यवस्था नष्ट हो गई और ज्ञान की हमारी संस्कृति विखंडित हो गई। उन्होंने कहा कि यदि भारतीय अपने पारंपरिक ज्ञान-विज्ञान आधार को खंगाले और उन्हें यह मिले कि वर्तमान दौर में जो स्वीकार्य है, वह पहले भी था तो, दुनिया की कई समस्याओं का हमारे समाधानों से हल किया जा सकता है। उन्होंने भारत के बाहर कई देशों को ज्ञान के स्वामित्व का गुमान होने का दावा करते हुए कुछ ऐसे देशों का उदाहरण दिया जो योग की जन्मस्थली होने का दावा करते हैं और उसपर स्वामित्व अधिकार पाने के लिए पेटेंट भी फाइल करते हैं।

भागवत ने कहा, ज्ञान चाहने वाले को ज्ञान दिया जाए। ज्ञान सभी तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि अन्य लोग बिना अनुमति ज्ञान लेना चाहते हैं तो ऐसे में जरूरी है कि हमें कम से कम यह पता हो कि हमारी परंपरा में कौन-कौन सी बातें हैं। उन्होंने कहा कि भारत का पारंपरिक ज्ञान भंडार विशाल है , हमारी कुछ प्राचीन पुस्तकें गायब हो गईं जबकि कुछ के मामलों में निहित स्वार्थी तत्वों ने प्राचीन कृतियों में गलत दृष्टिकोण डलवा दिए।

# पेज एक का शेष

## त्रिपुरा और...

के लिए चुनाव लड़ा। जाखालू ने लोकजनशक्ति पार्टी के अजीतो झिमोमी को हराया। यह साफ होने के तुरंत बाद कि भाजपा दो राज्यों में जीत रही है तथा तीसरे राज्य में गठबंधन में शामिल रहेगी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर के लिए इसे 'ऐतिहासिक दिन' करार दिया और कहा कि स्पष्ट है कि यह विकास और समृद्धि के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली भाजपा लोगों की वरीयता है। शाह ने त्रिपुरा में पार्टी की फिर वापसी को विकासवादी राजनीति की जीत करार दिया और नगालैंड के लोगों को शांति तथा प्रगति चुनने के लिए धन्यवाद दिया। भाजपा ने अपने सहयोगी एनडीपीपी के साथ नगालैंड में बहुमत हासिल किया है। उन्होंने भाजपा के लिए मेघालय की जनता के समर्थन और आशीर्वाद के लिए आभार जताया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी लोगों की सेवा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रहने देगी।

## भाजपा की...

ने त्रिपुरा में जीत के लिए बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, धन्यवाद त्रिपुरा, यह प्रगति और स्थिरता के लिए वोट है। भाजपा त्रिपुरा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना जारी रखेगी। मुझे जमीनी स्तर पर उनके शानदार प्रयासों के लिए त्रिपुरा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व है। नगालैंड में सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)-भाजपा गठबंधन ने 33 सीटें जीतकर 60 सदस्ईय विधानसभा में बहुमत हासिल कर लिया। एनडीपीपी ने 21 सीटें जीती हैं जबकि भाजपा ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की है।

## चुनाव आयुक्तों...

रहने चाहिए और संविधान और कानूनों का पालन करना चाहिए। उसने कहा कि लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब सभी हितधारक इस पर बिना पूरी ईमानदारी के साथ काम करें और लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू बहुत सतर्क चुनावी प्रक्रिया है, जिसकी शुचिता ही लोगों की इच्छा को दर्शाती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है कि निर्वाचन आयोग को कार्यपालिका के सभी प्रकार के हस्तक्षेप से अलग रहने का उल्लेखनीय कार्य करने की आवश्यकता है। पीठ ने निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 324 का उल्लेख करते हुए कहा कि संसद ने इस संबंध में संविधान की आवश्यकता के अनुसार कोई कानून पारित नहीं किया है। शीर्ष अदालत ने पूर्व नौकरशाह अरुण गोयल को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने में केंद्र द्वारा दिखाई गई जल्दबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा था कि उनकी फाइल 24 घंटे में विभिन्न विभागों से तीव्र गति से पास हो गई थी। केंद्र ने न्यायालय की टिप्पणियों का विरोध किया था और अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने कहा था कि गोयल की नियुक्ति से जुड़े पूरे मामले पर विस्तारपूर्वक गौर किया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग (चुनाव आयुक्त की सेवा और कारोबार का संव्यवहार शर्तों) अधिनियम, 1991 के तहत निर्वाचन आयुक्त का छह साल या 65 वर्ष की आयु तक का कार्यकाल हो सकता है। पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी गोयल को 19 नवंबर को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। अपनी नई भूमिका संभालने के बाद, गोयल मौजूदा सीईसी राजीव कुमार के फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने के बाद अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। निर्वाचन आयोग में उनका कुल कार्यकाल पांच साल से अधिक का होगा।

## वैश्विक चुनौतियों...

में अध्यक्ष के सारांश और परिणाम दस्तावेज को अपनाया गया। उन्होंने कहा कि समूह ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए संकल्प व्यक्त किया है। जयशंकर ने यह भी कहा कि जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में स्पष्ट रूप से आतंकवाद की निंदा की गई। जर्मन विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक, ब्रिटिश विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली और यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस की आलोचना की, जबकि चीन के किन गांग ने संघर्ष को हल करने के लिए 12-सूत्रीय चीनी शांति योजना का उल्लेख किया। समझा जाता है कि भारतीय पक्ष विदेश मंत्रियों की बैठक में एक संयुक्त बयान पर सहमति बनाने की बहुत कोशिश कर रहा है, लेकिन पश्चिम के कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध को लेकर पूर्व-पश्चिम के तनावग्रस्त संबंधों के कारण इसकी संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व जी-20 से वृद्धि, विकास, आर्थिक लचीलेपन, आपदा, वित्तीय स्थिरता, अंतरराष्ट्रीय अपराध, भ्रष्टाचार, आतंकवाद और खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों को कम करने की उम्मीद करता है। मोदी ने यूक्रेन या अन्य किसी विवादास्पद मुद्दे का जिक्र किए बिना कहा कि जी-20 में इन सभी क्षेत्रों में आम सहमति बनाने और ठोस परिणाम देने की क्षमता है। हम जिन मुद्दों को हल नहीं कर सकते, उन्हें उन मामलों के संदर्भ में बाधक नहीं बनने देना चाहिए, जिनका समाधान हम निकाल सकते हैं। मोदी ने कहा कि चूंकि आप बुद्ध और गांधी की भूमि में एकत्रित हुए हैं, मैं निवेदन करता हूं कि आप भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रेरणा लें, जो हमें विभाजित करने वाले मुद्दों की बजाय एकजुट करने वाले मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, चीन के विदेश मंत्री किन गांग, ब्रिटेन के मंत्री जेम्स क्लेवरली और विदेश मामलों के लिए यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल फोटोसेशन विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। मोदी ने कहा कि आप ऐसे समय में मिल रहे हैं जब वैश्विक स्तर पर गहरे मतभेद हैं। विदेश मंत्रियों के रूप में, यह स्वाभाविक है कि आपकी चर्चाएं आज के भू-राजनीतिक तनावों से प्रभावित हों। इन तनावों को कैसे हल किया जाना चाहिए, इस पर हम सभी के अपने अपने रुख और दृष्टिकोण हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारी उन लोगों के प्रति भी जिम्मेदारी है, जो यहां नहीं हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक ट्वीट में कहा कि मैं आज दो अनिवार्यताओं के साथ जी-20 गया था।

## हाथरस कांड...

संक्रमण के बीच बड़ी सभाओं पर प्रतिबंध लगाने के आदेशों का हवाला देते हुए राहुल गांधी को वहां जाने की पुलिस ने अनुमति नहीं दी थी। बाद में वह हाथरस गए थे।

## समिति करेगी...

समिति इस मामले में पूरी स्थिति का आकलन करेगी और निवेशकों को जागरूक करने और शेयर बाजारों की मौजूदा नियामकीय व्यवस्था को मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ वित्तीय सांविधिक निकायों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन को जांच में पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि समिति निवेशकों को जागरूक करने के उपाय सुझाएगी और यह भी जांच करेगी कि क्या अडाणी समूह या अन्य कंपनियों के मामले में प्रतिभूति बाजार के संदर्भ में नियमों के कथित उल्लंघन से निपटने में किसी तरह की नियामकीय चूक तो नहीं हुई।

## जयशंकर ने...

तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं आती। जयशंकर ने करीब आठ महीने पहले बाली में जी-20 की एक बैठक से इतर तत्कालीन चीनी विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की थी। उन्होंने सात जुलाई को हुई एक घंटे की बैठक के दौरान वांग को पूर्वी लद्दाख में लंबित सभी मुद्दों के जल्द समाधान की जरूरत का संदेश दिया था। तब विदेश मंत्री ने वांग से कहा था कि दोनों देशों के बीच संबंध आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित होने चाहिए। वांग पिछले साल मार्च में भारत आए थे। दोनों पक्षों ने सैन्य वार्ता के 16वें दौर में लिए गए फैसलों के अनुरूप पिछले साल सितंबर में गोगरा-हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में स्थित पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 से सैनिकों को वापस बुलाया था। लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी सेनाओं के बीच डेमचोक और डेपसांग क्षेत्रों में टकराव की स्थिति बनी रही। भारत ने टकराव के बाकी बिंदुओं से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया था। भारत और चीन ने गत 22 फरवरी को बीजिंग में प्रत्यक्ष राजनयिक वार्ता की थी और पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थित टकराव वाले बाकी बिंदुओं से सैनिकों की वापसी के प्रस्ताव पर खुली और सकारात्मक चर्चा की थी। भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और सहयोग के लिए कार्य प्रणाली की रूपरेखा के तहत बैठक हुई।

# डीएम के फर्जी हस्ताक्षर वाले पत्र का रहस्य सात माह बाद भी बरकरार

## हाईप्रोफाइल प्रकरण में प्रशासन आखिर क्यों है बैकफुट पर

संवाददाता। फतेहपुर

**तत्कालीन** जिला अधिकारी अपूर्वा दुबे के फर्जी हस्ताक्षर वाले वायरल हुए पत्र काण्ड को सात माह हो गये किन्तु इस हाईप्रोफाइल प्रकरण को लेकर प्रशासनिक जिम्मेदारों के बीच जिस तरह का सन्नाटा पसरा है, उससे इसके रहस्य पर से पर्दा उठने की सम्भावना काफी कम हो चली है। सवाल बड़ा है कि जब डीएम के तथाकथित फर्जी हस्ताक्षरित पत्र का मसला दब सकता है तो बुलडोजर बाबा के राज में क्या कुछ अंधेरगर्दी नहीं हो सकती!

विगत 30 जुलाई को तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र का जिक्र ठीक उस समय बाहर आया था जब उनका शासन से स्थानांतरण आदेश जारी हो चुका था और पत्र के वायरल दिवस को उन्हें जनपद का चार्ज छोड़ना था। इस पत्र में 29 जुलाई की तारीख में उनके हस्ताक्षर थे! इस पत्र ने कुछ समय के लिये आम जनमानस, मीडिया और प्रशासनिक तपके को न सिर्फसकते में डाल दिया था, बल्कि हड़कम्प मच गया था। क्योंकि पत्र में स्पष्ट आदेश का सीधे-सीधे ताल्लुक जनपद के प्रथम नागरिक (जिला पंचायत अध्यक्ष)/वरिष्ठ भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पू से सम्बंधित था, इसलिये हड़कम्प मचना लाजिमी भी है। आनन-फानन में प्रशासन ने बाकायदे वक्तव्य जारी करके इस पत्र को फर्जी करार दे दिया और अगले दिन जिले की बागडोर सम्भालने वाली नवागत डीएम श्रुति ने इस पत्र से जुड़े सम्पूर्ण प्रकरण की जांच कराने और बाकायदे जांच टीम गठित करने की बात तक कही। इस हाईप्रोफाइल प्रकरण के पांच माह हो चुके है किन्तु रहस्य पर पर्दा अभी भी पड़ा हुआ है। न जांच टीम का कहीं अता-पता है

## जांच रिपोर्ट बाहर आए जाए तो हो कईयों पर सकती है बड़ी कार्रवाई

और न मामले से जुड़े राज पर से ही पर्दा उठ सका है, जबकि इस पत्र को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने वालों में सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ हाईप्रोफाइल लोग भी शामिल थे! इतना ही नहीं इस फर्जी पत्र का ताल्लुक कहीं न कहीं जिम्मेदारों की सीट के इर्द-गिर्द रहने वालो से भी जुड़े होने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है! सवाल यह उठता है कि जब डीएम के फर्जी हस्ताक्षरित पत्र को लेकर जिम्मेदार इतने संवेदनहीन हैं, तो आम व्यक्ति से जुड़े मसलों का हश्र क्या होता होगा! बुलडोजर बाबा के राज में गम्भीर प्रकरणों के बावत भी जिस तरह से हीला-हवाली का दौर जारी है, उससे ऐसे मामलों की निकट-भविष्य में पुनरवृत्ति की सम्भावनाएं बलवती हैं।

# अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल हों कोल आदिवासी : अनिल प्रधान

संवाददाता। चित्रकूट



**विधानसभा** में प्रश्नकाल के दौरान सदर विधायक अनिल प्रधान ने सरकार से पूछा कि कोल आदिवासी समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में कब शामिल करेंगी। विधायक ने बताया कि इन आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति एवं परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 का लाभ नहीं मिल पा रहा। विधायक ने इस दौरान बरगढ़ ग्लेट ग्लास फैक्ट्री की भी मुद्दा उठाया। सपा विधायक ने बताया कि सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, चित्रकूट बांदा और प्रयागराज जिलों में लगभग साढ़े सात लाख कोल आदिवासी हैं।

समाजवादी पार्टी की सरकार ने 2013 में जनजाति कल्याण मंत्रालय को आदिवासी समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की संस्तुति भेजी थी। अनुसूचित जाति जनजाति शोध प्रशिक्षण संस्थान से सर्वे भी कराया गया था। जनजाति की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ये आज भी लकड़ी बेचकर अपना गुजारा करते हैं। केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारें हैं। सरकार बताए कि कब कोल आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करेगी। इस दौरान विधायक ने इस बात पर चिंता जताई कि कोल आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति एवं परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 का लाभ नहीं मिल पा रहा तथा 75 वर्ष पूर्व का प्रमाण मांगा जा रहा है। इनको पुश्तैनी वनभूमि से भी बेदखल किया जा रहा है। विधायक ने चर्चा के दौरान बरगढ़ ग्लास फैक्ट्री चालू कराने की भी मांग रखी और बताया कि अगर इसे चालू कराया जाए तो क्षेत्र के हजारों नौजवानों को रोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने की स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध की जाएगी त्वरित कार्रवाई : सीडीओ

संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य** विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा समस्त एडीओ पंचायत एवं कंसल्टेंट्स इंजीनियरों के साथ बैठक संपन्न हुई, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन 2022-23 के तहत कार्यों का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा कार्यों का एक प्रमाण पत्र जियो टैग फोटो ग्राफ भी प्रस्तुत किया जाए, उन्होंने कहा कि जो जनपद में अभी भ्रष्टाचार सामने आया, इसलिए पूरी सतर्कता के साथ कार्य किया जाए, किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाये, गुणवत्ता एवं मानक का विशेष ध्यान रखें, उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही जो भी संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारी संलिप्त पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी, इसलिए चल रहे सामुदायिक शौचालय, सोकपिट, कंपोस्ट पिट के कार्यों को प्राथमिकता से करें तथा सचिव एवं प्रधान गणों के साथ समन्वय स्थापित कर छूटे हुए कार्यों को शीघ्र कराया जाए तथा इसका भौतिक सत्यापन साप्ताहिक रूप से किया जाए।

वहीं विकासखंड सरवनखेड़ा में कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने एडीओ पंचायत को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों में तेजी लाते हुए संपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द दुरस्त करने हेतु निर्देशित किया।

### सीडीओ ने अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**मुख्य** विकास अधिकारी ने विकास खण्ड सरवनखेड़ा में निर्माणाधीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेन्सी के अवर अभियन्ता राघवेन्द्र दीक्षित उपस्थित थे जिन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में अवगत कराया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अवर अभियंता को निर्देश दिए कि यह मार्च 2023 तक पूर्ण करवाते हुए संचालित कराया जाना था परन्तु उक्त कार्य अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण न होने से बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होगी। उन्होंने अवार अभियंता से इस सम्बन्धत में स्पष्टीकरण तलब करते हुए चेतावनी जारी किये जाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, कानपुर देहात के साथ समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर में संचालित कोचिंग सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण में उन्होंने देखा कि कोचिंग में छात्रों को यूपीएससी के छात्रों को व्याख्याता श्री वरुण कुमार भारतीय अर्थव्यवस्था की कक्षा पढ़ाते हुए मिले। छात्रों से उनकी तैयारी के सम्बन्ध में जानकारी ली गई तथा संबंधित विषय पर बच्चों से प्रश्न-उत्तर किया गया एवं व्याख्याता से उनकी उपस्थिति में व्याख्यान देने को कहा गया।

# जालौन पुलिस ने 31 ग्राम स्मैक सहित युवक को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**जालौन**, उरई। कोतवाली पुलिस ने 31 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। नगर में स्मैक की बिक्री की सूचना सीओ उमेश पांडेय को मिल रही थी। मादक पदार्थ की बिक्री को रोकने के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिए गए थे। बुधवार की रात करीब 8 बजे कोतवाल कुलदीप तिवारी को सूचना मिली कि छत्रसाल मोड़ के पास एक युवक नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाल कुलदीप तिवारी, चौकी प्रभारी अतुल राजपूत समेत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। संदिग्ध युवक को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई। तो पुलिस ने आरोपी युवक के पास से 31 ग्राम स्मैक बरामद की। कोतवाली लाकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। उक्त संदर्भ में कोतवाली में सीओ उमेश पांडेय ने बताया कि 31 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ कसीम उर्फ आडवानी को पुलिस टीम ने पकड़ा है।

# सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं होली का त्यौहार : जिलाधिकारी

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**जिलाधिकारी** संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होली एवं आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था कमेटी की बैठक संपन्न हुई। विगत वर्ष होली के दिन गंगा में दो बच्चे डूब गए थे। इसलिए गंगा घाट पर पुलिस बल तैनात किया जाए। ऑटो चालक बहुत तेज साउंड चलाते है उस पर अंकुश लगाया जाए। पेयजल ,विद्युत, सफाई व्यवस्था अच्छी रखने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी त्योहारों पर कहीं पर भी किसी तरह का हुड़दंग ना हो। सभी होलिका स्थल का भ्रमण कर कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। अपराध किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।

सभी आम जनमानस से अपील की कि किसी पर जबरन रंग ना लगाए। प्रेम और सौहार्द पूर्ण होली का त्यौहार मनाए। रात्रि में 10 बजे के बाद डी जे नहीं बजेगा। सीमित ध्वनि पर बजे यह सुनिश्चित किया जायेगा। त्यौहार पर पर्याप्त मात्रा में फोर्स लगाया गया है। शराब के नशे के कारण घटनाएं ना हो इसलिए 8 तारीख तक लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। आगामी त्योहारों पर परंपरा से हटकर कोई कार्य ना किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार पर नशे का सेवन कर घर बाहर ना निकले। शांति पूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाए।

आगामी त्यौहार पर बिजली,पानी, सफाई की अच्छी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। शहरों के किनारे गंदगी ना दिखे यह सुनिश्चित किया जाए। वाहनों में तेज साउंड ना बजाए यह सुनिश्चित कराए ।

जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार को प्रेम पूर्वक आपसी सामंजस्य से मना कर जनपद की गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखे। सभी एसडीएम और सीओ अपने क्षेत्रों मे एक साथ भ्रमण करें। सभी सीएचसी व पीएचसी होली के दिन खुली रहेंगी,होली के दिन डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मचारी को छुट्टी ना दी जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक समस्त उपजिलाधिकारी समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं संबंधित अधिकारी सभी संप्रदाय के धर्मगुरु एवं संभ्रांत नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# पेड़ से टकराई पिकप, तीन की मौत

**घाटमपुर।** स्टेट हाइवे 46 घाटमपुर-चौडगरा बिन्दकी पर परास नाला के आगे देवनपुर मोढ़ पर अनियंत्रित होकर एक पि-कप सड़क किनारे पेंड़ से टकरने के बाद पलट गयी, हादसे में पिकप चालक रमजान (24) पुत्र पप्पू के अलावा आरिफ(27) और गुड्डू (55) की मौके पर मौत हो गयी, जबकि सना (20) पत्नी रमजान, मुस्कान (12) पुत्री बबलू लवकुश (14) पुत्र राजेश, रुबी (18) पुत्री बबलू सहित पाँच लोग घायल हो गये जिन्हे पुलिस इलाज के लिये सीएचसी भेजा जहाँ डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद लवकुश व सना की हालत गम्भीर होने पर हैलट कानपुर रेफर कर दिया है। कस्बा जालौन के सावनका मुहल्ला निवासी गुड्डू और रमजान अली आइसक्रीम का ठेला लगाते हैं फतेहपुर में आइसक्रीम का ठेला लगाने के लिये बुद्यवार देर रात वो लोग पि-कप से फतेहपुर के लिये निकले थे, गुरुवार भोर पहर पि-कप घाटमपुर से जैसे आगे निकल कर परास नाला के आगे देवनपुर मोड पर पंहुची कि तभी चालका को झपकी लगी और अनियंत्रित होकर पि-कप सड़क किनारे जामुन के पेड़ से टकराने के बाद पलट गयी, राहगीरों की सूचना पर पंहुची कोतवाली पुलिस काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला और स्वास्थ्य की एम्बूलेंन्सों से उन्हे सीएचसी भेजा जहाँ डाक्टरो पि-कप चालक रमजान, आरिफऔर गुड्डु को मृत घोषित कर दिया।

## क्विक न्यूज

### अस्पताल में नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा

**फर्रुखाबाद।** अस्पताल में भर्ती नवजात बालक की मौत होनें पर परिजनों नें लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस नें मौके पर आकर तफ्तीश कीद्य परिजनों का बालक की मौत के बाद रो.रो कर बुरा हाल हो गया। थाना राजेपुर के ग्राम भुसेरा निवासी नेम सिंह की पत्नी शिव सोमबंशी के 25 दिन पूर्व बालक को जन्म दिया गया। बीते दिन शाम लगभग 5 बजे स्वास्थ्य ठीक ना होनें पर लोहिया अस्पताल के सामने एक शिशु अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को सुबह लगभग 5: 30 बजे बालक नें उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों नें अस्पताल कर्मियों व चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। परिजनों नें आरोप लगाया की रात को बालक की तबियत बिगड़ी तो चिकित्सक को बुलानें की गुजारिश की गयी लेकिन वह नही आये। जिसके चलते बालक नें दम तोड़ दिया। परिजनों नें अस्पताल कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया।, सूचना मिलने पर आवास विकास चौकी के दारोगा सुनील यादव मौके पर पंहुचे और पड़ताल कीद्य दारोगा नें बताया जांच की जा रही है।

### मासूम के दुष्कर्मी को सज़ा दिलाने को डीएम से की गुहार

**फतेहपुर।** चार वर्षीय बेटी के दुष्कर्मी की गिरफ्तारी व सज़ा दिलाने के लिये मासूम के साथ उसके परिजन दर दर भटकने को मजबूर है। अपराधों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का फरमान जारी करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में महिला अपराधों के मामलों में कार्रवाई को लेकर अफसर कितने संजीदा है घटना से अंदाज़ा लगाया जा सकता है। परिजनों ने घटना के आरोपी को थाने से से छोड़ने का आरोप लगाया है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर निवासी अशोक (काल्पनिक नाम) ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए गांव के ही गजेंद्र सिंह उर्फचमन्नी पर 15 फरवरी को अपनी चार वर्षीया बेटी गुड़िया (काल्पनिक नाम) के साथ घर के बाहर खेलते समय उसे बहला फुसलाकर अपने घर मे ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया।

### डीएम अभिषेक आनंद ने परखी सड़क की गुणवत्ता

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील कर्वी ने लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खंड के तहत नवीन सडक निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने सडक की खुदाई करवाकर गुणवत्ता जांची। गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोनिवि प्रान्तीय खंड के भरतकूप, मानपुर, मडफा व बघेलाबारी मार्ग के किमी एक से छह एवं सात से 16 में कराये जा रहे सडक की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सडक की खुदाई कराकर मानक की जांच करवाई। सडक के मानक अनुरुप मिलने पर उन्होंने एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खंड सत्येन्द्रनाथ से कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार सडक पर सामग्री का प्रयोग कराकर निर्माण कार्य कराया जाये। गुणवत्ता में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सडक कार्य समय सीमा के भीतर पूरा होना चाहिए।

### तीन तलाक में पति समेत आठ ससुरालीजनों पर मुकदमा

**फतेहपुर।** शहर के न्यू कालोनी अरबपुर मुहल्ला निवासी शाजिया खान पुत्री राशिद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 15 नवंबर 2019 को इस्तेखार अहमद खां पुत्र इकरार अहमद निवासी ग्राम सूपा थाना मलवां के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति इस्तेखार अहमद, ससुर इकरार अहमद, जेठ वकार, सास नसरीन बानो, ननंद रूकईया बानो, नंदोई शाहदीन, पति का चचेरा भाई शकील व वकील पुत्रगण बल्लू, फात्मा पत्नी शकील निवासीगण सूपा अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रूपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मारपीट कर ससुराल से भगा दिया। 26 फरवरी 2023 को उसके मायके में सुलह-समझौता के लिए पंचायत रखी गई। जिसमें ससुरालीजन आये। बातचीत के दौरान ससुरालीजनों ने बिना पांच लाख रूपया लिए रखने को तैयार न हुए और पति इस्तेखार अहमद ने एक साथ तीन तलाक पंचायत के समक्ष दे दिया।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट औरैया ने शिक्षा महकमे को दिए दस स्मार्ट टीवी

**उरई ,जालौन।** जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने जनपद के 10 विद्यालय में स्मार्ट क्लास के संचालन हेतु स्मार्ट टीवी का जिलाधिकारी कार्यालय में वितरण किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के संचालन से विद्यालय का शैक्षिक वातावरण भी परिवर्तित होगा और बच्चे को भी पढ़ने में एक अलग आनंद की अनुभूति होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि संजय पाण्डेय, चार्टर्ड अकाउंटेंट औरैया द्वारा 10 स्मार्ट टीवी बेसिक शिक्षा विभाग को दान स्वरूप प्रदान की गई हैं।

# कुरीतियों के विरुद्ध सेवा भारती ने किया समरसता भोज का आयोजन

## जातिवादी व्यवस्था देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा- लालजी यादव

संवाददाता। चित्रकूट



**समाज** में व्याप्त असमानता, भेदभाव, छुआछूत आदि कुरीतियों को दूर करने के उददेश्य से सेवा भारती चित्रकूट द्वारा मलिन बस्ती में महिला सफाई कर्मी के आवास पर समरसता दिव्यभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद रहे नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी लालजी यादव ने कहा कि सामाजिक करीतियों को दूर करने के उददेश्य से सेवा भारती द्वारा महिला सफाई कर्मचारी के घर पर की गई समरसता भोज की शुरुआत सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से ही समाज में एकजुटता और भाईचारा बढेगा।ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा भारती से मौजूद रहे गुरुप्रकाश शुक्ला ने कहा कि जब तक देश की अलग-अलग जातियां एक दूसरे से अपनी लड़ाई समाप्त नहीं करेंगी तो देश एकजुट कभी नहीं हो सकता। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्म शास्त्रों की संप्रभुता का अंत करते हुए ही आगे बढ़ सकते हैं। हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें। न्याय, राजनीतिक, सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था का होना भी आवश्यक है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए इन रूढ़िवादी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने के लिए ऐसे प्रयास अनवरत जारी रहने चाहिए। राज शिवहरे ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सरकारी, गैर सरकारी, राजनीतिक, गैर राजनीतिक सबको मिलकर ऐसे कार्यक्रमों को अनवरत जारी रखना चाहिए।

समरसता दिव्य भोज में शंकर यादव,राजकिशोर त्रिपाठी, मनोज शिवहरे,उपायुक्त दिव्यांग राजबहादुर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र भदौरिया, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र सचान, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल , जिला माइनॉरिटी अधिकारी यशवंत मौर्या, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, डीसी शिवा कुमार, बाल्मीकि समाज से पंचा, फूला देवी, सुमित्रा देवी, मुन्नी देवी, विकास, अंजलि ,पुष्पा देवी, नीता देवी, रघुराई, सनी, मनोज, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# रसोई गैस दामों में वृद्धि पर कांग्रेसियों ने किया हो-हल्ला

**फतेहपुर।** केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस के दामों में वृद्धि कर दी है। दामों में वृद्धि को लेकर गुरुवार को जिले के कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर हो हल्ला किया और राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर गैस के दाम पांच सौ रूपये प्रति सिलेंडर किए जाने की आवाज उठाई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश पांडेय व शहर अध्यक्ष मोहसिन खान की संयुक्त अगुवाई में कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और रसोई गैस के दामों में वृद्धि को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि केंद्र सरकार ने होली त्योहार के ठीक पहले घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में पचास रूपये तथा वाणिज्यिक सिलेंडर में तीन सौ पचास रूपये की बढ़ोत्तरी कर गृहस्थी के बजट को चौपट करने का काम किया है। पहले से महंगाई से जूझ रही जनता पर और बोझ डालकर भाजपा की केंद्र सरकार ने यह दिखा दिया है कि गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के प्रति उसकी कोई सहानुभूति नहीं है।

# लापरवाही की हद, कूड़ेदान में फेंकी जा रही हैं कीमती सरकारी दवायें



**उरई,** जालौन। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद का अनोखा कारनामा आया सामने जहां बिना एक्सपायरी सीरफ व गोलियां बड़ी संख्या में कूड़ेदान में फेंकी जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से कीमती दवाओं को कूड़ेदान में फेंका जा रहा है। कस्बा कुठौंद में मुख्य बाजार स्टैंड पर दवाओं को कूड़ेदान में देखकर लोगों के होश उड़ गए। क्योंकि उन्हें भटकते रहने के बावजूद दवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद में सरकारी सुविधाओं का उस स्जर पर लाभ नहीं मिल पाता है जितना उन्हें मिलना चाहिये। ग्रामीणांचल से हर रोज बड़ी संख्या में बीमार अस्पताल पहुंचते हैं जहां उन्हें दवाओं के नाम पर खानापूर्ति की जाती है।

कूड़ेदान में दवाओं को फेंके जाने से अस्पताल प्रशासन की बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुलती नजर आयी। जबकि कूड़ेदान में दवाइयों पर 06.2021 से 05.2023 की एक्सपायरी डेट पड़ी थी। जानकारी होने पर सीएचसी अधीक्षक ने मौके पर जाना उचित नहीं समझा बस सीसीटीवी कैमरे चेक करने की बात कही।

वायरल वीडियो के संबंध में जब सीएमओ डा. नरेंद्र देव शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वीडियो की जांच करायी जायेगी जिसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लायी जाएगी साथ ही सत्यता पाए जाने पर दोषी की तनख्वाह से दवाओं के मूल्य की रिकवरी की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय राम महोत्सव के यूपी बुंदेलखंड प्रभारी बने अजीत सिंह



**चित्रकूट।** ओरछा में आयोजित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय राम महोत्सव के लिए बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह यूपी बुंदेलखंड के प्रभारी बनाए गए हैं। इस आयोजन में प्रभु श्रीराम पर केंद्रित फिल्में, चित्रकला, लोकनृत्य, यज्ञ, रामलीला आदि प्रदर्शित होंगी। यूपी-एमपी के दर्जनों मंत्री आयोजन में शिरकत करेंगे। युद्ध स्तर पर आयोजन की तैयारियां शुरु हो गई हैं। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय राम महोत्सव के यूपी बुंदेलखंड प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि आगामी दो से 9 अप्रैल तक राम महोत्सव रुद्राणी कला ग्राम एवं शोध संस्थान परिसर में होगा। संस्थान के निदेशक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने विशाल आयोजन की तैयारियां तेज कर दी हैं। अंतर्राष्ट्रीय राम महोत्सव के लिए राजा बुंदेला ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अलावा केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की है और उन्हें आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम महोत्सव के लिए शुभकामना संदेश भेजा हैं। सात दिवसीय आयोजन में यूपी-एमपी की दर्जनों राजनैतिक हस्तियां शिरकत करेंगी। राजा राम की नगरी ओरछा में प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के साधु-संत भी शिरकत करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विद्वान, राम कथा मर्मज्ञ यहां रहेंगे।

# कृषक व महिला दल को डीएम ने किया रवाना





**फतेहपुर।** सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय कृषक भ्रमण के तहत प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति के माध्यम से दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट स्थित ग्रामीण उद्यमिता केन्द्र में चार दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु 34 कृषकों व महिलाओं के दल को जिलाधिकारी श्रुति ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट स्थित ग्रामीण उद्यमिता केंद्र में महिलाएं व कृषक बेकरी तथा बिस्कुट के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण, फल व सब्जी प्रसंस्करण के उत्पाद बनाने की जानकारी के साथ ही वहां प्रयोगात्मक रूप से भी उन्हें बनाकर सीखने का अवसर मिलेगा, जिससे ग्रामीण स्तर में इन उत्पादों को तैयार कर महिलाएं व किसान अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार ने कहा कि गांव में खाद्य प्रसंस्करण हेतु उत्पाद बनाने के लिए सभी प्रकार के अनाज एवं मोटे अनाज उपलब्ध हैं। इसके साथ ही अधिकांशत सीजन में टमाटर व आलू तथा अन्य सब्जियों के दाम काफी कम हो जाते हैं और खराब भी होते हैं।

ऐसे में किसान व महिलाएं इनका रूप परिवर्तन कर दे तो आय भी होगी और फल व सब्जी खराब भी नहीं होंगे। इस भ्रमण में जाने वाली महिलाएं व किसान जानकारी प्राप्त कर स्वत: उत्पाद तैयार करने के साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

# दलित युवक को दाढ़ी, मूछें रखने पर दी तालिबानी सजा

**जालौन**, उरई। दलित युवक को गांव के दबंगों ने दाढ़ी, मूछें रखने से मना किया। जब युवक ने उनकी बात नहीं मानी तो जातिसूचक गालियां देकर युवक की लाठी, डंडों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। एक ओर जहां भारत नए भारत के रूप में विकसित हो रहा है। तो दूसरी ओर अभी भी गांवों में स्थिति में कुछ ज्यादा सुधार नहीं आया है। ऐसा ही मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा में देखने को मिला है। पीड़ित दलित युवक दीपक कुमार जाटव ने पुलिस को बताया कि उसने अपने चेहरे पर दाढ़ी, मूछें रखी हुई थीं। लेकिन उसका चेहरे पर दाढ़ी मूछें रखना गांव के कुछ लोगों को नागवार गुजरा। गांव के अजीत भदौरिया, भगवान सिंह, लव राजावत, जगदीश राजावत व हरिओम गौर ने उसे दाढ़ी मूछें रखने से रोका। जब उसने कहा कि वह अपने चेहरे से दाढ़ी मूछें नहीं हटाएगा। यह सुनकर उक्त सभी ने उसे जातिसूचक गालियां देनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं लाठी, डंडों से उसके साथ मारपीट भी की। जिसमें उसे चोटें आई हैं।

# पुराने लंबित वादों पर होली बाद होगी नियमित सुनवाई



अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मिले अधिवक्ता एसोसियेशन के अध्यक्ष

संवाददाता। कालपी, जालौन

**बुधवार** को अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी अध्यक्ष जयकिशोर कुलश्रेष्ठ ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक कुमार से मुलाकात कर साथियों की समस्याओं से अवगत कराया। उनकी सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुये एसडीएम कालपी ने एक समय सीमा के अंदर उन समस्याओ के निस्तारण करने का आश्वसान भी दिया। हालांकि दोनों पक्ष अपनी अपनी बात अपनी अपनी जगह सही कह रहे थे।

अधिवक्ता एसोसिएशन का कहना था कि नये मुकदमे रजिस्टर्ड कर तारीख दी जाय एसडीएम कालपी का पक्ष था अभी पिछले मुकदमें जो हड़ताल के दौरान के पेंडिंग हैं उनको तो क्लियर हो जानें दे दरअसल पूर्व में अधिवक्ताओं और एसडीएम के बीच बात न बनने को लेकर अधिवक्ताओं की लम्बी हड़ताल रही और कार्य प्रभावित रहा इसमे कतई दो राय नहीं कि जबसे कालपी एसडीएम का चार्ज आईएएस अभिषेक कुमार ने संभाला है जनता दरबार हो या ऑफिस का काम जितना जिम्मेदारी से देखते हैं उतना ही जिम्मेदारी से कोर्ट का कार्य भी करते हैं और हर समस्या को प्राथमिकता से निबटाने का प्रयास भी करते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओ को भरोसा दिलाया कि होली के बाद पुराने पेंडिंग मामले निबट जाएंगे और आगामी एक माह के अंदर सारे पेंडिंग मामले खत्म करने की पूर्ण कोशिश करूंगा। इस मौके पर बार अध्यक्ष एड. जय किशोर कुलश्रेष्ठ, एड. रवि तिवारी, एड. दीपचंद्र सैनी वरिष्ठ पत्रकार भी मौजूद रहे।

# भट्ठियों पर छापा 183 लीटर शराब हुई बरामद

फतेहपुर। होली पर्व को देखते हुए आबकारी आयुक्त के निर्देश पर गुरुवार को जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। अलग अलग थाना क्षेत्रों में आबकारी और पुलिस की सयुंक्त टीम ने छापामारी कर 183 लीटर कच्ची शराब और अवैध शराब भट्ठियां बरामद की है। सयुंक्त टीमो ने अवैध शराब बनाने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आबकारी निरीक्षक सदर रॉबिन आर्या ने अपनी टीम के साथ हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अचाकापुर, मिश्रामऊ, अहमदपुर, चौफेरवा, आदि संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की। टीम ने अचाकापुर के सीताराम लोधी के पास से 20 लीटर कच्ची शराब और राजभवन लोधी के पास से 38 लीटर कच्ची शराब व साढ़े तीन कुन्तल लहन बरामद किया। वहीं आबकारी निरीक्षक खागा निधि सिंह ने थाना क्षेत्र के काही गांव में पुलिस टीम के साथ छापामारी की। टीम ने रघुराज के पास से 45 लीटर, अनिता देवी के पास से 30 लीटर, सुदामा देवी के पास से 20 लीटर, कमला देवी के पास से 30 लीटर शराब बरामद की।

# भारत-अमेरिका संबंध और होंगे मजबूत

## प्रतिबद्धता दोहराएंगे ब्लिंकन : व्हाइट हाउस

**भाषा।** वाशिंगटन



व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे। ब्लिंकन (60) पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा के बाद बुधवार रात नई दिल्ली पहुंचे। वह मुख्य रूप से जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आए हैं, जिसके इतर वह क्वाड (चतुष्पक्षीय संवाद समूह) देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठक करेंगे और उनके साथ एक पैनल चर्चा में भी हिस्सा लेंगे। क्वाड में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, विदेश मंत्री ब्लिंकन अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराएंगे और दोनों देशों के बीच आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने तथा सहयोग का विस्तार करने के लिए क्वाड जैसे समूहों में साथ मिलकर काम करना जारी रखने को लेकर भी प्रतिबद्धता जाहिर करेंगे...। ब्लिंकन विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। ब्लिंकन के नई दिल्ली पहुंचते ही उनके उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, नमस्ते इंडिया। पटेल ने कहा, मंत्री ब्लिंकन जी-20 एफएमएम (विदेश मंत्री बैठक) में हिस्सा लेने और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए नई दिल्ली पहुंचे हैं, जिसकी (साझेदारी की) नींव लोकतंत्र तथा नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सहित हमारे साझा मूल्यों पर रखी गई है।

### भारत में अमेरिकी राजदूत के तौर पर काम करने के योग्य हैं गार्सेटी

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने बुधवार को एरिक गार्सेटी का समर्थन करते हुए कहा कि वह भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में काम करने के योग्य है। इस बीच संसदीय समिति में शामिल रिपब्लिकन पार्टी के एक सांसद ने गार्सेटी के नामांकन पर रोक लगा दी, जिसके चलते इस मामले पर समिति में मतदान आठ मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने लॉस एंजिलिस के पूर्व मेयर गार्सेटी (52) को जुलाई 2021 में भारत में अमेरिकी राजदूत नामित किया था। उनके नामांकन के प्रस्ताव को अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट में पेश नहीं किया जा सका था क्योंकि सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के पास उनकी नियुक्ति के लिए पर्याप्त समर्थन नहीं था। मेयर कार्यालय में कुछ कर्मचारियों ने गार्सेटी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे, जिसके चलते रिपब्लिकन और उनके अपने दल के कुछ सदस्य उनके नामांकन का विरोध कर रहे हैं। हालांकि उनके नामांकन पर से रोक हटा दी गई थी, लेकिन संसद ने उनके नाम पर मुहर नहीं लगाई थी। बाइडन ने इस साल जनवरी में गार्सेटी को फिर से भारत में अमेरिकी राजदूत के तौर पर नामित किया था। संसद की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष बॉब मेनेंडेज ने 28 फरवरी को उनके नामांकन पर मतदान निर्धारित किया था।

## यूक्रेन : आवासीय इमारत पर रूसी मिसाइल हमले में तीन लोगों की मौत, छह घायल

**भाषा।** कीव

**दक्षिण-पूर्व** यूक्रेन के जेपोरिजीया शहर में पांच मंजिला आवासीय इमारत बृहस्पतिवार को रूसी मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हो गई। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी हमले में इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने दावा किया कि यह हमला दिन निकलने से पहले किया गया। राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि उसने अब तक 11 लोगों को इमारत से बाहर निकाला है। जेलेंस्की ने कहा, रूस हर दिन को हमारे लोगों के लिए आतंक के दिन में तब्दील करना चाहता है, लेकिन बुराई हमारे देश पर राज नहीं कर सकेगी।



ग्रीस के लारिसा शहर के पासए एथेंस से लगभग 376 किलोमीटर उत्तर में टेम्पे में ट्रेनों की टक्कर के बाद मलबे को हटाती एक क्रेन

## अमेरिका में भारतीय इंजीनियर को धोखाधड़ी का दोषी करार दिया गया

**न्यूयार्क।** अमेरिका में क्रिप्टो मुद्रा से संबंधित कंपनी में काम करने वाले भारतीय मूल के 27 वर्षीय इंजीनियर को धोखाधड़ी का दोषी करार दिया गया है। दोषी निषाद सिंह एफटीएक्स ट्रेडिंग लिमिटेड में इंजीनियर के तौर पर काम करता था। सिंह पर एफटीएक्स में एक बहु-वर्षीय योजना में इक्विटी निवेशकों को धोखा देने का आरोप है। सिंह, सैमुअल बैंकमैन-फ्राइड और गैरी वांग ने मिलकर इस कंपनी की शुरुआत की थी। पिछले साल दिसंबर में, संघीय अधिकारियों ने बैंकमैन-फ्राइड पर एफटीएक्स में इक्विटी निवेशकों को धोखा देने के लिए एक योजना बनाने का आरोप लगाया था।

## मलेशिया में बाढ़ : 26 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में बाढ़ के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि बृहस्पतिवार तक 26 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि सिंगापुर से लगा जोहोर राज्य बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, जहां लगभग 25 हजार लोगों को स्कूलों और समुदाय भवनों में बने राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। प्रभावित लोगों की संख्या मंगलवार की तुलना में दोगुनी हो गई है। बुधवार को मूसलाधार बारिश होने के कारण पांच अन्य राज्य भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

जोहोर में, अधिकारियों ने कहा कि ताड़ के तेल के बागान में काम करने के लिए जा रहे एक व्यक्ति की कार बाढ़ के पानी में बह गई थी। कार से उस व्यक्ति का शव बरामद किया गया है।

## नेपाल में मादक पदार्थ मामले में भारतीय और तीन अन्य गिरफ्तार

**काठमांडू,।** नेपाल पुलिस ने देश के दो अलग-अलग स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी कर एक भारतीय समेत कम से कम चार लोगों के पास से मादक पदार्थ जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नेपाल पुलिस के समाचार बुलेटिन के मुताबिक, बिहार के मोतीहारी नगर के निवासी विक्की कुमार चौहान और उसके 17 वर्षीय साथी के पास से मक्वानपुर जिले में 4.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, यह मादक पदार्थ उस ऑटो रिक्शा की जांच के दौरान मिला जिसमें वे सवार थे। एक अन्य घटना में पुलिस ने पारसा जिले में एक अन्य ऑटो रिक्शा की तलाशी के दौरान 18 और 15 साल के दो लड़कों के पास से 15 किलोग्राम गांजा बरामद किया जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# इज़राइल कर रहा दोहरे अस्तित्वगत संकटों का सामना

## बेंजामिन नेतन्याहू की क्या है योजना

**भाषा।** मेलबर्न

**इजरायल अ**पने इतिहास के सबसे गंभीर संकटों में से एक का सामना कर रहा है। और कुछ ही महीने पहले अपने राजनीतिक जीवन को पुनर्जीवित करके प्रधानमंत्री कार्यालय में लौटने वाले बेंजामिन "बीबी" नेतन्याहू के लिए यह अभी तक की सबसे कड़ी परीक्षा हो सकती है। सबसे लंबे समय तक देश के प्रधान मंत्री रहने वाले नेतन्याहू को 2021 में सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, लेकिन पिछले साल उन्होंने राजनीतिक वापसी की और नवंबर के चुनावों के बाद गठबंधन सरकार बनाने के लिए पर्याप्त समर्थन हासिल किया। गठबंधन नेतन्याहू की मध्य-दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी के साथ-साथ धुर दक्षिण और अति-रूढ़िवादी धार्मिक दलों के एक समूह से बना है। इसे इजरायल के इतिहास की सबसे दक्षिणपंथी सरकार माना जाता है। इसके अलावा, ए राजनेता इजरायल के भीतर और फिलिस्तीनियों पर इसकी नीति में तेजी से और नाटकीय परिवर्तन करने के लिए सत्ता में अपने समय का उपयोग करने के लिए अत्यधिक उत्सुक हैं। प्रारंभ में, नेतन्याहू ने सफलतापूर्वक खुद को "जिम्मेदार व्यक्ति" के रूप में पुन: स्थापित किया, जो अपनी सरकार में कट्टरपंथियों को रोक कर रखेगा। लेकिन उनकी सरकार अब इजरायली समाज में गहरे विभाजन को बढ़ा रही है और उदार लोकतंत्र के रूप में इजरायल की छवि को खतरे में डाल रही है। इसी समय, फ़लस्तीनियों के साथ संघर्ष एक विस्फोट की ओर बढ़ सकता है। न्यायपालिका से शक्ति छीनना जनता के गुस्से को बढ़ाने वाले मुख्य मुद्दों में से एक सरकार द्वारा न्यायिक प्रणाली का प्रस्तावित कायापलट है। इस योजना के केंद्र में न्यायपालिका (सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख के रूप में) और कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्ति संतुलन का पुनर्मूल्यांकन है।

### सुधार के प्रमुख पहलुओं में शामिल हैं

न्यायाधीशों की चयन प्रक्रिया पर राजनेताओं को लगभग पूरी शक्ति देना नाटकीय रूप से कानूनों और प्रशासनिक निर्णयों पर न्यायिक समीक्षा शक्तियों को कम करना नेसेट (संसद) को साधारण बहुमत से अदालती फैसलों को रद्द करने की अनुमति देना अटॉर्नी-जनरल और अन्य सरकारी कानूनी सलाहकारों को शक्तिहीन सलाहकारों में बदलना। इन सब प्रस्तावों के विरोध में तत्काल भारी प्रतिक्रिया सामने आई। बीते कई हफ़्तों में हज़ारों इज़रायलियों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। उनके अनुसार यह एक संवैधानिक क्रांति है, जो इज़रायल के लोकतंत्र को कमजोर कर देगी। मानवाधिकारों की रक्षा करने वाले एक बुनियादी दस्तावेज के अभाव में (इज़राइल का कोई लिखित संविधान नही है), सुप्रीम कोर्ट को कई लोगों द्वारा सरकार के कार्यों और कानूनों के खिलाफ नागरिकों (और फिलिस्तीनियों सहित गैर-नागरिकों) के नागरिक अधिकारों की रक्षा करने वाले अंतिम गढ़ के रूप में माना जाता है। इसके अलावा, नेतन्याहू के प्रतिद्वंद्वी प्रस्तावित सुधारों को एक उपकरण के रूप में देखते है जिसका उपयोग प्रधान मंत्री रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वास के उल्लंघन के आरोपों पर अपने आगामी भ्रष्टाचार के मुकदमे को कमजोर करने के लिए कर रहे हैं। घरेलू संकट इजरायल की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। इज़राइली शेकेल कमजोर हो रहा है क्योंकि निवेशकों और प्रमुख उच्च तकनीक वाले उद्यमियों ने शक्तिहीन अदालती व्यवस्था और कानून के शासन के डर से अपने धन को इज़राइल से बाहर निकाल लिया है। शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों ने सुधार प्रस्तावों के दायरे और गति के बारे में गहरा संदेह व्यक्त किया है। इस बीच, विरोध प्रदर्शनों की भारी लहर से एक विभाजित, हतोत्साहित विपक्ष फिर से सक्रिय हो गया है। सविनय अवज्ञा के आह्वान और पुलिस के साथ झड़पों को लेकर दोनों पक्षों की ओर से कड़ी चेतावनी दी गई है, इससे पहले कि जनता का गुस्सा गंभीर अशांति पैदा कर दे, सरकार से समझौता करने का आग्रह किया जा रहा है।



### वेस्ट बैंक में हिंसा

वेस्ट बैंक में बढ़ती अराजकता विस्फोटक अस्थिरता और आतंक का कारण बन रही है। फ़लस्तीनी पक्ष में, कमजोर और भ्रष्ट फ़लस्तीनी शासक, विशेष रूप से उत्तरी शोमरोन क्षेत्र में, जेनिन से नब्लस तक शासन करने में असमर्थ है। गाजा स्थित उग्रवादी संगठनों हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद द्वारा समर्थित सशस्त्र स्थानीय उग्रवादी समूह (जैसे कुख्यात लायन्स डेन) कमी को पूरा कर रहे हैं। इन समूहों और अन्य उग्रवादियों को स्थानीय आबादी का समर्थन प्राप्त है, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर यहूदियों के खिलाफ घृणास्पद उकसावे से, और फलस्तीनी शासकों द्वारा कैदियों और शहीदों के परिवारों को भुगतान किया जाता है।

## जर्मनी से मॉरीशस जा रहा विमान तूफान में फंसा, 20 लोग घायल

**भाषा।** बर्लिन

**जर्मनी के** फ्रैंकफर्ट से बृहस्पतिवार को मॉरीशस जा रहा एक विमान तूफान में फंसने के कारण, उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने यह खबर दी। एयरलाइन के प्रवक्ता ने डीपीए को बताया कि उतरने से करीब दो घंटे पहले विमान तूफान में फंस गया था जिससे कोंडोर उड़ान डीई 2314 के करीब 20 यात्री एवं चालक दल के सदस्य घायल हो गए। मॉरीशस द्वीपसमूह देश है जिसकी मुख्य भूमि अफ्रीका के दक्षिणपूर्व तट से करीब 1200 मील दूर है। प्रवक्ता ने बताया कि जो लोग घायल हुए हैं, उनकी चिकित्सकीय जांच की जा रही है। डीपीए का कहना है कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घायलों का जख्म कितना गहरा है। माना जा रहा है कि विमान के केबिन को भी नुकसान पहुंचा है लेकिन उसके बारे में कोई ब्योरा नहीं दिया गया है। इस विमान में 272 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य थे। यह विमान स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 29 मिनट पर मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस के समीप एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा।

## सत्ता परिवर्तन की साजिश के लिए भारी कीमत चुका रहे हैं पाकिस्तानी: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तानी लोग सत्ता परिवर्तन की साजिश की भारी कीमत चुका रहे हैं। उन्होंने पूर्व सेना अध्यक्ष कमर जावेद बाजवा पर एक बार फिर कुछ अपराधियों की सत्ता में आने में मदद करने का आरोप लगाया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उसने सरकारी कर्ज बढ़ा दिया है और महंगाई बेतहाशा हो गई है। अंतरबैंक बाजार में बृहस्पतिवार को पाकिस्तानी रुपया डॉलर के मुकाबले 18.74 अंक गिर गया। विश्लेषकों ने इसके लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ सरकार के गतिरोध को जिम्मेदार ठहराया।

## अमेरिकी सीमा अधिकारियों ने दो भारतीय नागरिकों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सीमा अधिकारियों ने एक नौका के जरिए अवैध रूप से कनाडा से देश में दाखिल होने के लिए दो भारतीय नागरिकों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अमेरिका के सीमा गश्त अधिकारियों ने मिशिगन राज्य में एलगोनेक के निकट तस्करी के प्रयास के दौरान इन पांच विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीपी ने कहा कि 20 फरवरी को देर रात सेंट क्लेयर नदी पर एक नौका को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते हुए देखा गया, जिसके बाद तुरंत क्षेत्र में मौजूद अधिकारियों से संपर्क किया गया। अधिकारियों ने देखा कि दो प्रवासी ठंडे तापमान में, पानी में भीगे हुए थे और कांप रहे थे।

## मलेशिया के प्रधानमंत्री ने आसियान से म्यामां हिंसा पर आवाज उठाने का आग्रह किया

**मनीला।** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) से म्यामां में जारी हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर वहां के सैन्य नेतृत्व को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया है।

# पाकिस्तान में एक दर्जन आतंकी संगठन मौजूद

## उसे अमेरिका से कोई मदद नही मिलनी चाहिए: हेली



**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली ने कहा है कि पाकिस्तान में कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठन मौजूद हैं और इस देश को अमेरिका से मदद नहीं मिलनी चाहिए। साउथ कैरोलाइना की दो बार गवर्नर रह चुकीं हेली (51) ने साल 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पिछले महीने औपचारिक रूप से अपना प्रचार अभियान शुरू किया था। हेली ने बुधवार को ट्वीट किया, पाकिस्तान में कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठन मौजूद हैं। उसे किसी तरह की मदद नहीं मिलनी चाहिए। पिछले कुछ दिन से हेली अमेरिकी विदेश नीति पर बात करती रही हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि अमेरिका को चीन व रूस के मित्र तथा सहयोगी देशों को कोई वित्तीय सहायता नहीं देनी चाहिए। इससे पहले, रविवार को न्यूयॉर्क पोस्ट के लिए लिखे गए एक लेख में हेली ने कहा था कि वह अमेरिका से नफरत करने वाले चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के लिए वित्तीय मदद बंद कर देंगी।रविवार फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में उन्होंने अमेरिका के दो प्रतिद्वंदी देशों रूस और चीन के मित्र व सहयोगी देशों के लिए अमेरिकी मदद बंद करने की बात दोहराई थी।

# स्पेसएक्स ने अमेरिका, रूस व यूएई के अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन भेजा



**भाषा।** केप केनवरल

**स्पेसएक्स ने** बृहस्पतिवार को नासा के लिए चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) रवाना किए। इनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सुल्तान अल-नियादी भी शामिल हैं, जो एक महीने के लिए आईएसएस जाने वाले अरब जगत के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से फाल्कन रॉकेट मध्यरात्रि के बाद अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ। यह रॉकेट छह महीने के मिशन पर रवाना हुआ है। पहले इन अंतरिक्ष यात्रियों को सोमवार को रवाना किया जाना था लेकिन अंतिम समय में इंजन प्रणाली में समस्या के कारण ऐसा नहीं हो पाया। ए अंतरिक्ष यात्री अक्टूबर से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में मौजूद जापानी दल की जगह लेंगे। अल-नियादी से पहले साल 2019 में संयुक्त अरब अमीरात के पहले अंतरिक्ष यात्री हाजा अल-मंसूरी पहली बार एक सप्ताह के लिए अंतरिक्ष स्टेशन गए थे। नियादी ने अंतरिक्ष स्टेशन की कक्षा में पहुंचने के बाद अरबी और फिर अंग्रेजी में आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, रॉकेट की रवानगी अद्भुत थी। शानदार नियादी के अलावा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में जाने वाले यात्रियों में रूस के आंद्रे फेदियाएव और अमेरिका के वारेन होबर्ग व स्टीफ बोवेन शामिल हैं।

# अवसाद मे परामर्श या दवा से भी अधिक प्रभावी है व्यायाम



**भाषा।** सिडनी

**दुनिया वर्तमान में** एक मानसिक स्वास्थ्य संकट से जूझ रही है, जिसमें लाखों लोग अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। हाल के अनुमानों के अनुसार, सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों में से लगभग आधे अपने जीवनकाल में किसी समय मानसिक स्वास्थ्य विकार का अनुभव करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य विकार की पीड़ित व्यक्ति और संबद्ध समाज दोनों को बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है, साथ ही अवसाद और चिंता स्वास्थ्य संबंधी बीमारी के बोझ के प्रमुख कारणों में से हैं। कोविड महामारी इस स्थिति को और बिगाड़ रही है, मनोवैज्ञानिक तनाव की दरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह एक तिहाई लोगों को प्रभावित कर रहा है। हालांकि इसके उपचार में पारंपरिक उपचार जैसे चिकित्सा और दवा प्रभावी हो सकते हैं, हमारा नया शोध इन स्थितियों के प्रबंधन में व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डालता है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित हमारे हालिया अध्ययन ने अवसाद, चिंता और मनोवैज्ञानिक संकट पर शारीरिक गतिविधि के प्रभावों की जांच करने वाले 1,000 से अधिक शोध परीक्षणों की समीक्षा की। इसने दिखाया कि व्यायाम मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के इलाज का एक प्रभावी तरीका है - और यह दवा या परामर्श से भी अधिक प्रभावी हो सकता है।

### ऐसा वैकल्पिक इलाज नहीं

शोध के निष्कर्ष अवसाद, चिंता और मनोवैज्ञानिक संकट के प्रबंधन के लिए व्यायाम की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते है। कुछ नैदानिक दिशानिर्देश पहले से ही व्यायाम की भूमिका को स्वीकार करते है - उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड नैदानिक दिशानिर्देश, दवा, मनोचिकित्सा और जीवनशैली में परिवर्तन जैसे व्यायाम का सुझाव देते है। हालांकि, अन्य प्रमुख निकाय, जैसे कि अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन क्लीनिकल प्रैक्टिस दिशानिर्देश, अकेले दवा और मनोचिकित्सा पर जोर देते है, और "वैकल्पिक" उपचार के रूप में एक्यूपंक्चर जैसे उपचार के समान श्रेणी में व्यायाम को सूचीबद्ध करते है। जब उपचार की बात आती है तो "वैकल्पिक" का अर्थ कई चीजे हो सकती है, यह सुझाव देता है कि यह परंपरागत चिकित्सा से अलग होती है, या इसका कोई स्पष्ट साक्ष्य आधार नही है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम के मामले में इनमें से कोई भी बात सही नहीं है।ऑस्ट्रेलिया में भी, दवा और मनोचिकित्सा आमतौर पर व्यायाम की तुलना में अधिक निर्धारित होते है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि क्लिनिकल सेटिंग्स में व्यायाम को निर्धारित करना और निगरानी करना कठिन है। और रोगी इसका विरोध कर सकते है क्योंकि वे ऊर्जा या प्रेरणा में कम महसूस करते है।

# संयुक्त राष्ट्र ने जिनेवा बैठकों में भगोड़े नित्यानंद के कैलासा का अभिवेदन खारिज किया

**भाषा।** लंदन-जिनेवा



**संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार** कार्यालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय भगोड़े नित्यानंद द्वारा स्थापित तथाकथित यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा (यूएसके) के प्रतिनिधियों द्वारा पिछले सप्ताह जिनेवा में इसकी सार्वजनिक सभाओं में दी गई कोई भी दलील "अप्रासंगिक" है और अंतिम मसौदा परिणाम में इस पर विचार नहीं किया जाएगा। अपनी दो सार्वजनिक बैठकों में तथाकथित यूएसके प्रतिनिधियों की भागीदारी की पुष्टि करते हुए मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने कहा कि उन्हें प्रचार सामग्री वितरित करने से रोका गया था और उनके भाषण पर ध्यान नहीं दिया गया। इन सार्वजनिक बैठकों में सभी के लिए पंजीकरण खुला था। ओएचसीएचआर के प्रवक्ता की यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो और तस्वीरों के वायरल होने के बाद आई जिनमें यूएसके की एक प्रतिनिधि "स्वदेशी अधिकार और सतत विकास" पर काल्पनिक देश की ओर से बोलते हुए दिखती है।

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client Fullerton India Home Finance Company limited. that Mr. Inder Pal Sharma is claiming owner of Property bearing No. F-78, Old Plot No. 2, area measuring 50 Sq., Yds., out of Khasra No. 669, Situated in the area of Village Bassai Darapur, Delhi abadi known as F Block, Sudershan Park, New Delhi "Said property" by virtue of will dated 23.04.2020, executed by late Mr. Mr. Som Dutt Sharma, who was owner of the said property by virtue of sale deed dated 11.07.2006, executed by Mr. Om Prakash Arya, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property and someone want to purchase the same by taking Home loan from Fullerton India Home Finance Ltd. if anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / Title of Mr. Inder Pal Sharma, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**
श्री राज कुमार भाटिया पुत्र स्वर्गीय धरम पाल भाटिया निवासी मकान नंबर जे-25, उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली-110059 एतदद्वारा घोषणा करते हैं कि वे ग्राम हस्तसाल कॉलोनी में स्थित जे-ब्लॉक, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059, प्लॉट नंबर 25 पर निर्मित छत के अधिकार के साथ प्रथम और द्वितीय तल, एरिया परिमाप 25 वर्ग गज, खसरा नंबर 92/20 के पूर्ण मालिक है, इसके बाद दस्तावेज सं. 2445, खंड सं. 8613, पृष्ठ 183 से 190, पुस्तक 1, दिनांक 31.01.2023 श्रीमती जानकी देवी पत्नी स्वर्गीय धरम पाल भाटिया के द्वारा निष्पादित उपहार विलेख के माध्यम से "उक्त संपत्ति" के रुप में संदर्भित, जबकि वसीयत दिनांक 26.05.2005 के माध्यम से उक्त संपत्ति की मालकिन थी उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, धारणाधिकार, शुल्क, बंधक आदि से मुक्त है और मेरे पास संपत्ति का स्पष्ट विपणन योग्य शीर्षक और कब्जा है और श्री राज कुमार भाटिया पुत्र स्वर्गीय धरम पाल एतदद्वारा घोषणा करते हैं कि उक्त वसीयत उक्त संपत्ति के संबंध में अंतिम वसीयत है, जबकि श्री धरम पाल भाटिया के अन्य कानूनी उत्तराधिकारियों को उक्त वसीयत पर कोई आपत्ति नहीं है।
वह उक्त संपत्ति पर हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण ले रहें हैं, अगर किसी को कोई आपत्ति है तो कृपया 9050571075 पर संपर्क करें (अधिवक्ता ललित कुमार कौशिक)
आर.के. लॉ कंसल्टेंट्स

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client Fullerton India Home Finance Company limited. that Mr. Umed Singh is claiming owner of property bearing No. 54-A, area measuring 37 ½ Sq., Yds., out of Khasra No. 14/2, Situated in the area of Village Matiala, colony known as Sewak Park, in Block B-2, Uttam Nagar, New Delhi. "Said property" by virtue of GPA, Agreement to sell and will dated 30.09.2003, executed by Mr. Kharati Lal, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property and someone want to purchase the same by taking Home loan from Fullerton India Home Finance Ltd. if anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / Title of Mr. Umed Singh, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**
To be known to all that **I, Ravi M. Patwardhan, S/o Late Sh. M.r. Patwardhan, R/o Flat No. 255, DDA SFS Flats, Sidhartha Enclave, New Delhi**-110014,purchaser/owner valid Agreement to Sell dated 07/12/1987 property bearing DDA SFS Flat No.255,(Duplex)on Second+Third Floor,Cat.III,in The Layout Plan of Sidhartha Enclave Residential scheme,situated atSidhartha Enclave New Delhi-110014,VIDE DDA FILE No.F-19(105)87/79-SFS has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA.The original documents i.e. Possession Letter,Site Possession slip & Site Possession slip of Servant quarter No.25 & NOC for Electricity & Water Connection issued by the DDA of the above flat have been lost. An FIR/ NCR/LR to this effect has lodged in Police Station,Crime Branch,New Delhi,vide NCR/FIR/L.R. No.912277/2022 dated 21/10/2022. Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, June write /contact with above named person at above address/phone No.7217760587 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right,interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy.Director(LAB) H or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**
एतद्द्वारा सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या-96डी, ब्लाक-एस.डी., सैक्टर-45, नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) जिसके मूल आवंटी श्री मामचन्द पुत्र श्री सुखदेव निवासी मकान नं. 216, ग्राम सदरपुर, सैक्टर-45, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर, उ.प्र. उक्त भूखण्ड में 1/2 भाग के हिस्सेदार हैं और इनका देहान्त दिनांक 29.01.2022 को हो गया था। उनकी रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 30.01.2021 को सब-रजिस्ट्रार नौएडा में हुई, जिसके आधार पर उक्त भूखण्ड श्रीमती शशीबाला गर्ग पत्नी श्री देवेन्द्र निवासी मकान नं. 103, गढ़ी, शाहदरा, सैक्टर-141, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर, उ.प्र. को ट्रांसफर किया जा रहा है।
उपरोक्त के अंतरण के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति, समस्त साक्ष्य सहित, नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल करा दें।
प्रार्थिनी
श्रीमती शशीवाला गर्ग

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) ASHOK_LEY_AL_1214 UP37AT2456- YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE- 860974
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 17.03.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :GUNJAN SINGH KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 918510032426
EMAIL-gunjan.singh1@kotak.com

**PUBLIC NOTICE**
Notice is given to public at large that my client M/s. Profectus Capital Pvt. Ltd., having its registered office at 7-E, 5th Floor, DRI Building, Swami Ramtirth Nagar, Rani Jhansi Road, Jhandewalan Extension, New Delhi - 110055 ... [illegible]

# भारत-इटली ने रक्षा सहयोग पर नया अध्याय शुरू किया

● रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और इटली ने रक्षा सहयोग पर एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक ले जाने का फैसला किया है। भारत की यात्रा पर आईं इटली की प्रधानमंत्री ज्यॉर्जिया मेलोनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में सह-उत्पादन और सह-विकास के क्षेत्र में नए अवसर खुल रहे हैं, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। उन्होंने कहा, इस साल भारत और इटली द्विपक्षीय संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने भारत-इटली साझेदारी को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का फैसला किया है।

मोदी ने कहा कि भारत और इटली ने नियमित आधार पर दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त अभ्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी फैसला किया है। उन्होंने कहा कि भारत और इटली आतंकवाद और अलगाववाद जैसे मुद्दों पर कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा, हमने इस सहयोग को और मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की। मोदी और मेलोनी ने भारत और इटली के बीच स्टार्ट-अप ब्रिज स्थापित करने की भी घोषणा की। मोदी ने कहा, हमने अक्षय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, सूचना और प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार, अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में इटली की सक्रिय भागीदारी का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि इटली ने हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने का फैसला किया है। इससे हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए ठोस विषयों की पहचान कर सकेंगे। इससे पहले, मेलोनी का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक रूप से स्वागत किया गया, क्योंकि वह राजकीय यात्रा पर यहां पहुंची थीं। मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मेलोनी का स्वागत किया, जहां उन्हें तीनों सेनाओं की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मेलोनी ने बाद में राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती पवार ने हवाई अड्डे पर इतालवी प्रधानमंत्री की अगवानी की। इटली की प्रधानमंत्री के साथ उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी तथा एक उच्चस्तरीय कारोबारी प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। मेलोनी आज शाम शुरू होने वाले आठवें रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता भी होंगी।

## विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत शुक्रवार को क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा जिसमें क्षेत्र में चीन के बढ़ते आक्रामक रवैए की पृष्ठभूमि में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समग्र हालात पर चर्चा की जा सकती है। बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग की सहभागिता रहेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा, क्वाड के विदेश मंत्रियों की अगली बैठक की मेजबानी भारत तीन मार्च को नई दिल्ली में करेगा। उसने कहा कि इस बैठक में मंत्रियों के लिए सितंबर 2022 में न्यूयॉर्क में उनकी पिछली बैठक में हुई बातचीत को जारी रखने का अवसर मिलेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, वे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम पर और आपसी हित के क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे जो एक खुले, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के उनके दृष्टिकोण पर आधारित होगा।

# मुझे लगा था राहुल गांधी भारत जोड़ने को कराची या लाहौर जा सकते हैं : राजनाथ



**नंदनगढ़ (कर्नाटक)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर सशस्त्र बलों की वीरता पर सवाल उठाने का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया और कहा कि इसकी भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य अपने नेता राहुल गांधी को लॉन्च करना था। सिंह ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने सोचा था कि गांधी इस यात्रा के तहत कराची या लाहौर भी जा सकते हैं। भाजपा की विजय संकल्प यात्रा के दूसरे चरण की यहां शुरुआत करते हुए उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कर्नाटक में मई में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में पार्टी को दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के लिए समर्थन दें।

सिंह ने कहा, क्या आप युवा कांग्रेस नेता के बारे में जानते हैं, उन्हें अभी लॉन्च किया जा रहा है और इसके लिए उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा की थी। वर्ष 1947 में बंटवारे के दौरान भारत का विभाजन हो गया था, इसलिए मैंने सोचा था कि भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे राहुल गांधी, कराची या लाहौर जा सकते हैं, लेकिन वह वहां नहीं गए। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पूछा कि जब पूरा भारत एकजुट है तो गांधी ने किसे जोड़ने की कोशिश की। लोगों को मूर्ख बनाकर राजनीति अधिक समय तक नहीं की जा सकती, जो लोग विश्वास के साथ राजनीति करते हैं और जनता से आंखें मिलाकर बात करते हैं, वही सफल हो सकते हैं और जो लोग भाजपा में हैं, वही ऐसा कर सकते हैं।

कांग्रेस पर मोदी तेरी कब्र खुदेगी वाला नारा लगाने का आरोप लगाया। वे (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी की कब्र नहीं खोद रहे हैं, बल्कि इस तरह के नारों से अपनी कब्र खोद रहे हैं। हमारे कांग्रेसी मित्र भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ जितना कीचड़ उछालेंगे, हमारा कमल उतना ही खिलेगा। कांग्रेस पर रक्षा बलों के साहस और वीरता पर सवाल उठाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने पूछा, इन्हें क्या हो गया?....रक्षा मंत्री के रूप में मैं कहना चाहता हूं कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। सिंह दिन में यहां संगोली रायण्णा के स्मारक पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी, जिसके बाद उन्होंने यात्रा की शुरुआत की। रक्षा मंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे राज्य में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लें और इस बार दो-तिहाई बहुमत से नया कर्नाटक बनाने का संकल्प लें। विश्व स्तर पर भारत के बढ़ते कद और केंद्र में मौजूदा भाजपा सरकार के तहत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने पर भी प्रकाश डाला।

# हिमंत शर्मा: पूर्वोत्तर में भगवा सूर्योदय के लिए डील-मेकर

**कोलकाता, अगरतला।** पूर्वोत्तर में भाजपा के सूर्योदय में मदद करने वाले विभिन्न गठबंधनों को एक साथ लाने वाले व्यक्ति ने एक बार फिर वही किया है। इस क्षेत्र से भाजपा के पोस्टर बॉय एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंत हिमंत विश्व शर्मा पार्टी के डील मेकर के रूप में उभरे हैं। वह लगभग हर दिनै पूर्वोत्तर के उन सभी तीन राज्यों के लिए उड़ान भरते रहे जहां इस साल फरवरी में चुनाव हुए थे। उन्होंने सबसे पहले नेफ्यू रियो को उग्रवाद से ग्रस्त राज्य नगालैंड में दूसरे कार्यकाल के लिए पसंदीदा व्यक्ति बताया और फिर माणिक साहा को ऐसे व्यक्ति के रूप में चुनने में दिल्ली की मदद की जो महत्वपूर्ण सीमावर्ती राज्य त्रिपुरा में भाजपा की लोकप्रियता को पहुंचे नुकसान को कम कर सके। मेघालय विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा से अपनी पार्टी एनपीपी का गठबगंधन समाप्त करने वाले कोनराड संगमा को बहुमत न मिलने की स्थिति में फिर से भाजपा के साथ संभावित गठजोड़ के लिए बातचीत की मेज पर वापस लाने में भी शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

माना जाता है कि संगमा ने इस मुद्दे पर शर्मा के साथ दो दौर की बैठकें की हैं और ऐसा लगता है कि किसी तरह का समझौता हो गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या एनपीपी भाजपा के साथ गठबंधन करेगी, एनपीपी प्रवक्ता अम्पारीन लिंगदोह ने कहा, "चूंकि लोगों ने पिछली बार की तुलना में अधिक जनादेश के साथ हम पर अपना विश्वास जताया है, इसलिए पिछले भागीदारों के साथ गठबंधन की उच्च संभावना है। शर्मा ने त्रिपुरा के पूर्ववर्ती राजपरिवार के वंशज प्रद्योत देबबर्मा द्वारा स्थापित टिपरा मोथा को भी मनाने के लिए पर्दे के पीछे से समझौते का प्रयास किया था। उग्रवादी से टिपरा मोठा के अध्यक्ष बने बिजॉय कुमार हरंगखाल ने कुछ हफ्ते पहले दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए प्रयास किए गए थे।

# पूर्वोत्तर के लिए ऐतिहासिक दिन, मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोगों की पसंद

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में विधानसभा चुनावों के परिणामों की घोषणा के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह पूर्वोत्तर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है और यह एक बार फिर से स्पष्ट हो गया है कि शांति, विकास और समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा लोगों की पसंद है। शाह ने त्रिपुरा में पार्टी की सफलता को विकास समर्थक राजनीति की जीत करार दिया और नगालैंड के लोगों को शांति और प्रगति का चयन करने के लिए धन्यवाद किया। भाजपा ने अपनी सहयोगी नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के साथ नगालैंड में बहुमत हासिल किया है। भाजपा को समर्थन और आशीर्वाद के लिए मेघालय के लोगों को भी धन्यवाद दिया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी लोगों की सेवा करने और उनका भविष्य उज्ज्वल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



सिलसिलेवार ट्वीट में शाह ने कहा, पूर्वोत्तर के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। मैं एक बार फिर भाजपा पर भरोसा जताने के लिए त्रिपुरा को धन्यवाद देता हूं। यह विकास समर्थक राजनीति की जीत है, जिसे भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में त्रिपुरा में पहुंचाया है। हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे और एक समृद्ध त्रिपुरा का निर्माण करेंगे। गृहमंत्री ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और प्रदेश भाजपा नेतृत्व को पार्टी की जीत के लिए अथक प्रयासों को लेकर बधाई दी। भाजपा ने 60-सदस्ईय विस में 32 सीट पर जीत दर्ज की। यह फिर से स्पष्ट है कि विकास और समृद्धि के लिए, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोगों की पसंद है।

राजग को फिर से सत्ता में चुनकर शांति और प्रगति के चयन के लिए नगालैंड के लोगों को दिल की गहराई से धन्यवाद देते हुए शाह ने कहा कि मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो शांति और विकास को आगे बढ़ाएंगे तथा लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने मेघालय में भाजपा का जनाधार बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत को लेकर पार्टी की प्रदेश इकाई की सराहना की।

## कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को एटीएम में बदला, प्रधानमंत्री मोदी क्षेत्र को मुख्यधारा में लाए : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने बृहस्पतिवार को पूर्वोत्तर राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया और कहा कि इस क्षेत्र को मुख्यधारा में लाने के प्रधानमंत्री के प्रयासों के चलते ही भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को पैसे कमाने के लिए एटीएम में तब्दील कर दिया था। त्रिपुरा और नगालैंड के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नड्डा ने पूर्वोत्तर के विकास को प्राथमिकता देने के लिए मोदी की सराहना की और कहा कि वह एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने 50 से अधिक बार इस क्षेत्र का दौरा किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, पूर्वोत्तर में भाजपा की सफलता प्रधानमंत्री मोदी के इसे मुख्यधारा में लाने के प्रयासों और इसके विकास के लिए नीतिगत फैसलों का परिणाम है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी ने पूर्वोत्तर को एक एटीएम में बदल दिया था। पैसा कमाओ और भ्रष्टाचार जारी रहने दो। नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले, पूर्वोत्तर नाकाबंदी, उग्रवाद, आतंकवाद और लक्षित हत्याओं के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का भाग्य और तस्वीर अब बदल गई है तथा यह क्षेत्र अब शांति और स्थिरता के लिए जाना जाता है।

# जीत की लय बरकरार रखने में फिर सफल हुई भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**त्रिपुरा** में वाम दलों एवं कांग्रेस का पहला गठबंधन और जनजातीय सीटों पर एक प्रमुख ताकत के रूप में टिपरा मोथा का उभरना भी पूर्वोत्तर के इस राज्य में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ। सत्तारूढ़ पार्टी के लिए विकास के मुद्दे, वैचारिक जीवंतता और स्थानीय कारक एक और जीत दिलाने में सफल रहे। पूर्वोत्तर के जिन तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, उनमें त्रिपुरा के नतीजों पर लोगों की सबसे ज्यादा नजर थी। इसकी वजह यह थी कि इसमें तीन राष्ट्रीय दलों- भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों के लिए काफी कुछ दांव पर लगा हुआ था। कुछ विधानसभा चुनावों में हार के झटकों के बावजूद इन नतीजों ने भगवा पार्टी की जीत की लय को बरकरार रखने के महत्व को रेखांकित किया है।

त्रिपुरा चुनाव में भूमिका निभाने वाले एक भाजपा नेता ने कहा, अगर 2018 की जीत हमारे वैचारिक और विकास के एजेंडे पर भरोसे का परिणाम थी, तो यह (आज की) जीत इसकी लोकप्रिय स्वीकार्यता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पार्टी को 2018 में 25 साल तक वाम कुशासन के खिलाफ लोगों के गुस्से का फायदा मिला था और अब उसे केंद्र और राज्य सरकार के काम के लिए सकारात्मक जनादेश मिला है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि कई अन्य राज्यों के चुनावों की तरह भाजपा अपने व्यापक वैचारिक और विकास के मुद्दों के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय अपील को अपने अभियान का मुख्य विषय बनाने में सफल रही। संगठनात्मक रूप से कमजोर विपक्ष होने का भी इसे फायदा मिला।

जीत की लय भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि कर्नाटक में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके बाद इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में भी विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। सोलह राज्यों में सत्ता में काबिज भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने नगालैंड में भी आसान जीत दर्ज की, जहां नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) उसका वरिष्ठ साझेदार है। लेकिन मेघालय में बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरने की भाजपा की महत्वाकांक्षा विफल हो गई, क्योंकि इस बार भी वह दो सीटों पर सिमट गई। पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के दो ही उम्मीदवार जीते थे।

भाजपा नेतृत्व ने मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के नेतृत्व वाली सरकार पर देश की सबसे भ्रष्ट राज्य सरकार होने का आरोप लगाया था, लेकिन दोनों पार्टियां अब फिर से एक साथ काम करने के लिए सहमत हो सकती हैं। भाजपा संगमा के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा थी, लेकिन चुनाव से पहले वह अलग हो गई थी। हालांकि, त्रिपुरा के परिणाम भाजपा के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं, क्योंकि इसकी जीत ने इस पूर्ववर्ती वाम गढ़ में पार्टी की लोकप्रिय स्वीकृति को रेखांकित किया है, जिसे उसने 2018 में पहली बार जीता था।

भाजपा के वोट प्रतिशत के साथ-साथ सीटों की संख्या में नुकसान हुआ है, लेकिन उसके लिए अच्छी बात ए रही कि वाम-कांग्रेस गठबंधन भी उसका मुकाबला करने में विफल रहा। भाजपा ने 60-सदस्ईय विधानसभा में 32 सीटें जीती हैं, जबकि 2018 में उसने 36 सीटों पर जीत दर्ज की थी। विपक्षी गठबंधन को 14 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। माकपा ने 2018 में 16 सीटें जीती थीं, जब उसने अपने दम पर चुनाव लड़ा था। पिछली बार कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पाई थी।

हालांकि, भाजपा के लिए चिंता का विषय प्रद्युत देबबर्मा के नेतृत्व वाले टिपरा मोथा का उदय और आईपीएफटी का कमजोर होना है। भाजपा की सहयोगी आईपीएफटी इस बार एकमात्र सीट जीत सकी है। भाजपा को अपने ही सबसे प्रमुख जनजातीय चेहरे और उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा को टिपरा मोथा के प्रतिद्वंद्वी सुबोध देब बर्मा के हाथों हार की शर्मिंदगी का भी सामना करना पड़ा है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि उनका नेतृत्व पूर्ववर्ती शाही परिवार के वंशज प्रद्युत देबबर्मा के साथ गठबंधन की संभावना तलाश सकता है, अगर वह वृहद टिपरालैंड के अलग राज्य की अपनी मांग छोड़ देते हैं।

## शिक्षा मंत्रालय परीक्षाओं की तैयारी के लिए मंच प्रदान करेगा

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय एक ऐसा मंच शुरू करेगा जो छात्रों के प्रतियोगी और अन्य परीक्षाओ की तैयारी के लिए स्व-स्फूर्त इंटरैक्टिव लर्निंग एंड असेसमेंट प्रदान करेगा। यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। यह मंच सेल्फ असेसमेंट टेस्ट एंड हेल्प फॉर एंट्रेंस एक्जाम - आईआईटी, कानपुर के सहयोग से तैयार किया गया है।

## क्रिएट योर ओन डेस्टिनी का विमोचन

**कोलकाता।** लेखक और उद्यमी राम के शर्मा द्वारा लिखी पुस्तक कर्मा एंड यूश् क्रिएट योर ओन डेस्टिनी के लॉन्च मौके पर आयोजित एक विशेष समारोह में इस पुस्तक को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। कोलकाता की गैर सरकारी सामाजिक संस्था प्रभा खेतान फाउंडेशनश् द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में इस पुस्तक को लॉन्च किया गया। पुस्तक के लॉन्चिंग मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूप विश्वाश पश्चिम बंगाल सरकार में बिजली, आवासए युवा सेवा और खेल मंत्री और विशिष्ट अतिथि संजीव पुरी अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक आईटीसी ने इस पुस्तक का विमोचन किया। बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमियों, साहित्य प्रेमियो, अध्यात्मवादियों के साथ अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

# पूर्वोत्तर से कांग्रेस को मिली मायूसी

**नई दिल्ली।** मुश्किल दौर से गुजर रही कांग्रेस की हार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उसे पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में निराशा मिली है, हालांकि कुछ जगहों के उपचुनावों में जीत उसको थोड़ा सुकून देने वाली है। देश की मुख्य विपक्षी दल को त्रिपुरा में वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का प्रयोग भी विफल रहा। उसने ऐसा ही प्रयोग वर्ष 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भी किया था जहां उसका खाता भी नहीं खुल पाया था।

पूर्वोत्तर में कांग्रेस को चुनावी सफलता की उम्मीदों को उस समय झटका लगा है जब कुछ सप्ताह पहले ही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पूरी हुई और कुछ दिनों पहले उसका 85वां महाधिवेशन आयोजित हुआ था। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को तीन सीटें मिलीं जहां वह 13 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। मेघालय में कांग्रेस को सिर्फ पांच सीटें हासिल हुईं जहां पिछले विधानसभा चुनाव में उसे 21 सीटें मिली थीं। मेघालय विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले उसके अधिकतर विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। नगालैंड में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

कांग्रेस के नजरिए से राहत वाली बात यह रही कि उसने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में तीन विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जीत हासिल की। उसने महाराष्ट्र में कस्बा विधानसभा क्षेत्र में जीत हासिल की, जो भारतीय जनता पार्टी का अभेद किला माना जाता था। इसी तरह उसने पश्चिम बंगाल में सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस को मात दी। इन चुनावी नतीजों के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, आज के नतीजे उत्साहजनक भी है और निराशाजनक भी। पश्चिम बंगाल के उपचुनाव में हम जीते हैं और राज्य विधानसभा में हमारा पहला विधायक होगा। महाराष्ट्र में 30 साल के बाद आरएसएस भाजपा के गढ़ (कस्बा) में कांग्रेस जीती है। तमिलनाडु में हमें बड़े अंतर से जीत मिली है। उन्होंने यह भी कहा, हम नतीजों को स्वीकारते हैं और हमें संगठन को मजबूत करना है।



उत्तरी त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान खुशी मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

# बिहार के बाद अब ओडिशा भी ओबीसी सर्वेक्षण शुरू करेगा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में अन्य पिछड़ा वर्ग को उचित सुविधाओं से वंचित किए जाने के आरोपों के बीच राज्य सरकार ने उनकी गणना के लिए एक सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। सर्वेक्षण की प्रक्रिया 12 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी। ओडिशा पिछड़े वर्ग के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर डेटा एकत्र करने वाला बिहार के बाद दूसरा भारतीय राज्य होगा। विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव से पहले उठाए गए इस कदम को पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की सत्तारूढ़ बीजद की कोशिश के तौर पर देख रहे हैं। ओडिशा की कुल आबादी में पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी 54 फीसदी के आसपास है। राज्य सरकार ने तर्क दिया है कि सर्वेक्षण से पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियां बनाने में मदद मिलेगी।

बीजद सरकार ने ओडिशा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (ओएससीबीसी) के गठन के बाद मई और जून 2021 में ओबीसी सर्वेक्षण कराने का फैसला किया था, लेकिन कोविड-19 की दूसरी लहर के चलते इस योजना को टालना पड़ा। ओएससीबीसी ने ओडिशा में 209 समुदायों की पहचान सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों (एसईबीसी) के रूप में की थी। यह संख्या अब बढ़कर 231 हो गई है, क्योंकि राज्य मंत्रिमंडल ने ओडिशा की ओबीसी सूची में 22 और जातियों को शामिल करने की हाल ही में मंजूरी दे दी है। ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटा आवंटित करने के राज्य सरकार के पहले के प्रयास को ओडिशा प्रशासनिक अधिकरण में चुनौती दी गई थी, क्योंकि यह उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकारी नौकरियों में एससी, अनुसूचित जनजाति (एसटी) और सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के लिए निर्धारित 50 फीसदी की आरक्षण सीमा से अधिक था।

# उपचुनाव: कांग्रेस ने तीन, भाजपा और उसकी सहयोगी ने दो सीटों पर जीत दर्ज की

● महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस को सफलता ● भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू ने क्रमशः महाराष्ट्र और झारखंड में एक-एक सीट जीती

**भाषा।** नई दिल्ली

**विधानसभा** उपचुनाव के नतीजे बृहस्पतिवार को कांग्रेस के लिए कुछ राहत लेकर आए क्योंकि उसने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में एक-एक सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में क्रमशः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से एक-एक सीट छीन ली और द्रविड़ मुनेष कषगम (द्रमुक) के समर्थन से तमिलनाडु में एक सीट बरकरार रखी। वहीं भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू ने क्रमशः महाराष्ट्र और झारखंड में एक-एक सीट जीती। पश्चिम बंगाल की सागरदिघी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार बायरन विश्वास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रत्याशी को 22,980 मतों से पराजित किया। इसके साथ ही वह मौजूदा विधानसभा के लिए निर्वाचित होने वाले कांग्रेस के पहले विधायक बन गए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को सागरदिघी विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस की जीत को अनैतिक बताते हुए आरोप लगाया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के अलावा कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस को हराने के लिए भाजपा के साथ समझौता किया था। बनर्जी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी 2024 का लोकसभा चुनाव आम लोगों के समर्थन से अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा, सागरदिघी सीट पर हार के लिए मैं किसी को दोष नहीं देती। कभी-कभी, लोकतंत्र में, घटनाक्रम आमतौर पर सकारात्मक या नकारात्मक हो सकते हैं। लेकिन यह एक अनैतिक गठबंधन था, जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने वोट कांग्रेस को स्थानांतरित किए। पिछले साल दिसंबर में राज्य के मंत्री सुब्रत साहा के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के गृह क्षेत्र मुर्शिदाबाद के तहत आने के कारण इस सीट पर उपचुनाव को उनके लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई के तौर पर देखा जा रहा था। भाजपा महाराष्ट्र के पुणे में चिंचवाड़ विधानसभा सीट पर कब्जा करने में कामयाब रही, लेकिन जिले में अपने गढ़ कस्बा पेठ विधानसभा सीट पर उसे हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस उम्मीदवार रवींद्र धंगेकर ने कस्बा पेठ उपचुनाव में जीत दर्ज की। भाजपा अपने गढ़ पुणे की इस सीट को बरकरार रखने में विफल रही और उसके उम्मीदवार हेमंत रसाने को हार का सामना करना पड़ा। कस्बा पेठ सीट पर भाजपा 28 साल से जीत दर्ज करती आई थी। पुणे से मौजूदा भाजपा सांसद गिरीश बापट ने 2019 तक पांच बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के समर्थन वाले उम्मीदवार धंगेकर ने भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने में कामयाबी हासिल की। मतगणना के अंतिम दौर के बाद निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, धंगेकर को 73,194 वोट मिले जबकि रसाने को 62,244 वोट मिले। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन हालांकि निराशाजनक रहा। इस बीच कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उपचुनाव के नतीजे बहुत उत्साहजनक हैं। पिछले साल जून में महाराष्ट्र में सरकार बदलने के बाद उपचुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा-एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और विरोधी एमवीए के बीच पहला सीधा मुकाबला देखा गया। चिंचवाड़ सीट पर भाजपा के अश्विनी जगताप राकांपा के नाना काटे से 1.12 लाख वोटों से आगे हैं। काटे को लगभग 84,000 वोट मिले है। निर्वाचन आयोग को अभी इस सीट पर औपचारिक रूप से परिणाम की घोषणा करनी है।

भाजपा के मौजूदा विधायकों मुक्ता तिलक (कस्बा) और लक्ष्मण जगताप (चिंचवाड़) के निधन के कारण उपचुनाव कराए गए। कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव में अन्नाद्रमुक को हराकर तमिलनाडु की इरोड पूर्व सीट अपने पास बरकरार रखी। इरोड पूर्व उपचुनाव में सत्तारूढ़ द्रमुक समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार ई वी के एस एलनगोवन ने जीत हासिल की। एलनगोवन ने 27 फरवरी को हुए चुनाव में 1.7 लाख वोटों में से एक लाख से अधिक वोट प्राप्त किए। आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने 21,970 मतों के अंतर से संप्रग समर्थित कांग्रेस के प्रत्याशी बजरंग महतो को हराकर बृहस्पतिवार को झारखंड की रामगढ़ सीट का उपचुनाव जीत लिया। मतगणना पूरी होने के बाद निर्वाचन आयोग ने कहा कि भाजपा के साथ मिलकर उपचुनाव में उतरी आजसू पार्टी को।,15,669 वोट मिले जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस को 93,699 मत मिले। कांग्रेस विधायक ममता देवी को आपराधिक मामले में दोषसिद्ध होने पर विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराए जाने के बाद यह उपचुनाव कराया गया था। निर्वाचन आयोग ने जनवरी में घोषणा की थी कि लक्षद्वीप लोकसभा सीट के साथ-साथ पांच राज्यों - महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 27 फरवरी को होंगे। लक्षद्वीप की सीट राकांपा के सदस्य मोहम्मद फैजल को एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य ठहराए जाने के कारण खाली हुई थी। हालांकि, 30 जनवरी को, केरल उच्च न्यायालय द्वारा फैजल की दोषसिद्धि और सजा को निलंबित करने के बाद निर्वाचन आयोग ने लक्षद्वीप लोकसभा उपचुनाव पर रोक लगा दी थी।

# लियोन की फिरकी में फंसे भारतीय बल्लेबाज

- लियोन ने झटके आठ विकेट
- भारत 163 रन पर सिमट
- ऑस्ट्रेलिया को 76 रन का लक्ष्य

भाषा। इंदौर



**चेतेश्वर पुजारा के** अर्धशतक के बावजूद भारत नाथन लियोन (64 रन पर आठ विकेट) की फिरकी के जादू के सामने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में 163 रन पर ढेर हो गया जिससे मेहमान टीम को 76 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की टीम अब शुक्रवार को तीसरे दिन लक्ष्य हासिल करके जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के इरादे से उतरेगी। स्पिन की अनुकूल पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को एक बार फिर जूझना पड़ा और पुजारा (142 गेंद में 59 रन, पांच चौके, एक छक्का) के अलावा कोई बल्लेबाज लियोन का डटकर सामना नहीं कर पाया। लियोन ने मैच में 99 रन देकर 11 विकेट चटकाए। पुजारा के अलावा सिर्फ श्रेयस अय्यर (26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारतीय बल्लेबाजों को खराब शॉट चयन का खामियाजा भी भुगतना पड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया ने शानदार क्षेत्ररक्षण किया। भारतीय टीम बुधवार को पहली पारी में सिर्फ 109 रन पर सिमट गई थी जिसके बाद गुरुवार को सुबह के सत्र में तेज गेंदबाज उमेश यादव और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 197 रन पर समेटकर मेजबान टीम की वापसी की उम्मीद जगाई। ऑस्ट्रेलिया ने 88 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल की जगह टीम में शामिल शुभमन गिल (05) एक बार फिर नाकाम रहे और लियोन की गेंद को आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। लियोन ने इसके बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (12) को पगबाधा किया जो गेंद ही लेंथ को पूरी तरह से चूक गए। विराट कोहली (13) बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन की गेंद पर चौका जड़ने के बाद अगली गेंद को काफी पीछे जाकर खेलने की कोशिश में पगबाधा हो गए। रविंद्र जडेजा (07) भी चाय के विश्राम से ठीक पहले लियोन की गेंद पर पगबाधा हुए। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के डीआरएस का सहारा लेने पर उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। पुजारा हालांकि एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ अपने डिफेंस पर भरोसा किया और आगे बढ़कर तथा बैकफुट पर भी कुछ अच्छे शॉट खेले। चाय के बाद अय्यर ने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने कुहनेमैन के लगातार ओवरों में छक्के मारे जबकि लियोन पर भी लगातार दो चौके जड़े। अय्यर हालांकि मिशेल स्टार्क की गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में हवा में खेल गए और उस्मान ख्वाजा ने बाईं ओर गोता लगाते हुए उनका शानदार कैच लपका। उन्होंने 27 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 26 रन बनाए। श्रीकर भरत (03) ने एक बार फिर निराश किया और लियोन की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 118 रन हो गया। इस समय टीम को 30 रन की बढ़त हासिल थी। पुजारा ने इसके बाद अश्विन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। उन्होंने कुहनेमैन की गेंद पर एक रन के साथ 108 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पुजारा 51 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब कुहनेमैन की ऑफ साइड से बाहर की ओर स्पिन होती गेंद को हवा में खेल बैठे लेकिन एक्सट्रा कवर पर मुश्किल मार्नस लाबुशेन कैच लपकने में नाकाम रहे। रविचंद्रन अश्विन (16) ने कुहनेमैन पर चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में लियोन ने उन्हें पगबाधा करके करियर में 23वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। पुजारा क्रीज पर ठोस नजर आ रहे थे लेकिन लियोन की गेंद पर लेग स्लिप में कप्तान स्टीव स्मिथ ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी का अंत किया। उमेश यादव (00) भी लियोन की गेंद पर छक्का जड़ने की कोशिश में डीप मिडविकेट बाउंड्री पर कैमरन ग्रीन को कैच दे बैठे।

## अगर बल्लेबाज मेरे खिलाफ रक्षात्मक होकर खेलते हैं तो खुशी होती है : लियोन

**इंदौर।** विकेट चटकाने की उम्मीद मे ज्यादातर स्पिनर एक या दो बाउंड्री के लिए हिट किए जाने से परेशान नही होते लेकिन अनुभवी आस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन तब खुश होते है जब बल्लेबाज उनके खिलाफ रक्षात्मक होकर खेलने लगते है। आस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ ऑफ स्पिनर लियोन ने गुरुवार को तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करते हुए 64 रन देकर आठ विकेट झटके। अपना 118वां टेस्ट खेल रहा यह 35 साल का खिलाड़ी 479 विकेटझटक चुका है और गेंदबाजी के बारे मे उनके नजरिए के बारे मे बात करने पर लियोन ने कहा, यह मायने नही रखता कि मै किस विकेट पर खेल रहा हूं। अगर मै किसी को रक्षात्मक खेलने के लिए बाध्य कर सकता हूं तो मै बहुत खुश हो जाता हूं। मेरी गेंदबाजी का राज यही है कि मै कोशिश करता हूं कि खिलाड़ी मेरे खिलाफ लंबे समय तक डिफेंड करता रहे। इसका मतलब है कि मै सही लाइन एवं लेंथ मे गेंद फेंक रहा हूं। लियोन ने कहा, इसका मतलब है कि अगर खिलाड़ी मुझ पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश करता है तो मुझे ज्यादा परेशानी नही होगी। टेस्ट इतिहास मे मेरे खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लग चुके है इसलिए मै छक्का जड़े जाने को लेकर डरता नही हूं। यह एक बड़ी चुनौती होती है लेकिन मुझे इससे परेशानी नही होती। लेकिन सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है कि खिलाड़ी आपके खिलाफ रक्षात्मक होकर खेलने लगे।

## स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारीः** 109 रन,ऑस्ट्रेलिया पहली पारीः , हैड पगबाधा बो जडेजा 09, ख्वाजा का गिल बो जडेजा 60, लाबुशेन बो जडेजा 31, स्मिथ का भरत बो जडेजा 26, हैंड्सकॉम्ब का अय्यर बो अश्विन 19, ग्रीन पगबाधा बो उमेश 21, कैरी पगबाधा अश्विन 03, स्टार्क बो उमेश 01, लियोन बो अश्विन 05,मर्फी बो उमेश 00,कुनहेमैन नाबाद 00, **अतिरिक्तः** 22, **कुलः** 76.3 ओवर में सभी विकेट खोकरः 197 रन, **विकेट पतनः** 1-12, 2-108, 3-125, 4-146, 5-186, 6-188, 7-192, 8-196, 9-197 , **गेंदबाजीः** अश्विन 20.3-4-44-3, जडेजा 32-8-78-4, अक्षर 13-1-33-0, उमेश 5-0-12-3, सिराज 6-1-13-0

**भारत दूसरी पारीः** रोहितपगबाधा बो लियोन 12, गिल बो लियोन 05,पुजारा का स्मिथ बो लियोन 59,कोहली पगबाधा बो कुहनेमैन 13,जडेजा पगबाधा बो लियोन 07,अय्यर का ख्वाजा बो स्टार्क 26,भरत बो लियोन 03, अश्विन पगबाधा बो लियोन 16, पटेल नाबाद 15,यादव का ग्रीन बो लियोन 00, सिराज बो लियोन 00 , **अतिरिक्तः** 07,**कुलः** 60.3 ओवर में सभी विकेट खोकरः 163 रन, विकेट पतनः 1-15, 2-32, 3-5, 4-78, 5-113, 6-118, 7-140, 8-155, 9-155, **गेंदबाजीः** स्टार्क 7-1-14-1, कुहनेमैन 16-2-60-1, लियोन 23.3-1-64-8, मर्फी 14-6-18-0

## चाहती हूं युवाओं को वैसा ही अनुभव मिले जो मुझे डब्ल्यूबीबीएल और द हंड्रेड से मिला : हरमनप्रीत

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) और द हंड्रेड में खेलने के अनुभव से उन्हें अपने खेल में काफी मदद मिली है और उन्हें भरोसा है कि घरेलू सर्किट की प्रतिभाओं के लिए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) इतनी ही फायदेमंद साबित होगी। पांच टीमों की महिला प्रीमियर लीग शनिवार को नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले से शुरू होगी।

## डब्ल्यूपीएल हमें टी20 विश्व कप सेमीफाइनल की हार से उबरने में मदद करेगाः जेमिमा

**मुंबई।** स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने गुरूवार को स्वीकार किया कि महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को मिली निराशाजनक हार अब भी खिलाड़ियों को परेशान करती है और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) इस दर्द को कम करने में मदद करेगी। जेमिमा ने मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स के एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हम सेमीफाइनल की हार के बाद दो दिन के लिए दक्षिण अफ्रीका में थे।

## एल्ड्रिन ने 8.42 मीटर की कूद लगाई, पुरूष लंबी कूद का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**बानीहाटी (कर्नाटक)।** तमिलनाडु के जेस्विन एल्ड्रिन ने गुरुवार को यहां दूसरी एएफआई राष्ट्रीय कूद प्रतियोगिता में पुरूषों की लंबी कूद स्पर्धा मे नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इक्कीस साल के इस एथलट ने 8.42 मीटर की कूद लगाई और एम श्रीशंकर के पिछले साल अप्रैल मे फेडरेशन कप मे बनाए गए 8.36 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले महीने अस्ताना मे एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप मे रजत पदक जीतने वाले एल्ड्रिन एकमात्र प्रतिस्पर्धी थे जो आठ मीटर की कूद लगा पाए।

## श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम में कोई बदलाव नहीं

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैड ने श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में होने वाली दो टेस्ट श्रृंखला के लिए उस टीम मे कोई बदलाव नही किया है जिसने हाल मे वेलिंगटन मे दूसरे टेस्ट मे इंग्लैड को एक रन से हराया। न्यूजीलैड ने रोमांचक दूसरे टेस्ट मे इंग्लैड को एक रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। न्यूजीलैड क्रिकेट (एनजेडसी) ने नौ मार्च से शुरू हो रही श्रृंखला के लिए टिम साउथी की अगुआई मे 13 सदस्ईय टीम का चयन किया है जिसमे कोई हैरानी भरा नाम नही है।

## एसीएफ ने ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा

अबुधाबी, दो मार्च (भाषा) एशियाई शतरंज महासंघ (एसीएफ) ने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पिछले साल महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड मे रिकॉर्ड स्कोर (9/11) से स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया। पिछले साल मार्च मे गुकेश 2700 ईएलओ रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले छठे भारतीय बने थे और वह 2700 से ऊपर की रेटिंग वाले देश के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर भी है।

## आर्सेनल ने बढ़त मजबूत की, मैनचेस्टर और ग्रिम्सबी एफए कप के अंतिम आठ में

**मैनचेस्टर।** आर्सेनल ने प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ मे बुधवार को अपनी स्थिति मजबूत की तो वही मैनचेस्टर यूनाईटेड ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाते हुए सत्र की दूसरी ट्रॉफी की ओर कदम बढ़ाए। सबसे बड़ा जश्न मनाने का मौका हालांकि ग्रिम्सबी टाउन के प्रशंसको को मिला जब चौथे डिविजन के इस क्लब ने प्रीमियर लीग क्लब साउथम्पटन को 2-1 से हराकर उलटफेर करते हुए एफए कप के अंतिम आठ मे जगह बनाई।

## जोकोविच दुबई में जीते

**दुबई।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां टेलोन ग्रीक्सपूअर को सीधे सेटो मे हराकर दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। जोकोविच ने ग्रीक्सपूअर को 6-2 6-3 से हराकर लगातार 19वी जीत दर्ज की।

## मुनार ने मुसेटी को हराकर चिली ओपन से बाहर किया

**सेंटियागो (चिली)।** स्पेन के जेउमे मुनार ने यहां चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे शीर्ष वरीय लोरेंजो मुसेटी को सीधे सेट मे हराकर उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। इटली के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी मुसेटी के खिलाफ मुनार ने 6-4 6-4 से जीत दर्ज की।

# भारतीय बल्लेबाजों से प्रशंसक निराश

## कई दर्शक दिन का खेल खत्म होने से पहले ही बाहर निकले



भाषा। इंदौर

**बॉर्डर-गावस्कर** ट्रॉफी स्पर्धा के तहत इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की फिरकी के आगे नाकाम भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर दर्शकों ने बृहस्पतिवार को गहरी निराशा जताई। चश्मदीदों ने बताया कि टेस्ट मैच के पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन होलकर स्टेडियम में वैसे ही कम भीड़ थी और भारतीय बल्लेबाजों के एक के बाद एक विकेट गिरने से कई दर्शक निराश होकर दिन का खेल खत्म होने से पहले ही बाहर निकलते देखे गए। बैतूल जिले से अपने एक दोस्त के साथ टेस्ट मैच देखने आए राहुल लोखंडे ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम बस से बड़ी दूर से मैच देखने आए थे, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने बहुत निराशाजनक प्रदर्शन किया और हमारे टिकट की रकम वसूल नहीं हुई। दो ही दिन में टेस्ट मैच खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। लगता है कि तीसरे दिन (शुक्रवार) मैच एक घंटे ही चल सकेगा। इसलिए हम आज (बृहस्पतिवार) ही अपने गांव लौट रहे हैं। रतलाम से टेस्ट मैच देखने आए संजय पुरोहित ने कहा, हमें खासकर विराट कोहली से अच्छी बल्लेबाजी की बड़ी अपेक्षाएं थीं जो पूरी नहीं हो सकीं। लगता है कि तीसरे दिन ही टेस्ट मैच का नतीजा आ जाएगा। भोपाल में पढ़ रहे युवा विद्यार्थी ऋषभ गुप्ता भी उन दर्शकों में शामिल हैं जो दिन का खेल खत्म होने से पहले ही होलकर स्टेडियम से बाहर निकल गए। गुप्ता ने कहा, हमें लगा था कि कप्तान रोहित शर्मा या विराट कोहली में से कोई न कोई बल्लेबाज अच्छा खेलेगा, लेकिन भारत की दोनों पारियों में हम बल्लेबाजों से बेहद निराश हुए। होलकर स्टेडियम से बाहर निकले एक अन्य दर्शक सुविप्र नेमा ने कहा, हमें मैच में जरा भी मजा नहीं आया क्योंकि ज्यादातर भारतीय खिलाडियों ने बेहद खराब बल्लेबाजी की। हमें बस चेतेश्वर पुजारा को बल्लेबाजी करते देखना अच्छा लगा।

## रन कम हैं, इस विकेट पर कुछ भी हो सकता हैः उमेश

**इंदौर,।** ऑस्ट्रेलिया को भारत मे यादगार जीत दर्ज करने के लिए यहां तीसरे टेस्ट मे सिर्फ 76 रन का लक्ष्य मिला है लेकिन पिच की प्रकृति को देखते हुए मेजबान देश के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने अब भी उम्मीद नही छोड़ी है। पहले दिन इस पिच पर 14 विकेट गिरे जबकि गुरुवार को दूसरे दिन 16 बल्लेबाज आउट हुए। पिच से स्पिनरो को काफी टर्न मिल रहा है जबकि असमान उछाल ने बल्लेबाजों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। उमेश ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पर्याप्त रन नही बनाए लेकिन फिर भी उनकी टीम के पास मौका रहेगा। गुरुवार सुबह तीन विकेट चटकाकर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को जल्द समेटने मे अहम भूमिका निभाने वाले उमेश ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, क्रिकेट मे कुछ भी हो सकता है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और स्टीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करेंगे। यह आसान विकेट नही है, फिर चाहे बल्लेबाज हमारे हो या उनके। क्रीज से बाहर निकलकर शॉट खेलना आसान नही है। उन्होने कहा, गेंद नीची भी रह रही है इसलिए आप क्रीज से बाहर निकलने को लेकर सुनिश्चित नही होते। रन कम है लेकिन हम सटीक लाइन पर गेंदबाजी करेंगे और जितना अधिक हो सकते मुकाबले को आगे तक खीचेंगे।

## बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच, अपने डिफेंस पर भरोसा करना होगाः पुजारा



**इंदौर।** तीसरे टेस्ट मे अर्धशतक लगाने वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने होलकर स्टेडियम की पिच को बल्लेबाजी के लिए कठिन करार देने मे कोई हिचकिचाहट नही दिखाई। पुजारा ने एक बार फिर गजब का जज्बा दिखाते हुए 142 गेंदो मे 59 रन की पारी खेली। लेकिन नाथन लियोन ने उनकी पारी का अंत किया। उन्होने कहा, बल्लेबाजी के लिए यह मुश्किल पिच है। यह आसान नही है, आपको अपने डिफेंस पर भरोसा करने की जरूरत है। सुनिश्चित करें कि अगर शार्ट गेंद है तो बैकफुट पर खेले। भारत की दूसरी पारी मे से करीब आधे रन पुजारा ने बनाए जिससे टीम की 75 रन की बढ़त सुनिश्चित हुई। लियोन के 64 रन पर आठ विकेट से भारतीय टीम दूसरी पारी मे 163 रन पर सिमट गई। पुजारा ने दिन का खेल खत्म होने के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हो सकता है कि 75 रन ज्यादा नही हो, लेकिन मौका है। इस ट्रैक पर रणनीति के बारे मे पूछे जाने पर पुजारा ने कहा, आपको इस पिच पर आक्रमण करने के अलावा रक्षात्मक होकर खेलना होगा, दोनों का मिश्रण अपनाना होगा।

# दिल्ली कैपिटल्स ने मेग लैनिंग को कप्तान और जेमिमा रोड्रिग्स को उप कप्तान बनाया

भाषा। मुंबई



**आस्ट्रेलिया की** विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करेंगी जबकि भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स उप कप्तान की जिम्मेदारी उठाएंगी। फ्रेंचाइजी ने गुरूवार को यह घोषणा की। लैनिंग (30 वर्ष) ने हाल में अपनी कप्तानी में आस्ट्रेलियाई महिला टीम को दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी टी20 महिला विश्व कप 2023 में रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाया था जिसमें उन्होंने फाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को हराया था। वहीं जेमिमा ने भारतीय अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी जो सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से हारकर खत्म हुआ था। इस तरह डब्ल्यूपीएल टीमों द्वारा तीसरी आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। यूपी वारियर्स ने एलिसा हीली को कप्तान बनाया है और बेथ मूनी गुजरात जायंट्स की अगुआई के लिए तैयार हैं। डब्ल्यूपीएल चार मार्च शनिवार से शुरू हो रहा है और लैनिंग ने गुरूवार सुबह मुंबई में पहुंचने के बाद यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद कहा, यह मेरे लिए बहुत ही गर्व का क्षण है।

## हम प्रत्येक मैच में अलग अलग विदेशी खिलाड़ियों को खिलाएंगेः आरसीबी कोच

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) महिला टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने स्पष्ट कहा कि शनिवार से शुरू हो रही आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दौरान बड़े खिलाड़ियों को रोटेट किया जाएगा जिसमें एलिस पैरी, मेगान शट, हीथर नाइट और डेन वान निकर्क शामिल हैं। इन चार बड़ी क्रिकेटरों के अलावा आरसीबी ने न्यूजीलैंड की महान खिलाड़ी सोफी डेविने और डब्ल्यूबीबीएल स्टार एरिन बर्न्स को भी लिया है। सॉयर ने स्वीकार किया कि उनके पास मैच में खिलाने के लिए काफी विकल्प हैं। यह पूछने पर उनकी शीर्ष चार विदेशी खिलाड़ी कौन सी होंगी तो न्यूजीलैंड महिला टीम के मौजूदा कोच सॉयर ने सीधे जवाब नहीं दिया। , सभी छह खिलाड़ी एक भूमिका निभाएगी। हम पहले छह दिन में चार मैच खेलेंगे। हम अलग अलग टीमों के खिलाफ अलग अलग खिलाड़ी उतारेंगे और मैं भाग्यशाली हूं कि हमारे पास कई खिलाड़ी मौजूद हैं। सॉयर ने कहा, पूरे टूर्नामेंट में हमसे वही चार खिलाड़ियों को खिलाने की उम्मीद मत रखना। हमारे पास कुछ बेहतरीन प्रतिभाओं वाली खिलाड़ी शामिल हैं।

## सीएसके आईपीएल के लिए शुक्रवार से शहर में लगाएगा तैयारी शिविर

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की चार बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स टूर्नामेंट के आगामी चरण के लिए शुक्रवार से एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में तैयारी शिविर की शुरूआत करेगी। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के शुक्रवार को शहर पहुंचने की उम्मीद है और वह टीम के कई भारतीय सदस्यों क साथ शिविर का हिस्सा होंगे। सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केएस विश्वनाथन ने गुरूवार को कहा, सीएसके कल से ट्रेनिंग शुरू करेगी। धोनी कल पहुंचेंगे। भारतीय टीम के सदस्य शिविर में हिस्सा लेंगे।

## मुझे नहीं लगता कि आईपीएल से स्टोक्स की एशेज में वापसी खतरे में पड़ेगीः मैकुलम



**वेलिंगटन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बेन स्टोक्स की एशेज वापसी खतरे में नहीं पड़ेगी और उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की मेडिकल टीम पर इस प्रमुख ऑलराउंडर की देखभाल करने का भरोसा जताया। बार-बार उभरने वाली बाएं घुटने की चोट से जूझने वाले इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में केवल नौ ओवर गेंदबाजी की। वह यहां दूसरे टेस्ट में अपनी 33 रन की पारी के दौरान भी दर्द में दिखे। इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हार का सामना करना पड़ा। एसपीएनक्रिकइंफो ने मैकुलम के हवाले से कहा, मुझे नहीं लगता कि वह (आईपीएल खेलकर) इसे खतरे में डाल रहे हैं। चेन्नई का ढांचा अपने खिलाड़ियों की देखभाल करने के मामले में उत्कृष्ट है और उनके पास एक बहुत अच्छी चिकित्सा टीम है और उनकी अच्छी देखभाल की जाएगी। उन्होंने कहा, कप्तान मानसिक रूप से काफी मजबूत है और वह जानता है कि बड़े पलों के लिए कैसे सही होना है।

## आरसीबी क्रिकेट प्रतिभाओं को तलाशने के लिए एआई का भी सहारा लेगाः हेसन

**मुंबई।** आरसीबी के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने गुरूवार को कहा कि उनकी महिला टीम के लिए वे देश के कोने कोने से प्रतिभाओं को तलाशने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का सहारा लेंगे। टीम प्रबंधन प्रतिभाशाली प्रतिभाओं की तलाश के लिए स्काउट्स भेजने के अलावा एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का सहारा भी लेगा। हेसन ने महिला प्रीमियर लीग से पहले आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारे पास आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रणाली है और हमें लगता है कि नियमित स्काउट्स भेजने के साथ हमें एआई से भी मदद मिलेगी।

## रबाडा के छह विकेट दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में हराया

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका ने गुरूवार को यहां तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (50 रन देकर छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में तीसरे दिन 87 रन से शिकस्त दी। रबाडा के छह विकेट से वेस्टइंडीज की टीम जीत के लिए 247 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 159 रन पर सिमट गई। उसके लिए ब्लैकवुड की 79 रन की पारी भी काम नहीं आ सकी। इससे दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। तेज गेंदबाजों के मुफीद सेंचुरियन की पिच पर अप्रत्याशित उछाल मिल रहा था। तीसरे दिन 16 विकेट गिरे और दूसरे दिन अंतिम सत्र में 11 विकेट गिरे थे। वेस्टइंडीज के लिए अल्जारी ने पहली पारी और केमार रोच ने दूसरी पारी में पांच पांच विकेट झटके जबकि एनरिक नोर्किया ने पहली पारी और रबाडा ने दूसरी पारी में यह कारनामा किया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 342 रन बनाए और वेस्टइंडीज को पहली पारी में 212 रन पर समेटकर 130 रन की बढ़त ली।

# यूपी ग्रेस जीत के साथ अंतिम आठ में



## हाकीः यूपी ब्लू की भी अगले दौर में एंट्री

**लखनऊ।** मेजबान यूपी ग्रेस ने 33वीं आल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर-14 प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में नीलगिरि हॉकी अकादमी के खिलाफ 4-0 की जीत के साथ क्वर्टरफाइनल में जगह बना ली। केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मोण् शाहिद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में गुरुवार को लीग दौर के मुकाबले पूरे हो गए। इसमें यूपी ब्लू भी अगले दौर में पहुंचने में सफ्ल रही। टूर्नामेंट में शुक्रवार से क्वार्टरफाइनल की शुरुआत होगी। आज खेले गए मुकाबलों में पिछली विजेता फ्लिकर्स ब्रदर्स हरियाणा ने राउंड ग्लास पंजाब को रोमांचक मैच में 3-2 से हुए अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया। वही हार के बावजूद राउंड ग्लास पंजाब भी नॉकआउट में पहुंचने में सफ्ल रही। पिछली उपविजेता यूपी ग्रेस के खिलाड़ियों ने आज भी शानदार खेल दिखाया और पूरे मैच में अपना दबदबा दबाव बनाये रखा। यूपी ग्रेस से खेल के दूसरे मिनट में ही मिले पेनाल्टी कार्नर पर धीरज यादव ने पहला गोल दागा। इसके बाद सुल्तान ने आठवे मिनट में विरोधी के डिफेंस को भेदते हुए दूसरा गोल दाग टीम की बढ़त 2.0 कर दी। मेजबान के लिए जैसन पाल ने तीसरे क्वार्टर के 44वे मिनट में मैदानी गोल दागने के बाद चौथे क्वार्टर में 51वे मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर पर गोल दागा में बदला। अंत में यूपी ग्रेस ने 4.0 की जीत से अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया।

## प्रशांत अवस्थी के कमाल से एनईआर फाइनल में

**लखनऊ।** एनईआर ने मैन ऑफ़ द मैच प्रशांत अवस्थी-3 विकेट नाबाद 38 रनद्व के हरफ़नमौला खेल व दिनेश कुमार -48 की उम्दा पारी से जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के दूसरे सेमीफ इनल में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में नार्थ ईस्टर्न रेलवे की खिताबी टक्कर आरईपीएल क्रूसेडर्स से तीन मार्च को होगी।

## डब्ल्यूटीटी कंटेंडर : मनिका और सुतिर्था राउंड 16 में

**पणजी।** भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और सुतिर्था मुखर्जी ने गुरूवार को यहां अपने से ऊंची रैंकिंग की प्रतिद्वंद्वियों को हराकर विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर चैम्पियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किय। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 20 साल के कोरियाई युवा चो डाएसियोंग के नाम रहा जिन्होंने पुरूष एकल में चीन के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी फान झेनडोंग को हराया। मनिका ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी पुअर्तो रिको की एड्रियाना डायज को 3-1 से शिकस्त दी। भारतीय स्टार ने 11-9, 11-8, 5-11, 11-8 से जीत हासिल की। मौजूदा रैंकिंग में 146वें स्थान पर काबिज सुर्तिथा ने सुबह के सत्र में दुनिया की 18वें नंबर की फ्रांस की जिया नान युआन को 3-0 (11-7,11-8,11-7) से हराया। मनिका का सामना अब चीन की दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी कियान तियानी से होगा जबकि सुतिर्था एक और अनुभवी फु यु से भिड़ेंगी।

# यश धुल का अर्धशतक

## ईरानी ट्रॉफी : शेष भारत ने बनाए 484 रन

भाषा। ग्वालियर



**यश धुल की तेज** अर्धशतकीय पारी से शेष भारत ने गुरूवार को यहां ईरानी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में 484 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके बाद फिट हुए नवदीप सैनी ने अपने तेज तर्रार पहले स्पैल से मध्य प्रदेश के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। सैनी (15 रन देकर दो विकेट) अच्छी लय में दिखे और उन्हें निर्जीव पिच से थोड़ी मदद मिली जिससे उन्होंने मध्य प्रदेश को दो झटके दिए। पर यश दूबे (नाबाद 53 रन) और हर्ष गवली (नाबाद 47 रन) के बीच चौथे विकेट के लिए 97 रन की नाबाद साझेदारी से मध्य प्रदेश की टीम स्टंप तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 112 रन बना चुकी है। ईरानी कप जैसे मैच में राष्ट्रीय चयनकर्ता आमतौर पर सिर्फ संख्या ही नहीं देखते बल्कि विशेष खिलाड़ी को विशेष उद्देश्य के लिए देखते हैं। सैनी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पूरे रणजी सत्र में नहीं खेल पाए थे जिससे उन्हें एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में रिहैब प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। दिन के दूसरे सत्र में उन्हें गेंदबाजी पर लगाया गया और उन्होंने अपनी रफ्तार और मूवमेंट से मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों को परेशान किया। बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार (27 रन देकर एक विकेट) ने शेष भारत को पहला विकेट दिलाया, उनकी कोण लेती गेंद पदार्पण कर रहे अरहम अकील (शून्य) को आउट कर गई। अकील विकेट के पीछे कैच आउट हुए। सैनी ने फिर अपनी गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया। मध्य प्रदेश के कप्तान हिमांशु मंत्री ऐसी ही एक गेंद पर दूसरी स्लिप में धुल को कैच दे बैठे।